हिन्दी आलोचना साहित्य

Course Code: M23HD02DE

Discipline Specific Elective Course
Postgraduate Programme in
Hindi Language and Literature
Self Learning Material

SREENARAYANAGURU OPEN UNIVERSITY

SREENARAYANAGURU OPEN UNIVERSITY

The State University for Education, Training and Research in Blended Format, Kerala

Vision

To increase access of potential learners of all categories to higher education, research and training, and ensure equity through delivery of high quality processes and outcomes fostering inclusive educational empowerment for social advancement.

Mission

To be benchmarked as a model for conservation and dissemination of knowledge and skill on blended and virtual mode in education, training and research for normal, continuing, and adult learners.

Pathway

Access and Quality define Equity.

हिन्दी आलोचना साहित्य

Course Code: M23HD02DE

Semester-III

Discipline Specific Elective Course
MA Hindi Language and Literature
Self Learning Material

(with Model Question Paper Sets)

SREENARAYANAGURU
OPEN UNIVERSITY

SREENARAYANAGURU OPEN UNIVERSITY

The State University for Education, Training and Research in Blended Format, Kerala

उपन्यास एवं कहानी

Course Code: M23HD02DE
Semester- III
Discipline Specific Elective Course
MA Hindi Language and Literature
for PG Programmes

SREENARAYANAGURU
OPEN UNIVERSITY

Academic Committee

Dr. Jayachandran R.
Dr. Pramod Kovvaprath
Dr. P.G. Sasikala
Dr. Jayakrishnan J.
Dr. R. Sethunath
Dr. Vijayakumar B.
Dr. B. Ashok

Development of Content

Dr Majida M.
Dr Shenuja Mol

Review and Edit

Dr. Radhika R.

Linguistics

Dr. Reshma P.P.

Scrutiny

Dr. Sudha T.
Dr. Indu G. Das
Dr. Krishna Preethy A.R.
Christina Sherin Rose K.J.

Design Control

Azeem Babu T.A.

Cover Design

Jobin J.

Co-ordination

Director, MDDC :
Dr. I.G. Shibi
Asst. Director, MDDC :
Dr. Sajeevkumar G.
Coordinator, Development:
Dr. Anfal M.
Coordinator, Distribution:
Dr. Sanitha K.K.

Scan this QR Code for reading the SLM on a digital device.

Edition:
January 2025

Copyright:
© Sreenarayanaguru Open

ISBN 978-81-985080-3-4
9 788198 508034

All rights reserved. No part of this work may be reproduced in any form, by mimeograph or any other means, without permission in writing from Sreenarayanaguru Open University. Printed and published on behalf of Sreenarayanaguru Open University by Registrar, SGOU, Kollam.

www.sgou.ac.m

Visit and Subscribe our Social Media Platforms

MESSAGE FROM VICE CHANCELLOR

Dear learner,

I extend my heartfelt greetings and profound enthusiasm as I warmly welcome you to Sreenarayanaguru Open University. Established in September 2020 as a state-led endeavour to promote higher education through open and distance learning modes, our institution was shaped by the guiding principle that access and quality are the cornerstones of equity. We have firmly resolved to uphold the highest standards of education, setting the benchmark and charting the course.

The courses offered by the Sreenarayanaguru Open University aim to strike a quality balance, ensuring students are equipped for both personal growth and professional excellence. The University embraces the widely acclaimed "blended format," a practical framework that harmoniously integrates Self-Learning Materials, Classroom Counseling, and Virtual modes, fostering a dynamic and enriching experience for both learners and instructors.

The university aims to offer you an engaging and thought-provoking educational journey. Major universities across the country typically employ a format that serves as the foundation for the PG programme in Hindi Language and Literature. Given Hindi's status as a widely spoken language throughout India, its pedagogy necessitates a particular focus on language skills and comprehension. To address this, the University has implemented an integrated curriculum that bridges linguistic and literary elements. The learner's priorities determine the endorsed proportion of these elements. Both the Self Learning Materials and virtual modules are designed to fulfil these requirements.

Rest assured, the university's student support services will be at your disposal throughout your academic journey, readily available to address any concerns or grievances you may encounter. We encourage you to reach out to us freely regarding any matter about your academic programme. It is our sincere wish that you achieve the utmost success.

Regards,
Dr. Jagathy Raj V. P.

01-05-2025

Contents

BLOCK 01 हिन्दी आलोचनाः स्वरूप और विकास..... 02

इकाई 1: हिन्दी आलोचनाः स्वरूप और विकास, आलोचना की परिभाषा, सफल आलोचना के भेद, आलोचक के गुण..... 03

इकाई 2: हिन्दी साहित्य में प्रचलित आलोचना की प्रणालियाँ, सैद्धांतिक आलोचना, स्वच्छंदतावादी आलोचना, मार्क्सवादी आलोचना..... 15

इकाई 3: भारतेन्दु युग की हिन्दी आलोचना - भारतेन्दु हरिश्चंद्र, बालकृष्ण भट्ट..... 22

इकाई 4: द्विवेदी युगीन हिन्दी आलोचना - महावीर प्रसाद द्विवेदी, बालमुकुन्द गुप्त, श्याम सुंदरदास, मिश्रबंधु..... 28

BLOCK 02 आचार्य रामचन्द्र शुक्ल और उनका युग..... 36

इकाई 1: शुक्लजी और उनका युग- आचार्य रामचंद्र शुक्ल, गुलाबराय, बाबू श्यामसुंदरदास, पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी 37

इकाई 2: स्वच्छंदतावादी काव्यालोचना- जयशंकर प्रसाद, सुमित्रानंदन पंत, सूर्यकांत त्रिपाठी निराला, महादेवी वर्मा..... 44

इकाई 3: ऐतिहासिक समीक्षा- हज़ारीप्रसाद द्विवेदी, डॉ रामकुमार वर्मा, शांतिप्रिय द्विवेदी, नंददुलारे वाजपेयी 52

इकाई 4: सैद्धांतिक समीक्षा-गुलाबराय, नयी समीक्षा, यथार्थवाद, बिंबवाद, प्रतीकवाद..... 58

BLOCK 03 मनोविश्लेषणात्मक पद्धति और नगेन्द्र..... 65

इकाई 1: मनोविश्लेषणात्मक पद्धति और नगेन्द्र..... 66

इकाई 2: मार्क्सवादी समालोचना पद्धति रामविलास शर्मा, शिवदान सिंह चोहान..... 74

इकाई 3: हिन्दी में कथा समीक्षा - मोहन राकेश, कमलेश्वर, निर्मल वर्मा, नामवर सिंह, राजेन्द्र यादव, भीष्म साहनी, कृष्णदत्त पालीवाल 81

इकाई 4: नई समीक्षा-मिथक, फंतासी, कल्पना, प्रतीक, बिंब..... 97

BLOCK 04 समकालीन हिन्दी आलोचना..... 105

इकाई 1:आधुनिक साहित्य और नयी कविता के आलोचक-नामवर सिंह, इन्द्रनाथ मदान, मुक्तिबोध..... 106

इकाई 2: बच्चन सिंह, अज्ञेय..... 114

इकाई 3: मलयज, रमेश कुंतल, नेमीचंद्र जैन..... 119

इकाई 4: मैनेजर पांडेय, सुधीश पचौरी..... 126

MODEL QUESTION PAPER SET..... 133

BLOCK 01

हिन्दी आलोचनाः स्वरूप और विकास

Block Content

Unit 1: हिन्दी आलोचनाः स्वरूप और विकास, आलोचना की परिभाषा, सफल आलोचना के भेद, आलोचक के गुण

Unit 2: हिन्दी साहित्य में प्रचलित आलोचना की प्रणालियाँ, सैद्धांतिक आलोचना, स्वच्छंदतावादी आलोचना, मार्क्सवादी आलोचना

Unit 3: भारतेन्दु युग की हिन्दी आलोचना- भारतेन्दु हरिश्चंद्र, बालकृष्ण भट्ट

Unit 4: द्विवेदी युगीन हिन्दी आलोचना - महावीर प्रसाद द्विवेदी, बालमुकुन्द गुप्त, श्याम सुंदरदास, मिश्रबंधु

इकाई 1

हिन्दी आलोचना: स्वरूप और विकास, आलोचना की परिभाषा, सफल आलोचना के भेद, आलोचक के गुण

Learning Outcomes / अध्ययन परिणाम

- हिन्दी आलोचना के स्वरूप को समझता है
- हिन्दी आलोचना के महत्व को समझता है
- आलोचना के विभिन्न परिभाषाओं को जानता है
- हिन्दी आलोचना में प्रचलित प्रणालियों से परिचित होता है

Background / पृष्ठभूमि

अन्य गद्य विधाओं के समान आलोचना साहित्य का भी आरंभ भारतेंदु युग में हुआ है। इस समय प्रकाशित पत्र पत्रिकाओं से आलोचना साहित्य का वास्तविक आरंभ हुआ था। इससे पहले संस्कृत काव्यशास्त्र को आधार बनाकर रीतिकाल में कुछ रीति ग्रन्थ लिखे गए थे। लेकिन हिंदी आलोचना का विकास संस्कृत काव्यशास्त्र की परंपरा से नहीं हुआ बल्कि पाश्चात्य समीक्षा साहित्य से प्रेरणा ग्रहण करके हुआ। भारतेंदु युग में आलोचना केवल निंदा स्तुति तक सीमित रह गई थी। इसके बाद पं.महावीर प्रसाद द्विवेदी के प्रयत्न से हिंदी आलोचना का स्वरूप सुव्यवस्थित बन गया। आचार्य रामचंद्र शुक्ल जी ने हिंदी आलोचना को शास्त्रीय एवं वैज्ञानिक धरातल प्रदान किया।

Keywords / मुख्य बिन्दु

गुण दोष विवेचन, आलोचना शब्द की व्युत्पत्ति, आलोचना का विकास, शुक्ल पूर्व आलोचना, शुक्ल युगीन आलोचना, शुक्लोत्तर युगीन आलोचना, आलोचना की परिभाषा, आलोचना के भेद, आलोचक के गुण

Discussion / चर्चा

1.1.1 हिन्दी आलोचना का स्वरूप

किसी रचना का समग्र रूप से विश्लेषण एवं मूल्यांकन करना आलोचना है। अर्थात आलोचक रचना के किसी एक पक्ष पर ध्यान देने के बजाय रचना के सभी पक्षों को उजागर करता है। प्राचीन काल की आलोचना में केवल गुण दोष विवेचन किया जाता था, लेकिन वर्तमान संदर्भ में आलोचना का क्षेत्र विकसित हो गया है। आज वह केवल गुण दोष विवेचन तक सीमित नहीं रह गया है। आलोचक गुण दोष विवेचन के साथ ही साथ रचना की विशेषताओं एवं उपलब्धियों पर विचार करता है, उसके अभावों का मूल्यांकन करता है, तत्कालीन अन्य रचनाओं से उसकी तुलना करता है और प्रत्येक काल विशेष में रचित रचनाओं में उसका स्तर निर्धारित करने का काम भी करता है। साथ ही रचना की बारीकियों को पाठकों के सामने उद्घाटित करता है, रचना की उत्कृष्टता या दोष पर निर्णय प्रकट करता है, पाठक और रचना के बीच की दूरी को कम करता है तथा सभी सूक्ष्म तंतुओं से उसे परिचित कराता है। इसलिए हम कह सकते हैं कि आलोचना रचनाकार और पाठक के बीच की कड़ी है। पाठक रचना से अधिक आलोचना को पढ़कर आस्वादन कर पाता है। इसलिए आलोचक को पाठक और रचयिता के बीच की सेतु मान सकते हैं। भक्तिकाल के उदय की व्याख्या को लेकर साहित्येतिहासकारों में मत वैभिन्न देखा जाता है।

▶ किसी रचना का गुण दोष विवेचन करना आलोचना है।

1.1.2 'आलोचना' शब्द की व्युत्पत्ति

'आलोचना' शब्द 'लुच' धातु से बना है जिसका अर्थ है 'देखना'। लुचधातु से बने 'लोचन' के साथ 'आ' प्रत्यय जोड़ने पर 'आलोचना' शब्द बना जिसका अर्थ है 'वस्तु या पदार्थ को चारों ओर से समग्र रूप से देखना'। 'आलोचना' के लिए अंग्रेजी में 'क्रिटिसिज्म' शब्द का प्रयोग होता है। Criticism शब्द की व्युत्पत्ति ग्रीक भाषा के शब्द Kritikos से बना है जिसका अर्थ है 'विवेचन करना या निर्णय लेना'। आलोचना के लिए हिन्दी में 'समालोचना' और 'समीक्षा' शब्दों का भी प्रयोग होता है। 'समालोचना' शब्द का अर्थ है 'संयक रूप से देखना, जानना और परखना'। अर्थात साहित्यिक कृति का निष्पक्ष होकर व्याख्या और मूल्यांकन करना समालोचना है। 'समीक्षा' शब्द का अर्थ है सम दृष्टि से देखना। अर्थात किसी भी प्रकार के भेदभाव के बिना देखना और विवेचन करना 'समीक्षा' है। इस प्रकार आलोचना, समालोचना, और समीक्षा इन तीनों शब्दों की व्याख्या करें तो इनका अर्थ एक जैसा ही निकलता है। लेकिन गहराई से देखने पर इन तीनों में अंतर है। साहित्य के क्षेत्र में कृति को निष्पक्ष दृष्टि से उसके गुण-दोषों को उजागर करना, स्वतंत्र रूप से अपना अभिमत व्यक्त कर पाठकों के समक्ष कृति को रखना ही आलोचना, समालोचना या समीक्षा है।

▶ आलोचना के लिए हिन्दी में 'समालोचना' और 'समीक्षा' शब्दों का भी प्रयोग होता है।

1.1.3 आलोचना का विकास

- संस्कृत साहित्य में आलोचना का मुख्य उद्देश्य काव्य की गुणवत्ता का निर्धारण करना था।

आधुनिक हिंदी साहित्य की विभिन्न विधाओं की तरह आलोचना का आरंभ भी भारतेंदु युग में ही हुआ है। इससे पहले आलोचना का स्वरूप संस्कृत काव्यशास्त्र में मिलता था। संस्कृत में आलोचना के लिए टीका, व्याख्या, काव्य-सिद्धान्तनिरूपण, भाष्य आदि शब्दों का प्रयोग किया जाता था। इस काल में आलोचना का मुख्य उद्देश्य काव्य की गुणवत्ता का निर्धारण करना था। इससे आधुनिक आलोचना विधा के बीज अंकुरित हुए जो आगे चलकर भारतेंदु युग में आलोचना के रूप में विकसित हुआ। आज हिंदी आलोचना का स्वरूप काफी विकसित हो चुका है।

- सूरदास की 'साहित्य लहरी' और नंददास की 'रसमंजरी' संस्कृत साहित्य को आधार बनाकर लिखित आलोचनाएँ हैं।

भक्तिकाल में भी आलोचना केवल काव्यगत गुण-दोषों तक ही सीमित थी। तत्कालीन आलोचना टीकाओ के रूप में मिलता है। जैसे 'मानस' की विविध टीकाएँ, कृष्ण साहित्य की पद्यानुबद्ध विवरणात्मक आलोचनाएँ आदि। सूरदास की 'साहित्य लहरी' और नंददास की 'रसमंजरी' संस्कृत साहित्यग्रंथों को आधार बनाकर लिखित आलोचनाएँ हैं। लेकिन इसमें नायिका भेद के स्थान पर कृष्ण-प्रेम ही व्यक्त होता है। नाभादास के 'भक्तकाल' में समीक्षात्मक कथन मिलते हैं। लेकिन इसका प्रमुख उद्देश्य भक्त कवियों के चरित्रों को व्यक्त करना है।

- रीतिकाल में 'बिहारी सतसई' की टीकाओं, कुलपति मिश्र, श्रीपति, चिंतामणी और सोमनाथ द्वारा लिखी गई वचनिका-वार्ता, तिलक आदि में आलोचना का रूप मिलता है।

रीतिकाल में लक्षण-ग्रन्थों के रूप में रस, अलंकार, छंद, नायक-नायिका भेद आदि में समालोचना का रूप मिलता है। संस्कृत से चली आई साहित्यशास्त्र की परंपरा रीतिकालीन कवियों के लिए प्रेरणास्रोत बनी। रीतिकालीन आचार्यों ने साहित्यशास्त्र की रचना भी की और उसका पालन भी किया। केशव, चिंतामणि, मतिराम, देव, बिहारी आदि ने अलंकार और रस को प्रमुखता दी। 'बिहारी सतसई' की टीकाओं, कुलपति मिश्र, श्रीपति, चिंतामणी और सोमनाथ द्वारा लिखी गई वचनिका-वार्ता, तिलक आदि में आलोचना का रूप देखने को मिलता है। हिंदी में वार्ता-ग्रंथों, भक्तमालों और उनके टीका-ग्रंथों के रूप में आलोचना की जो प्राचीन परंपरा मिलती है। रीतिकाल में केशवदास की 'कविप्रिया' और 'रसिकप्रिया' में काव्यशास्त्र प्रणाली को आधार बनाया है। फिर भी इनमें सूक्ष्म आलोचना का अभाव मिलता है। आलोचना का वास्तविक विकास आधुनिक काल में विभिन्न साहित्यिक आंदोलनों के सूत्रपात और विकास के साथ हुआ है।

आधुनिक हिंदी आलोचना के विकास को तीन कालों में बाँटा जा सकता है-

1. शुक्ल पूर्व आलोचना
2. शुक्ल युगीन आलोचना
3. शुक्लोत्तर आलोचना

1.1.3.1 शुक्ल पूर्व आलोचना

शुक्ल पूर्व आलोचना को भारतेंदु युग और द्विवेदी युग में बाँटा जा सकता है।

1.1.3.1.1 भारतेंदु युगीन आलोचना

▶ 'कविवचन सुधा', 'हरिश्चन्द्र मैगज़ीन', 'हिन्दी प्रदीप', 'भारत मित्र', 'ब्रह्मण', 'आनंद कादम्बिनी' आदि पत्रिकाओं में समीक्षाएँ प्रकाशित होती थी।

हिंदी साहित्य में आलोचना का आरंभ भारतेंदु हरिश्चंद्र (सन् 1850-85) से माना जाता है। इसी समय की पत्र-पत्रिकाओं के माध्यम से अन्य गद्य विधाओं के साथ हिंदी आलोचना के नए और आधुनिक रूप का जन्म हुआ। इस काल की आलोचना पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित लेखों, टिप्पणियों और निबंधों से विकसित हुई है। भारतेंदु द्वारा सम्पादित 'कविवचन सुधा' और 'हरिश्चन्द्र मैगज़ीन' में समीक्षा के स्तम्भों में पुस्तकों की समीक्षाएँ प्रकाशित होती रहती थीं। 'हिन्दी प्रदीप', 'भारत मित्र', 'ब्रह्मण', 'आनंद कादम्बिनी' आदि में भी पुस्तकों की समीक्षाएँ प्रकाशित होती थी जिससे इस विधा को गति मिली। यद्यपि आरंभ में ये समीक्षाएँ परिचयात्मक एवं साधारण कोटि की थीं तो भी धीरे-धीरे उनमें परिष्कार आ गया।

▶ भारतेंदु को आधुनिक हिंदी साहित्य का प्रथम आलोचक मानते हैं।

भारतेंदु युग की प्रमुख साहित्यिक विधा नाटक थी और आलोचना का प्रारंभ भी नाटक की विवेचना से हुई। भारतेंदु ने अपने 'नाटक' नामक लेख में नाटक पर विचार करते समय उसकी प्रकृति, समसामयिक जीवन रुचि, स्वाभाविकता, यथार्थता और प्राचीन नाट्यशास्त्र की उपयोगिता तथा नए नाटकों की आवश्यकता का जो विवेचन किया, उसे हिंदी आलोचना का प्रथम उन्मेष मानना चाहिए। इसलिए भारतेंदु को हिंदी साहित्य का प्रथम आलोचक माना जा सकता है। भारतेंदु के कार्य को बद्री नारायण चौधरी 'प्रेमघन'और बालकृष्ण भट्ट ने आगे बढाया।

1.1.3.1.2 द्विवेदी युगीन आलोचना

▶ द्विवेदी युग में 'सरस्वती', 'माधुरी', 'वीणा', 'विशाल भारत', 'साहित्य समालोचक', 'मर्यादा' आदि पत्रिकाओं में समीक्षाएँ प्रकाशित होती थी।

हिंदी आलोचना के विकास में आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी का योगदान सराहनीय है। उन्हीं का अनुकरण करते हुए द्विवेदी युग के अन्य लेखक भी आलोचना की ओर अग्रसर हुए। द्विवेदी युगीन हिंदी आलोचना में धीरे-धीरे अधिक तर्क शक्ति, विचार क्षमता और विवेचना शक्ति आ गई। भारतीय और पाश्चात्य साहित्य सिद्धांतों के अध्ययन और चिंतन के फलस्वरूप उनकी आलोचना दृष्टि वैज्ञानिक होने लगी। दिवेदी युग में हिंदी आलोचना की कई महत्वपूर्ण पद्धतियाँ विकसित हुई। इस युग में 'सरस्वती' के अतिरिक्त 'माधुरी', 'वीणा', 'विशाल भारत', 'साहित्य समालोचक', 'मर्यादा' आदि पत्रिकाओं ने आलोचना के विकास में पर्याप्त योगदान दिया। द्विवेदी युग के अन्य प्रमुख आलोचक थे - मिश्र बंधु, पं. पद्म सिंह शर्मा 'पं. कृष्ण बिहारी मिश्र आदि। इन सारे आलोचकों के प्रयास से हिन्दी आलोचना का काफ़ी विकास हुआ।

1.1.3.2 शुक्ल युगीन आलोचना

▶ हिंदी साहित्य का इतिहास' और 'चिंतामणि' शुक्ल जी के प्रमुख आलोचनात्मक ग्रंथ हैं।

हिंदी आलोचना को आलोचना शास्त्र के रूप में व्यवस्थित और समृद्ध करने का श्रेय आचार्य रामचंद्र शुक्ल को है। आचार्य शुक्ल ने सैद्धांतिक आलोचना को भारतीय साहित्य चिंतन परम्परा और पाश्चात्य साहित्य परम्परा के समन्वय से समृद्ध किया। उन्होंने 'हिंदी साहित्य का इतिहास' और 'चिंतामणि' के निबंधों के साथ ही सूरदास, जायसी और तुलसीदास के काव्य की व्यवस्थित मूल्यांकन की। शुक्लजी ने उपन्यासों और कहानियों पर भी विचार किया। उन्होंने अपने समकालीन लेखकों से सामाजिक-राष्ट्रीय जीवन का चित्रण करने का आग्रह किया। उनके सहवर्ती आलोचकों में विश्वनाथ प्रसाद मिश्र, कृष्ण शंकर शुक्ल, बाबू गुलाब राय, पदुमलाल पुन्नालाल बक्शी, आचार्य चन्द्रबली पाण्डेय आदि प्रमुख है।

1.1.3.3 शुक्लोत्तर युगीन आलोचना

शुक्लोत्तर आलोचना विविध पद्धतियों और अलग-अलग दिशाओं में अग्रसर हुए। अब तक चली आ रही आलोचनात्मक पद्धतियों से हटकर मार्क्सवादी आलोचना, दार्शनिक और मनोवैज्ञानिक आलोचना, शैलीवैज्ञानिक आलोचना और नई आलोचना जैसी नवीन पद्धतियों का विकास हुआ। अब आलोचना केवल कविता-केंद्रित आलोचना न रहकर उपन्यास, कहानी, नाटक, रंगमंच, निबंध, रेखाचित्र आदि सभी गद्य विधाओं को साथ लेकर बढ़ने व पनपने लगी। इस काल में आलोचना को आगे ले जाने का चुनौतीपूर्ण कार्य नन्ददुलारे वाजपेयी, हज़ारी प्रसाद द्विवेदी और डॉ नगेन्द्र ने की। इन तीनों के अलावा डॉ देवराज और अज्ञेय भी इस समय के प्रमुख आलोचक थे। इस प्रकार विभिन्न विचारधाराओं एवं पद्धतियों को अपनाते हुए हिन्दी आलोचना आगे बढ़ती जा रही है।

▶ नन्ददुलारे वाजपेयी, हज़ारी प्रसाद द्विवेदी और डॉ. नगेन्द्र शुक्लोत्तर युग के प्रमुख आलोचक थे

1.1.4 आलोचना की परिभाषा

अनेक विद्वानों ने 'आलोचना' को परिभाषित करने का प्रयास किया है। उनमें कुछ निम्नलिखित है-

▶ भारतीय विद्वानों के अनुसार दिया गया परिभाषा

आचार्य रामचंद्र शुक्ल के अनुसार- 'साहित्य जीवन की व्याख्या है और आलोचना साहित्य की व्याख्या है।'

डॉ. श्याम सुंदर दास के अनुसार- 'साहित्य क्षेत्र में ग्रंथ को पढ़कर उसके गुणों और दोषों का विवेचन करना और उस संबंध में अपना मत प्रकट करना आलोचना है।'

डॉ. श्याम सुंदर दास की और एक परिभाषा यों है- 'साहित्य को यदि हम जीवन की व्याख्या मानें तो आलोचना को उस व्याख्या की व्याख्या मानना पड़ेगा।'

बाबू गुलाबराय के शब्दों में- 'साहित्य और साहित्यकार के रहस्य को उद्घाटित करना आलोचना है।'

आचार्य नंददुलारे वाजपेयी के अनुसार-'सत्य, शिवं, सुंदरम का समुचित अन्वेषण, पृथक्करण और अभिव्यंजना ही आलोचना है।'

डॉ. भगीरथ मिश्र के अनुसार- 'आलोचक का कार्य कवि और उसकी कृति का यथार्थ मूल्य प्रकट करना है।'

भारतीय विद्वानों के अलावा पाश्चात्य आलोचकों ने भी आलोचना को परिभाषित किया है-

Encyclopaedia Britannica – "Criticism is the art of judging the qualities and values of an aesthetic object whether in literature or the fine arts."

इन्साइक्लोपीडिया ब्रिटेनिका के अनुसार- 'आलोचना का अर्थ वस्तुओं के गुण-दोषों

की परख करना, चाहे वह परख साहित्यिक क्षेत्र की हो अथवा ललित कला के क्षेत्र की।'

आई.ए रिचर्डस ने मूल्य निर्धारण को आलोचना की प्रमुख विशेषता मानते हुए कहा- "Criticism evaluates literary experiences after judicious analysis."

अर्थात 'आलोचना साहित्यिक अनुभूतियों के विवेकपूर्ण विवेचन के उपरांत उसका मूल्यांकन करती है।'

मैथ्यू आर्नल्ड ने आलोचना का मुख्य गुण 'तटस्थता' के आधार पर आलोचना को परिभाषित करते हुए कहा है- "The quality of real criticism is that it should display intellectual ability with complete impartiality."

अर्थात 'वास्तविक आलोचना में यह गुण रहा करता है कि उसमें समग्र निष्पक्षता से बौद्धिक सामर्थ्य का प्रदर्शन किया जाए।'

टी.एस. इलियट के अनुसार- 'आलोचना का उद्देश्य किसी वस्तु के मूल्य का निर्णय करना है।'

▶ पाश्चात्य आलोचकों के द्वारा दिया गया परिभाषा

मिडिल्टन मरे के शब्दों में- 'कला जीवन की सजगता है तथा आलोचना कला की सजगता है।'

एडिसन ने कहा है 'समालोचक का धर्म कलाकारों का दोष निकालना नहीं है, बल्कि उनका कर्तव्य है उनकी कृति का सौंदर्योद्घाटन करना।'

ड्राइडन के अनुसार' आलोचना वह कसौटी है जिसकी सहायता से किसी रचना का मूल्यांकन किया जाता है। वह उन विशेषताओं का लेखा प्रस्तुत करती है जो साधारण तथा किसी सभ्रांत पाठक को आनंद प्रदान कर सकें।'

▶ आलोचना के माध्यम से किसी कृति का मूल्यांकन कर सकते हैं

इन परिभाषाओं की ओर दृष्टिपात करने पर कह सकते हैं कि आलोचना के माध्यम से किसी कृति का मूल्यांकन कर सकते हैं तथा उस पर निर्णय प्रदान कर सकते हैं। किसी साहित्यिक कृति को पढ़कर हमारे मन में उस कृति के प्रति क्या विचार उत्पन्न होता है उसका प्रस्फुटन आलोचना के माध्यम से होता है। आलोचक न केवल उस कृति के गुण दोषों का विवेचन करता है बल्कि उसकी विशेषताओं की ओर हमारा ध्यान आकर्षित करता है। आलोचना एक ऐसा माध्यम है जो साहित्य और पाठक के संबंध को सामान्य भावभूमि पर प्रतिष्ठित करता है तथा साहित्य को समझने का मार्ग प्रदर्शित करता है।

1.1.5 आलोचना के भेद

1.1.5.1 शास्त्रीय आलोचना (Classical Criticism)

इस आलोचना के अंतर्गत आलोचक काव्य शास्त्र के नियमों को आधार

▶ शास्त्रीय आलोचना में काव्यशास्त्र के सिद्धान्तों की कसौटी पर कृति की आलोचना करता है।

बनाकर आलोचना करता है। अर्थात प्राचीन आचार्यों द्वारा निर्धारित किए गए शास्त्रीय लक्षणों के आधार पर कृति की आलोचना करता है। आलोचना की इस प्रणाली में आलोचक न तो व्याख्या करता है और न ही अपने मन पर पड़े प्रभावों को प्रस्तुत करता है। वह व्यक्तिगत रुचि को कृति के मूल्यांकन का आधार नहीं बनाता, अपितु काव्यशास्त्र के सिद्धान्त की कसौटी पर किसी कृति की जांच परख करता है।

1.1.5.2 निर्णयात्मक आलोचना (Judgmental Criticism)

▶ आलोचना के क्षेत्र में निर्णयात्मक आलोचना का महत्त्व कम है।

इस आलोचना पद्धति में आलोचक निष्पक्ष भाव से आलोच्य कृति के विषय में अपना निर्णय देता है। वह कभी शास्त्रीय सिद्धान्तों को आधार बनाता है तो कभी व्यक्तिगत रुचि को। इसके अंतर्गत आलोचक कृति का महान- लघु, सुन्दर-असुन्दर, उत्तम-मध्यम-अधम सामान्य आदि श्रेणियों में विभाजन करता है। इसे नैतिक आलोचना माना जाता है क्योंकि यह न्यायाधीश की तरह साहित्यक कृतियों पर निर्णय देता है। इसलिए आलोचना के क्षेत्र में निर्णयात्मक आलोचना का महत्त्व कम है।

▶ आलोचक न्यायाधीश की भांति अपना निर्णय सुनाता है

कुछ विद्वानों ने इस आलोचना पद्धति का खण्डन किया है। उनका तर्क है कि आलोचक का कार्य कृति की व्याख्या कर उसके सौन्दर्य का उद्घाटन करना है जिससे सामान्य पाठकों को उस कृति का अध्ययन करने में सहायता मिल सके, न कि न्यायाधीश की भांति निर्णय करना। हिन्दी में आचार्य महावीरप्रसाद द्विवेदी की आलोचना निर्णयात्मक आलोचना कही जाती है। बाबू गुलाबराय ने कहा है कि यदि निर्णय शास्त्रीय सिद्धान्तों के आधार पर किया गया हो तो उचित है, अन्यथा व्यक्तिगत रुचि-अरुचि के आधार पर किया गया निर्णय युक्ति-संगत नहीं हो सकता।

1.1.5.3 तुलनात्मक आलोचना (Comparative Criticism)

▶ हिंदी के पहले तुलनात्मक आलोचक है- पद्म सिंह शर्मा

तुलनात्मक आलोचना में काव्य प्रवृत्तियों, विभिन्न युगों के कवियों एवं विभिन्न भाषा के कवियों की तुलना की जाती है। इसका प्रारंभ उन्नीसवीं शताब्दी में हुआ था। इसमें आलोचक की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण होत्ती है। शास्त्रीय आलोचना में आलोचक तट स्थ रहता है जबकि तुलनात्मक आलोचना में आलोचक आलोच्य रचनाओं से अपने मन पर पड़े प्रभाव को भी अभिव्यक्त करता है। हिंदी के पहले तुलनात्मक आलोचनाकार के रूप में पद्म सिंह शर्मा को मानते हैं। उन्होंने बिहारी की तुलना पूर्ववर्ती रचनाकारों से करके उस पर लगे अश्लीलता के आरोप को मिटाने का प्रयास किया।

1.1.5.4 सैद्धांतिक आलोचना (Speculative Criticism)

▶ सैद्धान्तिक आलोचना के उदाहरण

इसमें साहित्य रचना से संबंधित आधारभूत सिद्धांतों का निर्माण किया जाता है। अर्थात एक ही प्रकार के बहुत सी कृतियों को आधार बना कर कुछ सिद्धान्त निश्चित कर लिए जाते हैं। रीति ग्रन्थ या लक्षण ग्रन्थ सैद्धान्तिक आलोचना के ग्रन्थ हैं। आलोचक अपनी प्रतिभा के आधार पर तथा प्राचीन पद्धति ग्रन्थों के आधार पर काव्य रचना सम्बन्धी मूलभूत सिद्धान्तों का निर्माण करता है और उसी के आधार पर किसी कृति की आलोचना करता है।

▶ आधुनिक काल के सैद्धान्तिक आलोचनात्मक ग्रंथ

सैद्धान्तिक आलोचना एक प्रकार से शास्त्रीय है। सिद्धान्त निर्माण करने वाले आलोचक को परम्परा से प्राप्त सिद्धान्तों के साथ नवीन सिद्धान्तों का निर्माण करना चाहिए। संस्कृत में सैद्धान्तिक आलोचना पर्याप्त विकसित थी। भरतमुनि का 'नाट्यशास्त्र', मम्मट का 'काव्यप्रकाश', विश्वनाथ का 'साहित्य-दर्पण', आनन्दवर्द्धन का 'ध्वन्यालोक' आदि ऐसे ग्रन्थ हैं। हिन्दी में आचार्य शुक्ल का 'रस मीमांसा', डॉ. नगेन्द्र का 'रस सिद्धान्त', बाबू गुलाबराय का 'काव्य के रूप', भगीरथ मिश्र का 'भारतीय काव्यशास्त्र' आदि सैद्धान्तिक आलोचना के प्रमुख ग्रन्थ माने जा सकते हैं।

1.1.5.5 प्रभाववादी आलोचना (Impressionistic criticism)

▶ प्रभाववादी आलोचना को आत्मप्रधान आलोचना भी कहते हैं।

इस आलोचना पद्धति में आलोचक रचना के अध्ययन से अपने मन पर पड़े प्रभाव को व्यक्त करता है, कृति का विश्लेषण या विवेचन नहीं करता। इसलिए इसे आत्मप्रधान आलोचना भी कहते हैं। प्रभाववादी आलोचना का सबसे बड़ा दोष यह है कि प्रत्येक व्यक्ति अपनी रुचि-भिन्नता के कारण एक ही रचना के बारे में अलग-अलग राय व्यक्त करता है। इसलिए आलोचना में प्रामाणिकता नहीं रहती। ऐसा लगता है कि आलोचक अपनी रुचि को पाठकों पर थोपने का प्रयास करते है।

▶ प्रभाववादी आलोचना में आलोचक अपने मन पर पड़े प्रभाव को ही व्यक्त करता है।

प्रभाववादी आलोचना तभी उपादेय बन सकती है जब उस पर कुछ नियन्त्रण लगा दें। व्यक्तिगत रुचि के आधार पर किसी कृति की निन्दा अथवा प्रशंसा से बचते हुए रचना के मार्मिक और प्रभावशाली पक्ष का उद्घाटन करना ही सच्ची प्रभाववादी आलोचना है। हिन्दी में श्री शान्तिप्रिय द्विवेदी प्रभाववादी आलोचक हैं।

1.1.5.6 ऐतिहासिक आलोचना (Historical Criticism)

▶ ऐतिहासिक आलोचना में लेखक युगीन परिस्थितियों के परिप्रेक्ष्य में रचना की समीक्षा करता है।

ऐतिहासिक आलोचना के अंतर्गत लेखक की युगीन परिस्थितियों, आंदोलनों और प्रवृत्तियों को विश्लेषित कर उनके आलोक में कृति का आकलन करता है। आधुनिक युग में ऐतिहासिक आलोचना का पर्याप्त विकास हुआ है। समालोचना की इस पद्धति ने समीक्षा को एक नई दिशा दी है। अन्य प्रणालियों के आलोचक भी किसी-न-किसी रूप में ऐतिहासिक आलोचना का आधार ग्रहण करने लगे हैं। हिन्दी साहित्य के इतिहास ग्रन्थों की रचना इसी प्रणाली पर की गई है। इस आलोचना पद्धति में यह त्रुटि रहती है कि इसमें युगीन परिस्थितियों के विश्लेषण को इतना अधिक विस्तार मिल जाता है कि कवि और उसकी कृतियों की उपेक्षा हो जाती है।

1.1.5.7 मनोवैज्ञानिक आलोचना (Psychological Criticism)

▶ मनोवैज्ञानिक आलोचना में मन के सन्दर्भ में कृति का विश्लेषण करता है।

मनोवैज्ञानिक आलोचना साहित्य को सामाजिक कार्य के स्थान पर वैयक्तिक कर्म मानती है और मन के सन्दर्भ में ही कृति का विश्लेषण करता है। इसके अनुसार किसी भी साहित्यिक रचना की परख करने से पूर्व रचनाकार की मानसिक स्थिति का अध्ययन करना अनिवार्य है। मनोवैज्ञानिक आलोचक की सफलता रचनाकार की मानसिक प्रक्रिया का अध्ययन करते हुए सही मूल्यांकन करने पर निर्भर है। इस

प्रकार की आलोचना बीसवीं शताब्दी की देन है और आजकल हिंदी में मनोवैज्ञानिक आलोचना ज्यादा मात्रा में की जाती है।

1.1.6 आलोचक के गुण

आलोचक का दायित्व काव्यास्वादन में पाठक की सहायता करना, कृति के गुण दोषों का विवेचन करना आदि होता है। विवेक पूर्ण आलोचक ही पाठकों का सहज पथ प्रदर्शन करता है। सफल आलोचक बनने के लिए आलोचक में कुछ गुणों का होना अत्यंत आवश्यक है। वे निम्नलिखित हैं।

1.1.6.1 विस्तृत ज्ञान

- आलोचक को विषय का विस्तृत ज्ञान होना चाहिए

आलोचक को विषय का व्यापक, गंभीर एवं सूक्ष्म ज्ञान होना चाहिए ताकि वह पाठकों को विषय के मर्म से परिचित करा सके। उसे काव्यशास्त्र, सौंदर्य शास्त्र, दर्शन, मनोविज्ञान, इतिहास आदि की जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है। इन सभी के ज्ञान से वह रचना का संयक ज्ञान हासिल करके उसकी आलोचना कर सकते हैं। इसके अभाव में रचना में वर्णित ऐसे प्रसंगों के वर्णन में वह असफल हो जाएगा।

1.1.6.2 निष्पक्षता

- आलोचक को निष्पक्ष एवं तटस्थ होना चाहिए

आलोचक की सफलता उसकी निष्पक्षता एवं तटस्थता पर निर्भर करता है। उसे सभी प्रकार के पूर्वाग्रहों से मुक्त होकर कृति की समीक्षा करनी चाहिए। अनावश्यक निंदा एवं स्तुति उसकी असफलता का प्रमाण है। उसे वैचारिक संकीर्णताओं से मुक्त होकर न्यायाधीश के समान कृति का नीर क्षीर विवेचन करना चाहिए। इसके लिए उसका उन्नत चरित्रवान होना अत्यंत आवश्यक है।

1.1.6.3 सहज प्रतिभा

- आलोचक को सहज प्रतिभावान होना चाहिए

सहज प्रतिभा के अभाव में आलोचक अपने कार्य में सफल नहीं हो पता। उसका सहज प्रतिभा से युक्त होना एवं काव्य एवं शस्त्र का ज्ञानी होना अत्यंत आवश्यक है। सहज प्रतिभा आलोचक को रचना का विवेचन सतर्कता एवं प्रभावशाली ढंग से करने में सहायक सिद्ध होता है।

1.1.6.4 सहृदयता

- सहृदयता कुशल समीक्षक के लिए सबसे आवश्यक गुण है

सहृदयता कुशल समीक्षक के लिए सबसे आवश्यक गुण है। आलोचक में कृतिकार व उसकी कृति के प्रति पूर्वाग्रह का अभाव होना चाहिए। द्वेष, ईर्ष्या आदि से रहित होकर कृति में व्याप्त गुणों को स्वीकार करने की शक्ति आलोचक में होना चाहिए। कवि की अंतरात्मा के साथ तादात्म स्थापित करने की संवेदना आलोचक का मुख्य गुण है। मुक्त हदय से काव्यकृति का रसास्वादन करते हुए उसकी आलोचना करने वाले आलोचक ही सफल आलोचक कहलाने योग्य है।

1.1.6.5 सामाजिक दायित्व

- आलोचक पुस्तकों से पाठकों को परिचित कराने का सामाजिक कार्य करता है

समाज के प्रति आलोचक का एक दायित्व है। पुस्तकों से पाठकों को परिचित कराना एक सामाजिक कार्य है। पुस्तकों को पढ़ने की प्रवृत्ति किसी समाज के सभ्य और सुसंस्कृत होने की निशानी है। इसलिए पुस्तक समीक्षा करनेवाले लेखक का दायित्व महत्वपूर्ण है। पुस्तकों का चयन करने से लेकर समीक्षा पूर्ण करने तक उसे अपने कार्य के इस सामाजिक पहलू को ध्यान में रखना चाहिए। उसे यह विचार करना चाहिए कि समाज की उन्नति के लिए किस तरह की पुस्तकों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

Summarised Overview / संक्षिप्त अवलोकन

हिंदी साहित्य की विभिन्न विधाओं की तरह आलोचना का विकास भी आधुनिक काल में हुआ। आधुनिक काल से पहले आलोचना का स्वरूप प्रमुखतः संस्कृत काव्यशास्त्र की पुनरावृति हुआ करती थी। लेकिन आज हिंदी आलोचना का जो स्वरूप है वह आधुनिक काल की देन। हिंदी आलोचना संस्कृत के काव्यशास्त्रीय चिंतन की पृष्ठभूमि को स्वीकार करते हुए नवीन सृजन, नवीन विचारधारा और नवीन सामाजिक सरोकारों से युक्त होकर चलती है। आरंभिक हिन्दी आलोचना केवल काव्यगत गुण-दोषों तक ही सीमित थी। बाद में अनेक आलोचना पद्धतियों का विकास हुआ और यह विधा इतनी समर्थ और सशक्त हुई कि रचना के समान उसे प्रतिष्ठा मिलने लगी। अनेक आलोचकों की उत्कृष्ट आलोचनाओं ने यह प्रमाणित किया कि आलोचना रचना की अनुवर्ती नहीं, बल्कि एक स्वतंत्र विधा है।

Assignment / प्रदत्त कार्य

1. हिन्दी आलोचना साहित्य की विकास यात्रा का परिचय दीजिए।
2. आलोचक में किन किन गुणों का होना आवश्यक माना गया है?
3. आलोचना के स्वरूप का परिचय देते हुए उसकी विभिन्न परिभाषाएँ लिखिए।
4. आलोचना के भेदों का परिचय दीजिए।
5. आलोचना की विकास यात्रा का परिचय दीजिए।

Reference / संदर्भ ग्रंथ

1. उत्तर आधुनिक साहित्यिक विमर्श - डॉ. सुधीश पचौरी
2. हिंदी आलोचना का विकास - नेदकिशोर नौसैनिक

3. हिन्दी समीक्षा स्रोत एवं सुधार - सत्यदेव मिश्र
4. हिन्दी आलोचना - विश्वनाथ त्रिपाठी
5. काव्यशास्त्र - डॉ. भागीरथ मिश्रा

Web Reference / अंतर्जाल संदर्भ

1. हिन्दी आलोचना एवं समकालीन विमर्श/द्विवेदी युगीन हिंदी आलोचना - विकिपुस्तक (wikibooks.org)
2. Hindi alochna ka vikas | Hindi alochna ka udbhav aur vikas | hindi aalochna | teachereducation360 | - YouTube
3. https://youtu.be/Ae_uPbUGD7w?si=XBpx9RMdAPjyfS5-
4. https://youtu.be/0QxZ9bz9eqE?si=lsfj3YmzbxpycTHi

Suggested Reading / निर्धारित पुस्तक

1. हिंदी साहित्य का इतिहास - डॉ. नगेंद्र : डॉ. हरदयाल
2. हिंदी साहित्य युग और प्रवृत्तियाँ - शिवकुमार शर्मा
3. हिंदी साहित्य का दूसरा इतिहास- बच्चन सिंह
4. हिन्दी आलोचना - कशिश गोयल

Space for Learner Engagement for Objective Questions

Learners are encouraged to develop objective questions based on the content in the paragraph as a sign of their comprehension of the content. The Learners may reflect on the recap bullets and relate their understanding with the narrative in order to frame objective questions from the given text. The University expects that 1 - 2 questions are developed for each paragraph. The space given below can be used for listing the questions.

SGOU

इकाई 2

हिन्दी साहित्य में प्रचलित आलोचना की प्रणालियाँ, सैद्धांतिक आलोचना, स्वच्छंदतावादी आलोचना, मार्क्सवादी आलोचना

Learning Outcomes / अध्ययन परिणाम

- आलोचना की प्रणालियों को समझता है
- सैद्धांतिक आलोचना से परिचित होता है
- स्वच्छन्दतावादी आलोचना को जानता है
- मार्क्सवादी आलोचना से अवगण होता है

Background / पृष्ठभूमि

हिंदी आलोचना साहित्य का आरंभ भारतेंदु युग में हुआ था। इस काल की आलोचना मुख्यतः पत्र पत्रिकाओं में प्रकाशित पुस्तक समीक्षा के रूप में थी। भारतेंदु और उनके समकालीन लेखकों के प्रयास से हिंदी आलोचना का सूत्रपात हो गया तो द्विवेदी युग में इसका व्यापक विकास एवं उत्कर्ष होने लगा। पंडित महावीर प्रसाद द्विवेदी और उनके समकालीन लेखकों ने हिंदी आलोचना को सही रास्ते की पहचान कराई। इस समय तुलनात्मक साहित्य का आरंभ हो गया। अनेक सैद्धांतिक आलोचनात्मक ग्रंथों की रचना भी इस समय हुई। इस तरह द्विवेदी युग में आलोचना का रूप और दिशा निश्चित हो गई।

Keywords / मुख्य बिन्दु

आलोचना की प्रणालियाँ, सैद्धांतिक आलोचना, साहित्य का मानदंड, स्वच्छन्दतावादी आलोचना, छायावाद का साहित्यिक विश्लेषण, मार्क्सवादी आलोचना, द्वंद्वात्मक भौतिकवाद

Discussion / चर्चा

1.2.1 हिन्दी साहित्य में प्रचलित आलोचना की प्रणालियाँ

आलोचना करते समय जिन पद्धतियों एवं मान्यताओं को स्वीकार किया जाता है उसी के आधार पर आलोचना के प्रकार निर्धारित किए जाते हैं। हिंदी साहित्य में अनेक

आलोचना पद्धतियाँ एवं प्रणालियाँ प्रचलित है। इनमें प्रमुख है-सैद्धांतिक आलोचना, स्वच्छंदतावादी आलोचना, मार्क्सवादी आलोचना आदि।

1.2.1.1 सैद्धांतिक आलोचना

▶ सैद्धान्तिक आलोचना में साहित्यिक समीक्षा के सिद्धान्तों पर विचार किया जाता है।

सैद्धान्तिक आलोचना में साहित्यिक समीक्षा के सिद्धान्तों पर विचार किया जाता है। इसमें प्राचीन शास्त्रीय काव्यांगों, रस, अलंकार आदि का विवचेन मिलता है। साथ ही साहित्य की आधुनिक मान्यताओं तथा नियमों की विवचेना भी मिलती है। सैद्धान्तिक आलोचना में यह विचार किया जाता है कि साहित्य का मानदंड शास्त्रीय है या ऐतिहासिक। मानदंड का शास्त्रीय रूप, स्थिर और अपरिवर्तनशील होता है। किन्तु मानदंडों को ऐतिहासिक श्रेणी परिवर्तनशील और विकासात्मक होता है। दोनों प्रकार की सैद्धान्तिक आलोचनाएँ उपलब्ध हैं। किन्तु अब उसी सैद्धान्तिक आलोचना का महत्त्व अधिक है जो साहित्य के तत्वों और नियमों को ऐतिहासिक प्रक्रिया में विकासमान है।

▶ भारतेंदु हरिश्चंद्र का 'नाटक' हिंदी की पहली आलोचना है।

संस्कृत साहित्य में लिखित सारे काव्यशास्त्रीय ग्रंथ सैद्धांतिक आलोचना के अंतर्गत आते हैं। भरत मुनि का 'नाट्यशास्त्र' मम्मट का 'काव्य प्रकाश' आचार्य दंडी का 'काव्यादर्श' आदि सैद्धांतिक आलोचनात्मक ग्रन्थ हैं। भारतेंदुजी का 'नाटक', जिसे हिंदी की पहली आलोचना मानते हैं, भी सैद्धांतिक आलोचना के अंतर्गत आते हैं। आधुनिक काल के महान आलोचक आचार्य रामचंद्र शुक्ल जी की आलोचना सैद्धांतिक आलोचना के उदाहरण हैं। उनकी 'चिंतामणि' में संकलित कुछ लेख 'रस मीमांसा', 'काव्य में रहस्यवाद' आदि सैद्धांतिक आलोचना के उत्तम उदाहरण हैं।

▶ सैद्धांतिक आलोचना के अन्य उदाहरण

डॉ. नगेन्द्र का 'रस सिद्धांत', बाबू गुलाब राय का 'काव्य के रूप', भगीरथ मिश्र का 'भारतीय काव्य शास्त्र' महावीर प्रसाद द्विवेदी का 'रसज्ञ रंजन', श्याम सुंदरदास का 'रूपक रहस्य', लाला भगवानदीन का 'अलंकार मंजूषा', कन्हैयालाल पोद्दार का 'काव्यकल्पद्रुम', 'रसमंजरी', 'अलंकार मंजरी', अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध' का 'रसकलश' आदि ग्रन्थ सैद्धांतिक अलोचना के उदाहरण हैं।

1.2.1.2 स्वच्छंदतावादी आलोचना

▶ स्वच्छंदतावादी आलोचना पद्धति का आरंभ

हिंदी साहित्य में छायावाद के साहित्यिक विश्लेषण के लिए स्वच्छंदतावादी आलोचना पद्धति का आरंभ हुआ। स्वच्छंदतावाद में रचनाकार किसी भी वाद या विचारधारा से मुक्त होकर अपने निजी विचारों को प्रस्तुत करता है। अठारहवीं-उन्नीसवीं शताब्दी में 'रोमांटिसिज्म' सम्पूर्ण यूरोपीय कला जगत में व्याप्त हो चुका था। इसका उदय प्रायः 'क्लासिसिज्म' अथवा 'अभिजात्यवाद' की निर्जीव और रूढ़ कला-पद्धतियों की प्रतिक्रिया में हुआ। इसमें वैयक्तिकता, कल्पना, मौलिकता, रचनाकार की स्वतंत्रता और नए प्रयोगों पर बल दिया गया। हिंदी में छायावाद के अभ्युदय के साथ ही आलोचना के क्षेत्र में स्वच्छंदतावादी प्रवृतियाँ उभरने लगी थी।

साहित्य और कलाओं के प्रति 'स्वच्छंदतावादी' दृष्टिकोण को प्रेरित करने वाली महत्वपूर्ण राजनीतिक घटना फ्रांस की जन-क्रांति है। इस क्रांति में रूसो ने 'स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व' का नारा देकर व्यक्ति की स्वतंत्रता की मांग की। यह बंधनों से मुक्ति का आन्दोलन है। इसलिए स्वच्छंदतावाद किसी बंधे-बंधाये ढाँचे में विश्वास नहीं रखते। स्वच्छंदतावाद की प्रवृतियाँ और विशेषताएँ वर्ड्सवर्थ, कॉलरिज, शेली, कीट्स और बायरन की कविताओं में अभिव्यक्त हुई है। वर्ड्सवर्थ ने कविता को 'प्रबल मनोवेगों का सहज उच्छलन' कहकर भाव-प्रवणता पर विशेष बल दिया। लेकिन यह भावोच्छलन अनुशासनहीन नहीं होता है। इसके पीछे सूक्ष्म संवेदनशीलता का आग्रह है जो कल्पना से युक्त होकर रचनाकार की आंतरिक अनुभूति को ईमानदारी से उद्घाटित करती है।

▶ वर्ड्सवर्थ ने कविता को 'प्रबल मनोवेगों का सहज उच्छलन' माना।

भाव-प्रवणता के प्रभाव से स्वच्छंदतावादी आलोचना में वैयक्तिकता, आत्म सृजन, कल्पनाशीलता और स्वानुभूति को एक मूल्य के रूप में स्वीकार किया गया है। कॉलरिज ने कवि-कल्पना के महत्त्व को स्थापित करते हुए इसे सृजनकारिणी 'आदि शक्ति' तथा मस्तिष्क की सबसे अधिक प्राणवान क्रिया का दर्जा दिया। इसलिए स्वच्छंदतावादी आलोचना में रचनाकार की अंतर्वृतियों का अध्ययन अनिवार्य माना गया हैं। इसके अतिरिक्त जड़ता, कृत्रिमता, रूढियों तथा अप्रासंगिक होती हुई लेखन परम्पराओं से विद्रोह स्वच्छंदतावाद की मूलभूत विशेषता है।

▶ स्वच्छंदतावादी आलोचना में जड़ता, कृत्रिमता, रूढियों तथा अप्रासंगिक होती हुई लेखन परम्पराओं से विद्रोह की प्रवृत्ति पायी जाती है।

स्वच्छंदतावादी आलोचकों ने उदात्त चरित्रों की गाथा के स्थान पर साधारण मानव के सामान्य अनुभवों, सांस्कृतिक मूल्यों तथा अपने परिवेश को महत्त्व दिया। शैली और शिल्प की प्रयोगशीलता और विविधता व्यक्ति-स्वातंत्र्य का ही एक रूप है जिसकी गुंजाइश अभिजात्यवादी अनुशासन में नहीं थी। भाषा के स्तर पर स्वच्छंदतावादी रचनाकारों ने जनभाषा के प्रयोग को आवश्यक माना। स्वच्छंदतावादी आलोचना का दृष्टिकोण पूरी तरह से रसवादी है और रस में वे मानवतावादी यथार्थ को महत्व देते हैं। सौन्दर्य चेतना भी स्वच्छंदतावाद का मूल तत्व है। प्रकृति के एकाधिक रूपों के उन्मुक्त सौन्दर्य के प्रति उनका आकर्षण सहज था। हिंदी साहित्य में मूलतः स्वच्छंदतावादी आलोचना, प्रगतिवादी आलोचना के विरोध में उभर कर आई। इन आलोचकों में आचार्य नंददुलारे वाजपेयी, डॉ. नगेन्द्र, शांतिप्रिय द्विवेदी, अज्ञेय, देवराज आदि प्रमुख थे।

▶ आचार्य नंददुलारे वाजपेयी, डॉ. नगेन्द्र, शांतिप्रिय द्विवेदी आदि प्रमुख स्वच्छंदतावादी आलोचक हैं।

1.2.1.3 मार्क्सवादी आलोचना

हिंदी साहित्य में मार्क्सवादी समीक्षा का आरंभ स्वच्छन्दतावादी समीक्षा पद्धति के विरोध में हुआ। मार्क्सवादी समीक्षा पद्धति के मूल में सामाजिक चिन्तन एवं सामाजिक विकास की भावना विद्यमान है। इसमें साहित्य को समाजवादी यथार्थ की अभिव्यक्ति का साधन माना गया है। आलोचक कृति का मूल्यांकन सामाजिक उपयोगिता की दृष्टि से करता है। सामान्यतः यह एक प्रकार की सामाजिक चेतना है जो एक विशेष आर्थिक संरचना से जुड़ी होती है।

▶ मार्क्सवादी आलोचना का आरंभ

▶ मार्क्सवाद का समय 1818 से 1883 तक माना गया है।

मार्क्सवाद आधुनिक युग की लोकप्रिय विचारधाराओं में से एक है। पश्चिम में इसका आरंभ और उत्कर्ष मोटे तौर पर 1818 से 1883 तक माना गया है। इसके संस्थापक है कार्ल मार्क्स। उनके चिंतन का मुख्य क्षेत्र अर्थव्यवस्था और दर्शन था। मार्क्सवाद में मार्क्स के साथ फ्रेडरिक एंगेल्स का नाम भी उल्लेखनीय है। इन दोनों के अलावा रूसी क्रांति के जनक लेनिन, रूसी चिंतक प्लेखानोव आदि अनेक विचारकों ने मार्क्सवाद को विशेष योगदान दिया है। उत्पादन के साधनों पर सामाजिक स्वामित्व द्वारा वर्गविहीन समाज की स्थापना मार्क्सवाद का लक्ष्य है।

▶ मार्क्सवाद के अनुसार समाज का बुनियादी आधार आर्थिक है।

मार्क्स के चिंतन की केंद्रीय पद्धति द्वंद्वात्मक भौतिकवाद के नाम से जाना जाता है। इस सिद्धांत के अनुसार संसार के प्रत्येक वस्तु में परस्पर विरोधी तत्व विद्यमान है और उनमें आपस में द्वंद चलता रहता है। समाज में यह द्वंद्व पूंजीपति और सर्वहारा वर्ग अर्थात शोषक और शोषित के बीच होता है जो भौतिक उन्नति का कारण बन जाता है। मार्क्सवाद के अनुसार समाज का बुनियादी आधार आर्थिक है। आर्थिक ढाँचे में बदलाव लाने पर संपूर्ण समाज में बदलाव आ जाता है। समाज दो वर्गों में विभाजित है - एक पूँजीपति वर्ग और दूसरा पूँजीहीन सर्वहारा वर्ग। पूँजीपति वर्ग आर्थिक उत्पादन के साधनों का स्वामी है तथा पूँजीहीन वर्ग साधनों में अपना श्रम लगाता है। इन दोनों के बीच का संघर्ष निरंतर चलता रहता है। इनके बीच का अंतर बढ़ जाता है तो यह संघर्ष तीव्र एवं व्यापक होता है। यह संघर्ष सशस्त्र एवं रक्त क्रांति के रूप में भी हो सकता है या रक्तहीन क्रांति के रूप में।

▶ हिंदी साहित्य में मार्क्सवादी या प्रगतिवादी आलोचना का आरंभ 1936 में हुआ था।

मार्क्स और एंगेल्स ने कला की सोद्देश्यता पर बराबर बल दिया है। उनका कहना था कि वर्ग संघर्ष का चित्रण करके जनमानस को संघर्ष के लिए तैयार करना कला का लक्ष्य होना चाहिए। ऐसा करते हुए कला को स्पष्ट रूप से शोषित वर्ग का पक्ष लेना चाहिए। इनके अनुसार सच्ची कला का जन्म वर्गहीन समाज में ही संभव है। मार्क्सवाद को केंद्र में रखकर हिंदी साहित्य में मार्क्सवादी या प्रगतिवादी आलोचना का आरंभ 1936 में हुआ था। मार्क्सवादी आलोचना का लक्ष्य जीवन का भौतिक विकास है। मार्क्सवाद साहित्य का मूल्यांकन भी सामाजिक उपयोगिता की दृष्टि से करता है। मार्क्सवादी साहित्य लोककल्याणवादी है जो शोषण से मुक्त वर्गहीन साम्यमूलक समाज के निर्माण में प्रेरणा दे। मार्क्सवादी साहित्य का प्रधान लक्ष्य है उपदेश और शिक्षा देना। यह आनंद के स्थान पर लोककल्याण को प्रमुखता देते हैं। कवियों का मूल्यांकन करते समय प्रगतिवादी समीक्षक यह देखता है कि कवि अपने काव्य में किस वर्ग विशेष की हितचिंता करते हैं।

हिंदी मार्क्सवादी आलोचना स्वच्छंदतावादी आलोचना के विरोध में खड़ी है। प्रगतिवादी आलोचकों ने रहस्यवाद का विरोध किया। आँखों के सामने जो प्रत्यक्ष जगत है वे उस पर विश्वास करते थे। उनके लिए पारलौकिक जगत की कोई सत्ता नहीं थी। प्रगतिवादी आलोचकों ने व्यक्ति के स्थान पर समाज को अधिक महत्व दिया है। मार्क्सवाद की दृष्टि में साहित्य का परम लक्ष्य जीवन का भौतिक विकास है। वे साहित्य का मूल्यांकन

▶ हिंदी के प्रसिद्ध मार्क्सवादी आलोचक

सामाजिक उपयोगिता की दृष्टि से करते हैं। हिंदी काव्य चेतना को समाजोन्मुखी बनाने में प्रयोगवादी आलोचना का महत्वपूर्ण योगदान है। मार्क्सवादी समीक्षा ने हिंदी समीक्षा को स्वस्थ, वैज्ञानिक, वस्तुनिष्ठ तथा जनकल्याणकारी बना दिया। हिंदी के प्रगतिवादी आलोचकों में डॉ रामविलास शर्मा, शिवदान सिंह चौहान, डॉ नामवर सिंह, प्रकाश चंद्र गुप्त आदि का नाम उल्लेखनीय है।

Summarised Overview / संक्षिप्त अवलोकन

आधुनिक हिंदी आलोचना साहित्य का आरंभ भारतेंदु युग में हुआ। द्विवेदी युग में आलोचना का और अधिक विकास हुआ। आचार्य रामचंद्र शुक्ल जी और उनके परवर्ती लेखकों के प्रयास से हिंदी आलोचना का काफी उत्कर्ष हुआ। इस विकास यात्रा के बीच आलोचना को अनेक प्रकारों में विभाजित किया है। प्रस्तुत इकाई में इन प्रकारों पर प्रकाश डाला गया है। आलोचना करते समय जिन पद्धतियों एवं मान्यताओं को स्वीकार किया जाता है उसी के आधार पर आलोचना के प्रकार निर्धारित किए जाते हैं। सैद्धांतिक आलोचना, स्वच्छंदतावादी आलोचना, मार्क्सवादी आलोचना आदि।

Assignment / प्रदत्त कार्य

1. सैद्धांतिक आलोचना का परिचय दीजिए।
2. स्वच्छंदतावादी आलोचना का परिचय दीजिए।
3. आलोचना के विभिन्न प्रकारों का परिचय दीजिए।
4. मार्क्सवादी आलोचना के भेदों का परिचय दीजिए।

Reference / संदर्भ ग्रंथ

1. हिन्दी समीक्षा: स्त्रोत एवं सुत्रधार- सत्यदेव मिश्र
2. आलोचना और आलोचना: बच्चन सिंह
3. हिंदी आलोचना का विकास- नंदकिशोर नौसैनिक

Web Reference / अंतर्जाल संदर्भ

1. https://hi.m.wikibooks.org/wiki/
2. https://en.wikipedia.org/wiki/Criticism_of_Marxism
3. https://youtu.be/grcWyqroTH0?si=A9b9y9_u15ulgk80

Suggested Reading / निर्धारित पुस्तक

1. हिंदी साहित्य का इतिहास- डॉ नगेंद्र : डॉ हरदयाल
2. हिंदी साहित्य युग और प्रवृत्तियाँ - शिवकुमार शर्मा
3. हिन्दी आलोचना - कशिश गोयल
4. आलोचना और आलोचना - बच्चन सिंह

SGOU

Space for Learner Engagement for Objective Questions

Learners are encouraged to develop objective questions based on the content in the paragraph as a sign of their comprehension of the content. The Learners may reflect on the recap bullets and relate their understanding with the narrative in order to frame objective questions from the given text. The University expects that 1 - 2 questions are developed for each paragraph. The space given below can be used for listing the questions.

SGOU

इकाई 3

भारतेन्दु युग की हिन्दी आलोचना- भारतेन्दु हरिश्चंद्र, बालकृष्ण भट्ट

Learning Outcomes / अध्ययन परिणाम

- भारतेंदु युगीन आलोचना से परिचित होता है
- भारतेंदु युगीन आलोचना की प्रवृत्तियों को समझता है
- भारतेंदु युगीन अन्य लेखकों के बारे में जानकारी प्राप्त करता है
- आलोचना साहित्य के विकास में भारतेंदु युग के योगदान को समझता है

Background / पृष्ठभूमि

भारतेंदु युग में गद्य साहित्य का सर्वतोमुखी विकास हुआ। इस युग में नाटक, उपन्यास, निबंध, आलोचना, अनुवाद आदि सभी गद्य विधाओं पर रचनाएँ की गयी। यह जन-जागरण का युग भी था। इस युग में राजनीतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक तथा साहित्यिक क्षेत्र में समस्त भारतीय जन-मानस में एक नई चेतना जागृत हुई थी। उस समय के वैचारिक अभिव्यक्ति का उपयुक्त माध्यम गद्य ही था। अतः गद्य की अनेक विधाओं का विकास हुआ। साहित्य का उपयोगितावादी दृष्टिकोण स्वीकार किया जाने लगा। साहित्य में सुरुचि, नैतिकता और बौद्धिकता को प्रधानता मिलने लगा। भारतेंदु युग की आलोचना में इन्हीं तीन तत्वों को प्रमुखता दी गयी। राष्ट्र-प्रेम इस काल के साहित्य की प्रधान विशेषता थी। अतः आलोचना में भी राष्ट्रीय दृष्टिकोण अपनाया गया।

Keywords / मुख्य बिन्दु

भारतेंदु युगीन आलोचना, पत्र-पत्रिकाएँ, राष्ट्रीयता, लक्षण-ग्रंथों की परंपरा, टीकाओं के रूप में आलोचना, इतिहास ग्रंथों रूप में लिखित आलोचना, बालकृष्ण भट्ट, प्रताप नारायण मिश्र

Discussion / चर्चा

1.3.1 भारतेन्दु युग की हिन्दी आलोचना

- हिन्दी आलोचना का आरंभ पत्र-पत्रिकाओं के माध्यम से हुआ

भारतेन्द्र युगीन हिन्दी आलोचना का आरंभ पत्र-पत्रिकाओं के माध्यम से हुआ। 'हिन्दी प्रदीप', 'ब्रह्मण', 'आनंद कादम्बिनी', 'हरिश्चंद्र मैगज़ीन', 'कविवचन सुधा' आदि पत्रिकाओं में गंभीर आलोचनाएँ प्रकाशित होती थी। पत्र-पत्रिकाओं में पुस्तक समीक्षा के रूप में प्रकाशित होनेवाली आलोचनाओं के अतिरिक्त इस युग में तीन प्रकार की आलोचनाओं का अस्तित्व स्वीकार किया जा सकता है।

1. रीतिकालीन लक्षण-ग्रंथों की परंपरा में लिखित सैद्धान्तिक आलोचना।
2. ब्रजभाषा एवं खड़ीबोली गद्य में लिखी गई टीकाओं के रूप में प्रचलित आलोचना।
3. इतिहास ग्रंथों में कवि-परिचय के रूप में लिखी गई आलोचना।

1.3.1.1 लक्षण-ग्रंथों की परंपरा में लिखित सैद्धान्तिक आलोचना

- भारतेन्दु युग में रचित उल्लेखनीय पिंगाल ग्रंथ

इसके अन्तर्गत पिंगल, अलंकार, रस, नाटक आदि पर लक्षण-ग्रंथों की रचना की गई। ज्वालास्वरूप कृत 'स्त्रपिंगल', उमरासिंह कृत 'द्वन्द्व महोदधि', जगन्नाथ प्रसाद 'भानु' कृत 'छन्द प्रभाकर' आदि इस युग में रचित उल्लेखनीय पिंगाल ग्रंथ हैं। लछिराम कृत 'रावणेश्वर कल्पतरु' बिहारी लाल कृत 'अलंकारादर्श' तथा मुरारीदान कविराज कृत 'जसवंत जसो भूषण' आदि भी इस काल के महत्त्वपूर्ण आलोचनात्मक ग्रंथ हैं। रस ग्रंथों में कृष्णलाल-कृत 'रससिन्धुविलास', साहबप्रसाद सिंह-कृत 'रसरहस्य' और प्रतापन्-ारायण सिंह कृत 'रसकुसुमाकर' आदि उल्लेखनीय हैं। सम्पूर्ण काव्यशास्त्र को दृष्टि में रखकर लिखे गए लक्षण ग्रंथों में जानकीप्रसाद का 'काव्यसुधाकर' उल्लेखनीय है। नाट यशास्त्र संबंधित सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण कृति भारतेन्दु का 'नाटक' है। इसकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें प्राचीन नाट्य शास्त्र की जानकारी के साथ ही साथ प्राचीन जटिल शास्त्रीय नियमों से छुटकारा पाने की आवश्यकता पर बल दिया है।

1.3.1.2 टीकाओं के रूप में प्रचलित आलोचना

- स्टीकाओं की परंपरा में लिखित आलोचनाओं को महत्वपूर्ण स्थान है

भारतेंदु युग में टीकाओं की परंपरा में लिखित आलोचनाओं का भी अपना महत्वपूर्ण स्थान है। सरदार कवि की 'कवि प्रिया' और 'रसिकप्रिया' इसी प्रकार की रचनाएँ हैं। 'बिहारी सतसई' पर लल्लू लाल जी द्वारा रचित टीका 'बालचंद्रिका' इसका उत्तम दृष्टांत है। दुर्गा दत्त कवि और जॉर्ज ग्रियेर्सन ने इसका संशोधन करके पुनः प्रकाशित किया था। इसलिए इन रचनाओं को भी आलोचना साहित्य के अंतर्गत शामिल किया जा सकता है।

1.3.1.3 इतिहास ग्रंथों रूप में लिखित आलोचना

भारतेंदु युग में इतिहास ग्रंथों की भी रचना हुई थी। इनमें प्रमुख है 'शिवसिंह सरोज'

▶ भारतेंदु युग में रचित इतिहास ग्रंथ

जिसका लेखक है शिवसिंह सेंगर। ग्रियर्सन द्वारा रचित 'माडर्न वर्नाक्युलर लिटरेचर ऑफ हिन्दुस्तान' की रचना भी आलोच्य युग में हुआ था।

1.3.2 भारतेंदु युगीन समालोचक

▶ भारतेंदु और उनके समकालीन लेखक

भारतेंदु और उनके समकालीन लेखक पत्र पत्रिकाओं में निरंतर पुस्तक समीक्षाएँ लिखा करते थे। इन पुस्तक समीक्षाओं से हम आधुनिक समालोचना का आरंभ मान सकते हैं। भारतेंदु के अलावा बालकृष्ण भट्ट, पं बद्रीनारायण चौधरी 'प्रेमघन' प्रताप नारायण मिश्र आदि आलोच्य युग के प्रमुख आलोचक थे। इस युग के समालोचक किसी न किसी पत्र पत्रिका का संपादक भी रहे हैं। इसलिए वे समालोचना के विकास में काफी योगदान दे पाए हैं।

1.3.3 भारतेंदु हरिश्चंद्र

▶ हिंदी साहित्य के आधुनिक काल के युग प्रवर्तक

भारतेंदु हरिश्चंद्र को हिंदी साहित्य के आधुनिक काल के युग प्रवर्तक मानते हैं। जिस प्रकार उन्होंने गद्य साहित्य की विभिन्न विधाओं का नवीकरण किया उसी प्रकार उन्होंने आलोचना साहित्य का भी नवीकरण किया। 1867 ई. में उन्होंने 'कवि वचन सुधा' नामक पत्रिका निकला जो गद्य के विकास का एक महत्वपूर्ण चरण था। 1873 ई. में उन्होंने 'हरिश्चंद्र मैगजीन' नामक मासिक पत्रिका अरंभ की और आठ अंकों के बाद उसका नाम बदलकर 'हरिश्चंद्र चन्द्रिका' कर दिया। हिन्दी गद्य के विकास में इस पत्रिका की एक विशिष्ट भूमिका थी। इससे अनेक नए लेखकों को लिखने की प्रेरणा मिली।

▶ नाट्यशास्त्र संबंधी महत्वपूर्ण कृत्ति

भारतेंदु हरिश्चन्द्र ने नाट्यशास्त्र संबंधी महत्वपूर्ण कृत्ति 'नाटक' (1883 ई.) की रचना कर आधुनिक हिंदी आलोचना का प्रारंभ किया। इसमें लगभग साठ पृष्ठों में नाटक का शास्त्रीय विवेचन और इतिहास प्रस्तुत किया है। यह संस्कृत नाट्यशास्त्र को आधार बनाकर लिखा गया है। किंतु इसमें प्राचीन नाट्य शास्त्र की जानकारी दी गयी है। साथ ही युग प्रवृत्ति का ध्यान रखकर प्राचीन जटिल शास्त्रीय नियमों से छूट लेने की आवश्यकता पर भी बल दिया गया है।

▶ 'आधुनिक भारतीय रंगमंच का पहला नाट्यशास्त्र'

भारतेन्दु हरिश्चन्द्र के नाटक संबंधी विवेचन को हिन्दी आलोचना के क्षेत्र में पहला व्यवस्थित प्रयास मान सकते हैं। इसमें वे संस्कृत काव्यशास्त्र का भी विस्तार से उपयोग करते हैं। उनकी आलोचना दृष्टि अपनी परम्परा पर केन्द्रित होने पर भी आधुनिक प्रभावों के लिए पूरी तरह से खुली है। उनकी आलोचना दृष्टि व्यापक है। संस्कृत और हिन्दी के साथ वे यूरोपीय नाटकों की चर्चा भी विस्तारपूर्वक करते हैं। 'नाटक' की इन विशेषताओं के कारण ही देवेन्द्र राज अंकुर ने उन्हें 'आधुनिक भारतीय रंगमंच का पहला नाट्यशास्त्र' कहकर उनके महत्त्व को रेखांकित किया है।

▶ आधुनिक हिन्दी साहित्य का प्रथम आलोचक

भारतेन्दु ने नाटक पर विचार करते समय उसकी प्रकृति, समसामयिकता, जन रूचि एवं प्राचीन नाट्यशास्त्र की उपयोगिता पर विचार किया है। उन्होंने बदली हुई जनरूचि के अनुसार नाट्य-रचना में परिवर्तन पर बल दिया है। साथ ही उन्होंने अपने समकालीन

लेखकों को आलोचना की ओर प्रवृत्त भी किया। ऐसी दशा में उन्हें आधुनिक हिन्दी साहित्य का प्रथम आलोचक कहना अनुचित न होगा।

1.3.4 बालकृष्ण भट्ट

- 'हिंदी प्रदीप' नमक पत्रिका का संपादन

बालकृष्ण भट्ट भारतेंदु युग के आलोचकों में अग्रणी थे। उन्होंने 'हिंदी प्रदीप' नामक पत्रिका का संपादन किया। प्रस्तुत पत्रिका में उनकी आलोचनाएँ निरंतर प्रकाशित होती रहती थी। इनमें प्रमुख है 'साहित्य जनसमूह के हृदय का विकास है', 'सच्ची कविता', खड़ी बोली का पद्य', 'सच्ची समालोचना' आदि। उन्होंने 'नीलदेवी', 'संयोगिता स्वयंवर', 'एकांतवासी' आदि कृतियों पर व्यावहारिक आलोचनाएँ लिखी।

- हिंदी का पहला व्यावहारिक आलोचना

भट्ट जी संस्कृत साहित्य में विशेष रुचि रखते थे और संस्कृत कवियों एवं आचार्यों की आलोचना करते थे। उन्हें 'सैद्धांतिक विवेचन का उपयोग व्यावहारिक आलोचना में करने वाले' आलोचक मानते हैं। क्योंकि वे समीक्षा के मानदंड का उल्लेख सिद्धांतों के रूप में पहले देते हैं और फिर उसी के आधार पर कवि का मूल्यांकन करते हैं। भट्टजी द्वारा लिखित 'संयोगिता स्वयंवर' की व्यावहारिक आलोचना को हिंदी का पहला व्यावहारिक आलोचना मानते हैं

- बालकृष्ण भट्ट जी की शैली व्यंग्य-प्रधान है

भट्ट जी कवि परिचय में तटस्थ, गंभीर और विश्लेषणात्मक रहते हैं। लेकिन पुस्तकों की आलोचना में कहीं-कहीं मीठी व्यंग्योक्तियाँ भी करते हैं। उनकी शैली व्यंग्य-प्रधान है। उन्होंने नाटकों के साथ-साथ भारतन्दु युग के मौलिक और अनूदित उपन्यासों की भी समीक्षा की थी। 'हिन्दी प्रदीप' में 'उपन्यास' शीर्षक से उनका एक निबंध प्रकाशित हुआ था। उपदेशात्थकता को उन्होंने उपन्यास और नाटकों के लिए दोष माना है। उन्होंने लाल श्रीनिवासदास कृत 'परीक्षागुरु, ' बाबू गदाधर सिंह कृत 'बंग विजेता' और गोपालराम गहमरी कृत 'देवरानी जेठानी' की समीक्षा लिखी जिसे हम सफल आलोचना मान सकते हैं।

Summarised Overview / संक्षिप्त अवलोकन

आधुनिक हिन्दी साहित्य के जनक के रूप में भारतेन्दु हरिश्चन्द्र का योगदान अतुलनीय है। हिन्दी पत्रकारिता का यह युग हिन्दी गद्य-निर्माण का युग माना जाता है। भारतेन्दु युगीन पत्रकारिता के केन्द्र में भारतेन्दु हरिश्चन्द्र द्वारा प्रकाशित पत्र पत्रिकाओं का विशेष योगदान रहा है। भारतेंदु युगीन आलोचना अपने युग की प्रायः सभी आलोचनात्मक प्रवृत्ति को समेटकर चलती है। इस समय आलोचना सफलता से अधिक संभावनाओं की नज़र से महत्वपूर्ण है। इस युग की आलोचना राष्ट्रीय नवजागरण की सक्रियता से विकसित थी। भारतेंदु युगीन आलोचना शैली में व्यंग्य और स्पष्टता साफ दिखाई देती है जो इस युग की सामान्य पहचान है।

Assignment / प्रदत्त कार्य

1. भारतेंदु युगीन आलोचना पर लेख तैयार कीजिए।
2. भारतेंदु युगीन आलोचना की प्रवृत्तियों का परिचय दीजिए।
3. हिन्दी आलोचना के क्षेत्र में भारतेंदु हरिश्चंद्र का स्थान निर्धारित कीजिए।
4. भारतेंदु युगीन अन्य आलोचकों का परिचय दीजिए।

Reference / संदर्भ ग्रंथ

1. हिन्दी समीक्षा: स्त्रोत एवं सुत्रधार- सत्यदेव मिश्र
2. आलोचना और आलोचना: बच्चन सिंह
3. हिंदी आलोचना का विकास- नंदकिशोर नौसैनिक

Web Reference / अंतर्जाल संदर्भ

1. https://www.jetir.org/papers/JETIR2111339.
2. https://jankriti.com/bhartendu-alochna-drishti/
3. https://hi.wikipedia.org/wiki/%E0%A4%AD%E0%A4%BE%E0%A4%B0%E0%A4%A4%E0
4. https://youtu.be/0QxZ9bz9eqE?si=lsfj3YmzbxpycTHi

Suggested Reading / निर्धारित पुस्तक

1. हिंदी साहित्य का इतिहास- डॉ नगेंद्र : डॉ हरदयाल
2. हिंदी साहित्य युग और प्रवृत्तियाँ - शिवकुमार शर्मा
3. हिंदी साहित्य का दूसरा इतिहास- बच्चन सिंह
4. हिन्दी आलोचना - कशिश गोयल

Space for Learner Engagement for Objective Questions

Learners are encouraged to develop objective questions based on the content in the paragraph as a sign of their comprehension of the content. The Learners may reflect on the recap bullets and relate their understanding with the narrative in order to frame objective questions from the given text. The University expects that 1 - 2 questions are developed for each paragraph. The space given below can be used for listing the questions.

SGOU

इकाई 4

द्विवेदी युगीन हिन्दी आलोचना - महावीर प्रसाद द्विवेदी, बालमुकुन्द गुप्त, श्याम सुंदरदास, मिश्रबंधु

Learning Outcomes / अध्ययन परिणाम

- द्विवेदी युगीन आलोचना से परिचित होता है
- द्विवेदी युगीन आलोचना की प्रवृत्तियों को समझता है
- द्विवेदी युगीन आलोचकों के बारे में जानकारी प्राप्त करता है
- आलोचना साहित्य के विकास में द्विवेदी युग के योगदान को समझता है

Background / पृष्ठभूमि

आलोचना साहित्य के विकास में भारतेंदु हरिश्चंद्र के बाद आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी का स्थान आता है। इस क्षेत्र में उनका योगदान अतुलनीय है। उनकी प्रेरणा एवं प्रोत्साहन से तत्कालीन लेखक आलोचना साहित्य को समृद्ध एवं संपन्न बनाने के प्रयास में लग गए। वे भारतीय एवं पश्चात्य आलोचना पद्धतियों को एक साथ समेटते हुए आगे बढ़ते थे। उनकी आलोचना दृष्टि वैज्ञानिक थी। साथ ही उनमें तर्क शक्ति और विचार क्षमता भारतेंदु युगीन लेखकों से अधिक थी। द्विवेदी जी की और एक विशेषताएँ यह थी कि वे साहित्य को उपयोगिता की दृष्टि से आंकते थे।

Keywords / मुख्य बिन्दु

आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी, शास्त्रीय आलोचना, तुलनात्मक आलोचना, अनुसंधानपरक आलोचना, परिचयात्मक आलोचना, व्याख्यात्मक आलोचना, मिश्रबंधु, पद्मसिंह शर्मा, कृष्ण बिहारी मिश्र, लाला भगवानदीन, बाबू श्याम सुंदरदास, बालमुकुन्द गुप्त

Discussion / चर्चा

1.4.1 द्विवेदी युगीन हिन्दी आलोचना

भारतेंदु के बाद सम्पूर्ण हिंदी साहित्य पर आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी का सबसे अधिक प्रभाव रहा। आचार्य द्विवेदी हिंदी के प्रथम लोकवादी आचार्य थे और युग-बोध एवं नवीनता के पोषक थे। भारतेंदु से प्रवर्तित हिंदी आलोचना को आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी और बाबू श्यामसुन्दरदास ने नवीन ज्ञान-विज्ञान के आलोक में विकसित किया। आचार्य द्विवेदी ने 'सरस्वती' पत्रिका के संपादन के द्वारा आलोचना की भाषा का रूप सुस्थिर किया तो बाबू श्यामसुन्दरदास ने आलोचना के आवश्यक उपादान एकत्र करके उन्हें व्यवस्थित और संयोजित किया। भारतेंदु युग के समान द्विवेदी युग में भी आलोचना साहित्य का विकास एक हद तक पत्र पत्रिकाओं के माध्यम से हुआ था। 'सरस्वती', 'माधुरी', 'वीणा', 'विशाल भारत', 'साहित्य समालोचक', 'मर्यादा' आदि इस समय के महत्वपूर्ण पत्रिकाएँ थी जिनके माध्यम से आलोचना साहित्य का काफी विकास हुआ।

भारतेंदु युग में आलोचना केवल पुस्तक समीक्षा तक सीमित थी। लेकिन द्विवेदी युग तक आते-आते कई महत्वपूर्ण आलोचना पद्धतियाँ विकसित हुई। इनमें प्रमुख है-

1. शास्त्रीय आलोचना
2. तुलनात्मक आलोचना
3. अनुसंधानपरक आलोचना
4. परिचयात्मक आलोचना
5. व्याख्यात्मक आलोचना

1.4.1.1 शास्त्रीय आलोचना

रीतिकाल एवं भारतेंदु युग में लक्षण ग्रंथ प्रस्तुत करने की जो परंपरा थी उसी को द्विवेदी युग में और प्रश्रय दिय गया। जगन्नाथ प्रसाद 'भानु' के 'काव्य प्रभाकर' तथा 'छन्द सारावली' और लाला भगवानदीन का 'अलंकार मंजूषा' इसका उदाहरण है।

1.4.1.2 तुलनात्मक आलोचना

▶ तुलनात्मक आलोचना का उत्कर्ष काल - द्विवेदी युग

हिंदी साहित्य में तुलनात्मक आलोचना का उत्कर्ष काल था द्विवेदी युग। 1907 ई में पद्म सिंह शर्मा ने बिहारी और देव की तुलना द्वारा इसका प्रारंभ किया। 1910 ई में मिश्रबंधुओं का 'हिन्दी नवरत्न' प्रकाशित हुआ। इसमें भी तुलनात्मक आलोचना को महत्व दिया गया था। आगे चलकर तुलनात्मक आलोचना की धूम मच गई। लाला भगवानदीन और कृष्णबिहारी मिश्र ने देव और बिहारी की तुलना करते हुए एक दूसरे

को बड़ा सिद्ध करने का प्रयास किया।

1.4.1.3 अनुसंधानपरक आलोचना

▶ द्विवेदी युग के प्रमुख अनुसंधानपरक आलोचक

अनुसंधानपरक आलोचना का विकास 'नागरी प्रचारिणी पत्रिका' के प्रकाशन से हुआ। मिश्रबन्धु विनोद में भी शोधपरक दृष्टि को महत्त्व दिया गया था और कवियों के वृत्त संग्रह के साथ उनकी कृतियों की सूचना तथा उनके काव्य का विवरण भी किया गया था। शोधपरक आलोना के उन्नायकों में श्यामसुंदर दास, जगन्नाथदास रत्नाकर और सुधाकर द्विवेदी उल्लेखनीय है। इन सभी का सम्बन्ध नागरी प्रचारिणी पत्रिका' से रहा है।

1.4.1.4 परिचयात्मक आलोचना

▶ हिंदी कालीदास की आलोचना' प्रसिद्ध परिचयात्मक आलोचना है

परिचयात्मक आलोचना का आरंभ भारतेंदु युग में ही हो चुका था। द्विवेदी युग में आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी 'सरस्वती' पत्रिका में निरंतर परिचयात्मक आलोचना करते थे। इसके द्वारा उन्होंने विषय विवेचन और भाषा संबंधी त्रुटियों की ओर ध्यान आकर्षित करते थे। उन्होंने 'समालोचना-समुच्चय' नाम से एक निबंध संग्रह प्रकाशित किया जिसमें ज्ञान-विज्ञान तथा प्राचीन काव्य से संबंधित उनके कई महत्वपूर्ण लेख संग्रहित हैं। उन्होंने अपनी आलोचना में उन्हीं कृतियों को महत्व दिया जो सामाजिक उत्थान और राष्ट्रीय विकास की भावना फैलने में समर्थ हो। द्विवेदी जी संस्कृत के कालिदास, भवभूति, भक्तिकाल के सूर-तुलसी तथा आधुनिक हिंदी के भारतेंदु तथा मैथिलीशरण गुप्त के प्रशंसक थे। उनका आलोचनात्मक ग्रंथ 'हिंदी कालीदास की आलोचना' हिंदी में आलोचना-साहित्य की किसी कवि पर पूरी तरह विचार करने वाली पहली पुस्तक मानी जाती है।

1.4.1.5 व्याख्यात्मक आलोचना

▶ व्याख्यात्मक आलोचना का प्रारंभ

व्याख्यात्मक आलोचना में आलोच्य विषय की उपयोगिता को ध्यान में रखकर नैतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, राष्ट्रीय और सौंदर्यपरक मूल्यों के आधार पर विशद और गंभीर विवेचन किया जाता है। भारतेंदु युग में ही बालकृष्ण भट्ट ने 'हिंदी प्रदीप' में 'नील देवी', 'परीक्षा गुरु', 'संयोगिता स्वयंवर'आदि की गंभीर आलोचना करके इस पद्धति को प्रारंभ किया था। बालमुकुंद गुप्त ने 'हिंदी बंगवासी' में 'अश्रुमती' नामक बंगला नाटक के हिंदी अनुवाद की आलोचना द्वारा इस परंपरा को आगे बढ़ाया। आलोचना की इस गंभीर शैली का पूर्ण विकास आगे चलकर आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने किया।

1.4.2 द्विवेदी युगीन हिन्दी आलोचक

▶ हिन्दी समालोचना को समृद्ध एवं संपन्न किया

हिंदी आलोचना को विकसित करने में आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी का योगदान अतुलनीय है। उन्होंने अठारह वर्षों तक 'सरस्वती' पत्रिका का संपादन कर हिन्दी समालोचना को समृद्ध एवं संपन्न किया। तत्कालीन आलोचना का विकास मुख्यतः पत्र पत्रिकाओं के माध्यम से हुआ था। 1902 ई. में पं. चंद्रधर शर्मा गुलेरी ने जयपुर से

'समालोचक' नामक पत्र निकाला था जिसमें मुख्यतः आलोचनात्मक लेख प्रकाशित होते थे। द्विवेदी युग में तुलनात्मक, परिचयात्मक एवं अध्यापकीय आलोचना का सूत्रपात हुआ। आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी इस कालखंड के प्रमुख एवं प्रतिनिधि आलोचक थे। उन्हीं का अनुकरण करते हुए अन्य लेखक भी आलोचना की ओर अग्रसर हुए। इस समय के अन्य प्रमुख आलोचक थे - मिश्रबंधु, पद्मसिंह शर्मा, कृष्ण बिहारी मिश्र, लाला भगवानदीन, बाबू श्याम सुंदरदास, बालमुकुन्द गुप्त आदि।

1.4.2.1 आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी

- आलोचना परिचयात्मक होने के साथ कृतियों के गुण-दोषों पर भी प्रकाश डालते हैं।

आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी ने हिन्दी आलोचना को नवीन सांस्कृतिक भूमि पर प्रतिष्ठित किया। द्विवेदीजी साहित्य को उपयोगिता की कसौटी पर आँकते थे। उन्होंने संस्कृत के कई लब्धप्रतिष्ठ कवियों की समालोचना की। 'विक्रमांकदेव चरित', 'नैषध चरित चर्चा' तथा 'कालिदास की निरंकुशता' आदि इनमें प्रमुख हैं। उनकी आलोचना परिचयात्मक होने के साथ कृतियों के गुण-दोषों पर भी प्रकाश डालते हैं। आचार्य द्विवेदीजी यथार्थ को काव्य के लिए आवश्यक मानते हैं। यथार्थ से उनका तात्पर्य कवि द्वारा अनुभूत सत्य से है। उनके अनुसार कवि को किसी दबाव में आकर अपने ऊपर कोई पाबंदी नहीं लगानी चाहिए।

- कविता का अतीत और भविष्य भाषा के अतीत और भविष्य से जुड़ा हुआ है

'कविता और भविष्य' नामक प्रसिद्ध निबंध में वे कविता के अतीत, वर्तमान और भविष्य के बारे में बताते हैं। उनके अनुसार कविता का अतीत और भविष्य भाषा के अतीत और भविष्य से जुड़ा हुआ है। भावों की वृद्धि के साथ भाषा में भी परिवर्तन होता है। भाषा के साथ कविता में परिवर्तन लाने के लिए कवि को अपने अंतर्जगत की ओर देखना चाहिए। उन्हें किसानों एवं मजदूरों को अपने काव्य का नायक बनाना चाहिए। इस निबंध में द्विवेदी जी काव्य में भाव के अधिपत्य को स्वीकार करते हैं। साथ ही वह भाषा की उन्नति के साथ कविता की उन्नति को जोड़ते हैं। प्रस्तुत निबंध के द्वारा वे निम्न वर्ग के लोगों को नायक बनाने का उपदेश देते हैं।

- 'कवि कर्तव्य' नामक निबन्ध में द्विवेदीजी के कविता सम्बन्धी विचार मिलते हैं।

'कवि कर्तव्य' नामक निबन्ध से द्विवेदी के कविता सम्बन्धी विचारों का पता चलता है। उनका मत है कि गद्य और पद्य की भाषा पृथक-पृथक नहीं होनी चाहिए। साहित्य उसी भाषा में रचा जाना चाहिए, जिसे सभ्य समाज व्यवहार में लाता है। वे व्यावहारिक आलोचक थे। सरस्वती पत्रिका के संपादक के रूप में उनके अनेक आलोचनाएँ प्रकाशित हो चुके थे। वे हिन्दी के पहले व्यवस्थित समालोचक थे, जिन्होंने समालोचना की कई पुस्तकें लिखीं। 'नाट्यशास्त्र', 'विक्रमांकदेव चरितचर्या', 'हिंदी भाषा की उत्पत्ति और संपत्ति शास्त्र', 'काव्य मंजूषा', 'कविता कलाप', 'देवी-स्तुति', 'शतक गंगालहरी', 'ऋतु तरंगिणी', 'कुमारसंभव सार', 'देवी स्तुति- शतक', ' कान्यकुब्जावलीव्रतम' आदि उनकी प्रमुख रचनाएँ हैं। द्विवेदी जी ने भाषा का परिष्कार किया। किन्तु वे गद्य का आदर्श रूप प्रस्तुत नहीं कर पाए। उनके संबंध में यही बताया जाता है कि 'उन्होंने

समालोचना का मार्ग तो दिखाया लेकिन सफल आलोचक नहीं बन सके।'

1.4.2.2 बालमुकुन्द गुप्त

भारतेंदु युगीन लेखक बालमुकुन्द गुप्त व्यावहारिक आलोचक थे। उन्होंने भी अपने समकालीन अन्य आलोचकों के समान पुस्तक समीक्षा के रूप में अपनी समीक्षाओं को प्रस्तुत किया है। वे कृतियों को उसकी समग्रता में न देखकर केवल उनके दुर्बल पक्षों के उद्घाटन तक ही अपने को सीमित रखते थे। कृतियों से पड़नेवाले सामाजिक प्रभाव को ही वे प्रमुखता देते हैं। उन्होंने हिंदी के अतिरिक्त बंगला पुस्तकों की भी समीक्षा की है। बालमुकुन्द की समीक्षाओं में मुंशी उदित नारायण लाला द्वारा अनूदित बंगला नाटक 'अश्नुमती', किशोरी लाल गोस्वामी के 'तारा उपन्यास', 'अधखिला फूल', 'तुलसी सुधाकर', 'प्रवासी' आदि प्रमुख हैं।

▶ समकालीन अन्य आलोचकों के समान पुस्तक समीक्षा के रूप में अपनी समीक्षाओं को प्रस्तुत किया है

1.4.2.3 बाबू श्याम सुंदरदास

द्विवेदी युगीन आलोचकों में बाबू श्याम सुंदरदास का प्रमुख स्थान है। इन्होंने आलोचना के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य किया। बाबूजी सैद्धांतिक और व्यावहारिक आलोचना में माहिर थे। लेकिन वे दोनों का समन्वय नहीं कर सके। उनके सबसे प्रसिद्ध रचना है 'साहित्यालोचन'। इसके द्वारा उन्होंने विद्यार्थी और पाठक वर्ग के लिए आलोचना शास्त्र को सुलभ कर दिया। इस ग्रंथ में उन्होंने भारतीय और पाश्चात्य सिद्धांतों का समन्वय करके साहित्य समीक्षा को उदार बनाया। स्नातकोत्तर छात्रों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए बाबू श्यामसुंदर दास ने 'रूपक रहस्य' और 'भाषा रहस्य' नामक और दो ग्रन्थों की भी रचना की। उन्होंने कवियों की प्रामाणिक जीवनी अद्वितीय ढंग से प्रस्तुत की। उपन्यास, कहानी, निबंध, आलोचना आदि नवीन विधाओं का भी विवेचन किया। नाटक पर उन्होंने 'रूपक रहस्य' की रचना की।

▶ सैद्धांतिक और व्यावहारिक आलोचना में माहिर

'कबीर ग्रंथावली की भूमिका', 'हिंदी साहित्य का इतिहास' तथा 'भारतेंदु हरिश्चंद्र' उनकी व्यावहारिक आलोचना के प्रतिनिधि ग्रंथ हैं। इनके अतिरिक्त बाबूजी ने पत्र-पत्रिकाओं में बहुत से आलोचनात्मक लेख भी लिखे। 'नागरी प्रचारिणी' पत्रिका में उनके लेख बराबर प्रकाशित होते रहे। प्राचीन पुस्तकों के शोध कार्य का विवरण भी इसी पत्रिका के माध्यम से देते रहे। इस प्रकार बाबूजी ने हिंदी के आलोचना शास्त्र को स्वतंत्र रूप से विकसित करने का प्रयत्न किया और इस दिशा में कार्य करने के लिये अध्यापकों और शोधार्थियों को प्रोत्साहित भी किया।

▶ हिंदी के आलोचना शास्त्र को स्वतंत्र रूप से विकसित करने का प्रयत्न किया

1.4.2.4 मिश्रबंधु

गणेश बिहारी मिश्र, शुकदेव बिहारी मिश्र और श्यामबिहारी मिश्र नामक तीन भाई 'मिश्रबन्धु' सम्मिलित नाम से आलोचना करते थे। उन्होंने 'हिंदी नवरत्न' नमक समालोचनात्मक ग्रंथ लिखा। इसमें हिंदी के प्राचीन एवं आधुनिक नौ कवियों की समीक्षा की गई है। ये कवि इस प्रकार हैं - तुलसीदास, सूरदास, देव, बिहारी, भूषण, मतिराम, केशवदास, कबीर, चंद्रवरदाई और भारतेन्दु हरिश्चन्द्र। परवर्ती हिन्दी आलोचना में जिसे

▶ मिश्रबन्धुओं ने 'हिंदी नवरत्न' नमक समालोचनात्मक ग्रंथ लिखा।

तुलनात्मक आलोचना के रूप में जाना गया, उसके प्रवर्तन का श्रेय मिश्रबंधुओं को है। 'हिन्दी नवरत्न' में उन्होंने देव को श्रेष्ठ कवि घोषित किया। बिहारी समर्थक आलोचकों ने इसका प्रतिवाद किया, जिससे 'देव बड़े कि बिहारी' का झगड़ा प्रारम्भ हुआ। इससे हिन्दी में तुलनात्मक आलोचना का सूत्रपात हुआ। इस बहस में पण्डित कृष्ण बिहारी मिश्र, लाला भगवानदीन, पण्डित पद्मसिंह शर्मा आदि विद्वानों ने भी हिस्सा लिया।

'हिंदी नवरत्न' में उन्होंने कवियों की जीवनियों के साथ उनके काव्यगत वैशिष्ट्य को भी उद्घाटित किया। इसमें जो सामग्री है वह आलोचक और इतिहासकार दोनों के लिए उपयोगी है। इन नौ कवियों का चयन मिश्रबंधुओ ने कवियों की परस्पर तुलना के द्वारा किया है। उनकी दूसरी रचना 'मिश्रबंधु विनोद' में पाँच हजार के लगभग कवियों एवं लेखकों का परिचायत्मक विवरण मिलता है। इनकी समीक्षा पद्धति की सर्वप्रमुख विशेषता श्रेणी विभाजन है जिसके मूल में शास्त्रीयतायुक्त काव्योत्कर्ष और तुलना है। दोषों की अपेक्षा उन्होंने गुणों की ही ज़्यादा चर्चा की है। मिश्रबंधु केवल आलोचक ही नहीं थे बल्कि सफल इतिहासकार भी थे।

▶ मिश्रबन्धुओं की दूसरी रचना है 'मिश्रबंधु विनोद'।

द्विवेदी युगीन आलोचना भारतेंदु कालीन आलोचना के समान प्रेरणा देने का कार्य ही अधिक करती थी। इस काल के प्रतिनिधि लेखक आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी इतिवृत्तात्मकता को प्रधानता देने वाले थे। इसलिए तत्कालीन आलोचना को एक हद तक शुष्क और नीरस बता सकते हैं। फिर भी भारतेंदु द्वारा प्रारंभ किए गए कार्य को द्विवेदी जी ने आगे बढ़ाया। द्विवेदी युग में आलोचना का गंभीर रूप बाहर नहीं आया।

Summarised Overview / संक्षिप्त अवलोकन

द्विवेदी युग में आलोचना का रूप भरतेंदु युग से आधिक निखरा हुआ है। साथ ही इस समय आलोचना की कई नई पद्धातियाँ भी विकसित हुई। एक ओर जगन्नाथप्रसाद भानु और लाला भगवानदीन ने संस्कृत काव्यशात्र के अनुकरण कर सैद्धान्तिक आलोचना के ग्रन्थ लिखे तो दूसरी ओर पद्मसिंह शर्मा और मिश्र बन्धुओं ने 'हिन्दी नवरत्न' तथा 'मिश्रबन्धु विनोद' की रचना कर हिन्दी में पहली बार तुलनात्मक आलोचना की शुरुआत की। जगन्नाथ दास 'रत्नाकर' जैसे आलोचकों ने पाश्चात्य समीक्षकों के आलोचनात्मक कृतियों का अनुवाद भी प्रस्तुत किया। द्विवेदी युग में बिहारी और देव को लेकर विवाद शुरू हुआ। पद्मसिंह शर्मा ने 'बिहारी सतसई की टीका' में बिहारी को श्रृंगार रस का सर्वश्रेष्ठ कवि माना है। तदुपरान्त कृष्ण बिहारी मिश्र ने 'देव और बिहारी' नामक पुस्तक लिखकर देव को श्रेष्ठ माना, वहीं लाला भगवान दीन ने 'बिहारी और देव' लिखकर इसका जमकर विरोध किया। संक्षेप में द्विवेदी युग में आलोचना का गंभीर एवं तात्वगक रूप बाहर नहीं आया।

Assignment / प्रदत्त कार्य

1. द्विवेदी युगीन आलोचना पर लेख तैयार कीजिए।
2. द्विवेदी युगीन आलोचना की प्रवृत्तियों का परिचय दीजिए।
3. हिन्दी आलोचना के क्षेत्र में महावीर प्रसाद द्विवेदी का स्थान निर्धारित कीजिए।
4. द्विवेदी युगीन आलोचकों का परिचय दीजिए।

Reference / संदर्भ ग्रंथ

1. हिन्दी समीक्षा: स्त्रोत एवं सुत्रधार- सत्यदेव मिश्र
2. आलोचना और आलोचना: बच्चन सिंह
3. हिंदी आलोचना का विकास- नंदकिशोर नौसैनिक

Web Reference / अंतर्जाल संदर्भ

1. https://hindisarang.com/dwivedi-yugeen-hindi-aalochna/
2. https://www.studocu.com/in/document/kannur-university/literary-criticism
3. https://hi.m.wikibooks.org/
4. http://hindisahitya2010.blogspot.com/2011/11/blog-post_20.html?m=1

Suggested Reading / निर्धारित पुस्तक

1. हिंदी साहित्य का इतिहास- डॉ नगेंद्र : डॉ हरदयाल
2. हिंदी साहित्य युग और प्रवृत्तियाँ - शिवकुमार शर्मा
3. हिंदी साहित्य का दूसरा इतिहास- बच्चन सिंह
4. हिन्दी आलोचना - कशिश गोयल
5. आलोचना और आलोचना - बच्चन सिंह

Space for Learner Engagement for Objective Questions

Learners are encouraged to develop objective questions based on the content in the paragraph as a sign of their comprehension of the content. The Learners may reflect on the recap bullets and relate their understanding with the narrative in order to frame objective questions from the given text. The University expects that 1 - 2 questions are developed for each paragraph. The space given below can be used for listing the questions.

SGOU

BLOCK 02

आचार्य रामचन्द्र शुक्ल और उनका युग

Block Content

Unit 1: शुक्लजी और उनका युग- आचार्य रामचंद्र शुक्ल, गुलाबराय, बाबू श्यामसुंदरदास, पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी

Unit 2: स्वच्छंदतावादी काव्यालोचना- जयशंकर प्रसाद, सुमित्रानंदन पंत, सूर्यकांत त्रिपाठी निराला, महादेवी वर्मा

Unit 3: ऐतिहासिक समीक्षा- हज़ारीप्रसाद द्विवेदी, डॉ. रामकुमार वर्मा, शांतिप्रिय द्विवेदी, नंददुलारे वाजपेयी

Unit 4: सैद्धांतिक समीक्षा-गुलाबराय, नयी समीक्षा, यथार्थवाद, बिंबवाद, प्रतीकवाद

इकाई 1

शुक्लजी और उनका युग- आचार्य रामचंद्र शुक्ल, गुलाबराय, बाबू श्यामसुंदरदास, पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी

Learning Outcomes / अध्ययन परिणाम

- शुक्ल युगीन आलोचना से परिचित होता है
- शुक्ल युगीन आलोचना की प्रवृत्तियों को समझता है
- शुक्ल युगीन अन्य लेखकों के बारे में जानकारी प्राप्त करता है
- आलोचना साहित्य के विकास में आचार्य रामचंद्र शुक्ल के योगदान को समझता है

Background / पृष्ठभूमि

द्विवेदी युग में समालोचना केवल बहिरंग पक्ष तक सीमित थी। उसमें मानव के अंतःवृत्तियों का सूक्ष्म एवं विशद विश्लेषण करने की क्षमता नहीं थी। समालोचना की यह कमी आचार्य रामचंद्र शुक्ल की व्यावहारिक आलोचना से दूर हुई। इस युग में आलोचकों का ध्यान गुण-दोष कथन से आगे बढ़कर कवियों की विशेषताओं और उनकी अंतःवृत्ति की छानबीन की ओर गया। शुक्ल जी ने हिन्दी आलोचना के क्षेत्र में अपना विशिष्ट व्यक्तित्व स्थापित किया। वे एक ऐसे आलोचक के रूप में प्रतिष्ठित हुए जिनमें सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक समीक्षा का उत्कृष्ट रूप दिखाई पड़ता है। आचार्य शुक्लजी और उनके सहयोगी लेखकों ने हिन्दी समालोचना को उसके उत्कर्ष तक पहुँचाया।

Keywords / मुख्य बिन्दु

शुक्ल युग, आचार्य रामचंद्र शुक्ल, सैद्धान्तिक एवं व्यावहारिक आलोचना, बाबू गुलाब राय, बाबू श्यामसुंदरदास, पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी

Discussion / चर्चा

2.1.1 शुक्लजी और उनका युग

हिन्दी आलोचना में शुक्ल युग को सबसे महत्वपूर्ण युग माना जाता है। आचार्य रामचंद्र शुक्ल द्विवेदी युग में ही आलोचना जगत में प्रवेश कर चुके थे। उन्होंने अपनी अलौकिक प्रतिभा के बल पर हिन्दी आलोचना को सर्वोच्च शिखर तक पहुँचाया। शुक्ल जी ने आलोचना को वैज्ञानिकता प्रदान की। हिन्दी आलोचना के इस काल को उसके उत्थान का तृतीयकाल कहा जाता है। आचार्य शुक्लजी के समय में ही द्विवेदी युगीन नैतिकता और इतिवृत्तात्मकता के विरोध में छायावाद का उदय हो चुका था। नए युग और नई प्रवृत्ति के लिए नए प्रकार की आलोचना की आवश्यकता थी। नवीन साहित्य का मूल्यांकन पुरानी काव्यशास्त्रीय पद्धति पर करना सम्भव नहीं था। आचार्य शुक्लजी ने आलोचना का केन्द्र हिन्दी के भक्तिकाल को बना दिया, तथा स्वयं तुलसीदास, सूरदास व जायसी पर विस्तृत समीक्षाएँ लिखीं। उन्होंने कविता में अनुभूति को प्रधानता दी। शुक्लयुगीन हिन्दी आलोचना का अवलोकन दो भागों में बांट कर किया जा सकता है।

▶ कविता क्या है', 'काव्य में रहस्यवाद', 'रसमीमांसा' आदि शुक्लजी की प्रमुख सैद्धान्तिक आलोचनात्मक' रचनाएँ हैं।

1. सैद्धान्तिक आलोचना।
2. व्यावहारिक आलोचना

2.1.1.1 सैद्धान्तिक आलोचना

शुक्ल युग में भी कुछ लक्षण ग्रंथों की रचना तथा काव्यांगों का विवेचन हुआ। शुक्ल जी ने इस काल में आलोचना के क्षेत्र में सर्वाधिक योगदान दिया। उनकी आलोचनात्मक रचनाएँ 'कविता क्या है', 'काव्य में रहस्यवाद', 'रसमीमांसा' आदि सैद्धान्तिक आलोचना के उत्तम उदाहरण हैं। आचार्य शुक्ल के अलावा गुलाबराय की रचना 'नवरस', विश्वनाथ प्रसाद मिश्र की रचना 'काव्यांग कौमुदी', लक्ष्मी नारायण सुधांशु की रचना 'काव्य में अभिव्यंजनावाद', रमाशंकर शुक्ल रसाल की रचना 'आलोचनादर्श', डॉ रामकुमार वर्मा की रचना 'साहित्य समालोचना' आदि विशेष उल्लेखनीय है।

2.1.1.2 व्यावहारिक आलोचना

इस युग में शुक्ल जी ने व्यावहारिक आलोचना में 'तुलसीदास', 'तुलसी ग्रंथावली' आदि के द्वारा कवि के काव्यगुणों का परिचय करवाया। इसी तरह 'भ्रमर गीत सार' का भी शुक्ल जी ने सम्पादन किया। इस युग के अन्य व्यावहारिक आलोचनाओं में कृष्ण शंकर शुक्ल की रचना 'केशव की काव्य कला', विश्वनाथ प्रसाद मिश्र की रचना 'बिहारी की वाग्विभूति', रामकृष्ण शुक्ल की रचना 'प्रसाद की नाट्य कला', डॉ.रामकुमार वर्मा की रचना 'कबीर का रहस्यवाद', जनार्दन मिश्र की रचना 'विद्यापति',

भुवनेश्वर प्रसाद मिश्र की रचना 'मीरा की प्रेम साधना', रामनाथ सुमन का 'महाकवि हरिऔध', गुप्त जी की 'काव्यधारा' आदि उल्लेखनीय है।

शुक्ल युग से पूर्व हिंदी आलोचना में दोष-दर्शन, गुणकथन, निर्णय, तुलना आदि को प्रमुखता दी जाती थी। आचार्य शुक्ल ने अपनी आलोचना में विश्लेषण (Analysis), विवेचन (Interpretation) और निगमन (Induction) जैसे तत्वों को प्रमुखता दी जिनमें आलोचक की तटस्थता का तत्व भी निहित था। आलोच्य युग में लेखक विशेष के सामान्य गुण-दोष प्रकट करने के साथ ही उनकी रचना की मूल प्रवृत्तियों और उसमें निहित शाश्वत तत्वों की छानबीन भी की गयी। कृति को देशकाल सापेक्ष रखकर परखा गया और मानवीय मूल्यों को प्रमुखता दी गयी। इतना ही नहीं संस्कृत काव्य शास्त्रीय सिद्धांतों के प्रकाश में नये पश्चिमी काव्य शास्त्रीय सिद्धांतों को भी स्थान दिया गया। समीक्षा की इस नयी परिपाटी को जन्म देने का श्रेय आचार्य रामचन्द्र शुक्ल को है। इसीलिए इस युग को 'शुक्ल युग' के नाम से अभिहित किया गया।

▶ रामचन्द्र शुक्ल ने समीक्षा की नयी परिपाटी को जन्म दिया। इसीलिए इस युग को 'शुक्ल युग' के नाम से अभिहित किया गया

2.1.2 आचार्य रामचंद्र शुक्ल

आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने हिंदी समालोचना-साहित्य को सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होने अपने व्यापक और गंभीर अध्ययन, काव्यगुणों को पहचानने की अद्‌भुत क्षमता और विश्लेषण-बुद्धि के द्वारा हिन्दी-समालोचना को अभूतपूर्व उत्कर्ष प्रदान किया। उन्होंने अपने विवेचन के लिए हिन्दी के तीन बड़े कवियों गोस्वामी तुलसीदास, सूरदास और जायसी को चुना। तुलसीदास उनके प्रिय कवि थे। अतः सर्वप्रथम उन्होंने 'तुलसी-ग्रंथावली' (1923) का संपादन किया। उसकी भूमिका में 'रामचरितमानस' तथा तुलसी के अन्य ग्रंथों के काव्यसौंदर्य का विस्तारपूर्वक उद्‌घाटन किया। तुलसीदास समस्त भारत में महान भक्त और कवि के रूप में विख्यात थे। पर उनके काव्यगुणों का सम्यक उद्‌घाटन शुक्ल जी के पूर्व किसी आलोचक के द्वारा नहीं हुआ था। उनकी यही भूमिका बाद में 'गोस्वामी तुलसीदास' (1933) शीर्षक से स्वतंत्र ग्रंथ के रूप में प्रकाशित हुई। इसी भांति उन्होंने 'जायसी-ग्रंथावली' (1925) और 'भ्रमरगीतसार' (1926) का संपादन कर इनकी लंबी भूमिकाओं में जायसी और सूरदास की काव्योपलब्धियों का सूक्ष्म विवेचन किया। 'हिन्दी साहित्य का इतिहास' (1929) उनके गंभीर अध्ययन और विश्लेषण-सामर्थ्य का प्रमाण है।

▶ 'हिन्दी साहित्य का इतिहास' शुक्लजी का प्रमुख इतिहास ग्रंथ है।

शुक्ल जी रसवादी, नीतिवादी और लोकमंगलवादी आलोचक हैं। वे तुलसी और जायसी जैसे कवियों के काव्यसौष्ठव का सम्यक उद्‌घाटन कर सके। लेकिन सूरदास, रीतिकवियों और आधुनिक कवियों के साथ पूरा न्याय नहीं कर पाये। उन्होने कवि-रूप में सूरदास की श्रेष्ठता को स्वीकार तो किया, लेकिन तुलसी के समकक्ष नहीं रखा। क्योंकि उनके अनुसार सूरदास ने 'लोकपक्ष' पर उतना ध्यान नहीं दिया, जितना तुलसीदास ने। उन्होंने कबीर को तो विवेचन के योग्य भी नहीं समझा।

▶ शुक्ल जी रसवादी, नीतिवादी और लोकमंगलवादी आलोचक हैं।

▶ शुक्ल जी की प्रमुख आलोचनात्मक कृतियाँ

'चिंतामणि', 'रस मीमांसा', 'काव्य में रहस्यवाद', 'अभिव्यंजनावाद', आदि शुक्ल जी की प्रमुख आलोचनात्मक कृतियाँ हैं। चिंतामणि में संग्रहित निबंध, 'काव्य में लोक-मंगल की साधनावस्था' आदि उनके सैद्धांतिक आलोचनाएँ हैं। तुलसी, जायसी, सूर, छायावाद, रहस्यवाद आदि पर लिखित समीक्षा इनकी व्यावहारिक आलोचनाएँ हैं।

▶ सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक आलोचना के साथ गवेषणात्मक एवं व्याख्यात्मक आलोचना का भी मार्ग प्रशस्त किया

'काव्य में रहस्यवाद' शुक्ल जी की पहली सैद्धांतिक आलोचना है। ये पहले समीक्षक है जिन्होंने कवियों की आंतरिक विशेषताओं पर प्रकाश डाला और प्राचीन रस पद्धति और पाश्चात्य समालोचना पद्धति का समन्वय किया। इन्होंने सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक आलोचना के साथ गवेषणात्मक एवं व्याख्यात्मक आलोचना का भी मार्ग प्रशस्त किया। इनकी भाषा गंभीर और परिष्कृत साहित्यिक हिन्दी है। वस्तुतः आचार्य रामचंद्र शुक्ल का हिन्दी आलोचना में गौरवपूर्ण स्थान है। ये आलोचना के क्षेत्र में पथ प्रदर्शक आचार्य है। अपनी आलोचना से इन्होंने अनेक नये प्रतिमान स्थापित किये। आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी जी के शब्दों में - 'आचार्य रामचंद्र शुक्ल जैसा गंभीर और स्वतंत्र समालोचक हिन्दी में तो क्या अन्य भारतीय भाषाओं में दूसरा न हुआ।'

2.1.3 बाबू गुलाब राय

▶ गुलाब राय के आलोचनात्मक ग्रंथ

बाबू गुलाब राय ने छात्रोपयोगी पुस्तकें लिखीं जिनका मुख्य उद्देश्य भारतीय और पाश्चात्य काव्यशास्त्र का विश्वसनीय और प्रामाणिक परिचय प्रस्तुत करना था। इसी दृष्टि से उन्होंने 'सिद्धान्त और अध्ययन' तथा 'काव्या के रूप' की रचना की। ये दोनों पुस्तकें पूर्णता और स्पष्टता के साथ विद्यार्थियों को काव्यांगों, रस, रीति, लक्षणा, व्यंजना, अलंकार आदि का सामान्य परिचय देता है। उन्होंने साहित्यिक सिद्धांतों का तुलनात्मक अध्ययन भी किया है। 'हिंदी काव्य विमर्श', 'साहित्य समीक्षा' आदि उनके व्यावहारिक आलोचनात्मक ग्रंथ हैं। उन्होंने 'साहित्य संदेश' नामक आलोचनात्मक पत्रिका का सम्पादन करके हिंदी आलोचना के प्रचार-प्रसार में काफी योगदान दिया।

2.1.4 बाबू श्यामसुंदर दास

▶ भारतीय और पाश्चात्य सिद्धांतों का समन्वय करके साहित्य समीक्षा को उदार बनाया

शुक्ल जी के समकालीन आलोचकों में बाबू श्यामसुंदर दास का प्रमुख स्थान है। उन्होंने द्विवेदी काल में आलोचना आरंभ की तो भी शुक्ल युग में ही उनकी प्रतिभा का उत्कर्ष हुआ था। उनकी सबसे प्रसिद्ध रचना है 'साहित्यालोचन'। इसके द्वारा उन्होंने विद्यार्थी और पाठक वर्ग के लिए आलोचना शास्त्र को सुलभ कर दिया। इस ग्रंथ में उन्होंने भारतीय और पाश्चात्य सिद्धांतों का समन्वय करके साहित्य समीक्षा को उदार बनाया। स्नातकोत्तर छात्रों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए बाबू श्यामसुंदर दास ने 'रूपक रहस्य' और 'भाषा रहस्य' नामक और दो ग्रन्थों की भी रचना की। उन्होंने कवियों की प्रामाणिक जीवनी अद्वितीय ढंग से प्रस्तुत की। उपन्यास, कहानी, निबंध, आलोचना आदि नवीन विधाओं का भी विवेचन किया। 'रूपक रहस्य' नाटक पर आधारित रचना है।

▶ हिंदी के आलोचना शास्त्र को स्वतंत्र रूप से विकसित करने का प्रयत्न किया

'कबीर ग्रंथावली की भूमिका', 'हिंदी साहित्य का इतिहास' तथा 'भारतेंदु हरिश्चंद्र' उनकी व्यावहारिक आलोचना के प्रतिनिधि ग्रंथ हैं। इनके अतिरिक्त बाबूजी ने पत्र-पत्रिकाओं में बहुत से आलोचनात्मक लेख भी लिखे। 'नागरी प्रचारिणी' पत्रिका में उनके लेख निरंतर प्रकाशित होते थे। प्राचीन पुस्तकों के शोध कार्य का विवरण भी इसी पत्रिका के माध्यम से देते रहे। इस प्रकार बाबूजी ने हिंदी के आलोचना शास्त्र को स्वतंत्र रूप से विकसित करने का प्रयत्न किया और इस दिशा में कार्य करने के लिए अध्यापकों और शोधार्थियों को प्रोत्साहित भी किया।

2.1.5 पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी

▶ उपन्यास को जनता के साहित्य के रूप में स्वीकृति दी

पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी ने 'हिन्दी साहित्य विमर्श', 'विश्व साहित्य' जैसी पुस्तकों के द्वारा हिन्दी-साहित्य में तुलनात्मक आलोचना का मार्ग प्रशस्त किया। साथ ही 'हिन्दी कहानी साहित्य', 'हिन्दी उपन्यास साहित्य' जैसी पुस्तक से कथालोचना की गंभीर और व्यवस्थित शुरूआत की। उन्होंने उपन्यास को जनता के साहित्य के रूप में स्वीकृति दी। वे पहले आलोचक हैं जिन्होंने देवकीनन्दन खत्री के जादुई प्रभाव को स्वीकार किया। ये प्रेमचन्द की चमत्कारिक सफलता का रहस्य उनके पात्र और कथ्य को मानते हैं। क्योंकि वह पात्र हमारे समाज के ही व्यक्ति हैं और उनकी कथाओं में हमारे ही घरों के चित्र अंकित हैं। उनकी समस्याएँ हमारी ही समस्याएँ हैं।

Summarised Overview / संक्षिप्त अवलोकन

आचार्य रामचन्द्र शुक्ल हिंदी के युगद्रष्टा आलोचक हैं। एक गंभीर विचारक होने के कारण उन्होंने हिंदी समीक्षा को व्यवस्थित एवं उच्च भावभूमि पर प्रतिष्ठित किया। सबसे पहले शुक्लजी ने ही कवियों और उनकी कृतियों तथा साहित्य की सामान्य प्रवृत्तियों को सामाजिक पृष्ठभूमि में रखकर परखा। मूल रूप से उनका विवेच्य विषय काव्यालेचना ही रहा है। उन्होंने काव्य के अन्तर्गत आने वाले रस, भाव, मनोविकार, साधारणीकरण, रीति, अलंकार आदि को अपना आलोच्य-विषय बनाया उन्होंने इन विषयों का वैज्ञानिक दृष्टि से विवेचन और विश्लेषण किया है। आलोचना के सैद्धांतिक और प्रायोगिक-दोनों रूपों में शुक्ल जी ने पर्याप्त योगदान दिया है। पर उनका क्षेत्र सीमित रहा, उन्होंने प्राचीन कवियों, विशेषकर तुलसी, जायसी और सूर के विवेचन में तो उच्चकोटि की आलोचनात्मक क्षमता का परिचय दिया है। पर आधुनिक कवियों के प्रति वे अनौचित्य की सीमा तक अनुदार हो गये। बाद में उन्होंने छायावादी काव्य में कुछ अच्छाइयाँ भी देखीं, पर उनका मूल स्वर विरोधी ही रहा।

Assignment / प्रदत्त कार्य

1. शुक्ल युगीन आलोचना पर लेख तैयार कीजिए।
2. शुक्ल युगीन आलोचना की शैलियों का परिचय दीजिए।
3. हिन्दी आलोचना के क्षेत्र में आचार्य रामचन्द्र शुक्ल का स्थान निर्धारित कीजिए।
4. शुक्ल युगीन आलोचकों का परिचय दीजिए।

Reference / संदर्भ ग्रंथ

1. हिन्दी समीक्षा: स्त्रोत एवं सुत्रधार- सत्यदेव मिश्र
2. आलोचना और आलोचना: बच्चन सिंह
3. हिंदी आलोचना का विकास- नंदकिशोर नौसैनिक
4. आलोचना के प्रगतिशील आयाम शिव कुमार मिश्र

Web Reference / अंतर्जाल संदर्भ

1. https://hi.wikibooks.org/wiki/%
2. http://www.socialresearchfoundation.com/upoadreserchpapers/3/
3. https://ebooks.inflibnet.ac.in/hinp01/chapter/
4. https://youtu.be/w-Jh355klPE?si=i9MSIDghzuB1qA3U
5. https://youtu.be/qPZxIP0uSoc?si=PklQ0mowWrlxMn_e

Suggested Reading / निर्धारित पुस्तक

1. हिंदी साहित्य का इतिहास- डॉ. नगेन्द्र
2. हिंदी साहित्य का दूसरा इतिहास- बच्चन सिंह
3. काव्यशास्त्र - डॉ भागीरथ मिश्र
4. हिन्दी आलोचना - विश्वनाथ त्रिपाठी
5. हिंदी आलोचना एक संयक दृष्टि – डॉ हरेराम सिंह

Space for Learner Engagement for Objective Questions

Learners are encouraged to develop objective questions based on the content in the paragraph as a sign of their comprehension of the content. The Learners may reflect on the recap bullets and relate their understanding with the narrative in order to frame objective questions from the given text. The University expects that 1 - 2 questions are developed for each paragraph. The space given below can be used for listing the questions.

SGOU

इकाई 2

स्वच्छंदतावादी काव्यालोचना- जयशंकर प्रसाद, सुमित्रानंदन पंत, सूर्यकांत त्रिपाठी निराला, महादेवी वर्मा

Learning Outcomes / अध्ययन परिणाम

- स्वच्छंदतावादी काव्यालोचना से परिचित हो सकता है
- स्वच्छंदतावादी काव्यालोचना की प्रवृत्तियों को समझ सकता है
- आलोचक जयशंकर प्रसाद के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकता है
- आलोचक सुमित्रानंदन पंत के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकता है।
- आलोचक सूर्यकांत त्रिपाठी निराला के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकता है
- आलोचक महादेवी वर्मा के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकता है

Background / पृष्ठभूमि

हिंदी साहित्य में छायावाद के अभ्युदय के साथ ही आलोचना के क्षेत्र में स्वच्छंदतावादी प्रवृतियाँ उभरने लगी थी। स्वच्छंदतावादी आलोचक किसी भी वाद या विचारधारा का पक्षधर न होकर अपने निजी विचारों को प्रकट करते थे। इन आलोचकों ने शुक्लजी के मत का खंडन किया। उनका उद्देश्य शुक्ल जी द्वारा छायावाद पर लगाए गए आरोपों को गलत साबित करना था। इन आलोचकों ने साहित्य की जड़ता, कृत्रिमता, रूढियों तथा अप्रासंगिक होती हुई लेखन परम्पराओं से विद्रोह किया। स्वच्छंदतावादी आलोचना में वैयक्तिकता, कल्पनाशीलता और स्वानुभूति को एक मूल्य के रूप में स्वीकार किया गया है। इसमें रचनाकार की अंतर्वृतियों का अध्ययन अनिवार्य मानते हैं। स्वच्छंदतावादी प्रभाव से हिंदी आलोचना बंधे-बंधाये ढाँचे से बाहर निकलकर नाना रूपों में प्रकट हुई।

Keywords / मुख्य बिन्दु

स्वच्छंदतावादी काव्यालोचना, पं.नंददुलारे वाजपेयी, नगेन्द्र, शांतिप्रिय द्विवेदी, जयशंकर प्रसाद, सुमित्रानंदन पंत, सूर्यकांत त्रिपाठी निराला, महादेवी वर्मा

Discussion / चर्चा

2.2.1 स्वच्छंदतावादी काव्यालोचना

छायावाद के साहित्यिक विश्लेषण के लिए स्वच्छंदतावादी समीक्षा पद्धति की शुरुआत हुई। इसके तत्वों का निर्माण छायावाद की प्रमुख विशेषताओं से हुआ। साथ ही अंग्रेजी के रोमांटिक क्रिटिसिज्म का भी इस पर प्रभाव पड़ा। इसमें शास्त्रीय मान्यताओं, परंपराओं, रूढ़ियों और कृत्रिमता से मुक्ति का प्रयास करते हुए आत्मानुभूति, कल्पना, सहजता और स्वच्छंदता के आधार पर रचनाओं का मूल्यांकन किया जाता है। स्वच्छंदतावादी आलोचकों ने प्राचीन सिद्धांतों से हट कर काव्य में सूक्ष्म-सौन्दर्य देखने का प्रयत्न किया। आलोचकों ने उपादेयता के आधार पर साहित्य का मूल्यांकन न कर आनंद को प्रधानता दी। इस समीक्षा में जीवन के प्रति एक ऐसा भावमय दृष्टिकोण है जो अनुभूति को केन्द्र में रखकर विकसित हुई है। शुक्ल जी ने समीक्षा के जो मानदंड निर्धारित किए वह भक्तिकालीन और रीतिकालीन साहित्य पर खरे उतरते थे। समाज से अधिक जुड़े आधुनिक साहित्य की समीक्षा के लिए नए मानदंडों की आवश्यकता थी। आचार्य नंददुलारे वाजपेयी, डॉ नगेंद्र, शांतिप्रिय द्विवेदी आदि आलोचकों ने इस कमी को पूरा किया। इन्होंने पूर्व प्रचलित समीक्षा पद्धतियों के स्थान पर नवीन समीक्षा पद्धतियों को स्थापित किया। इन तीनों समर्थ आलोचकों ने शुक्लजी से टकराकर एक ओर उनकी श्रेष्ठता को स्वीकार किया तो दूसरी ओर अपने लिए नया मार्ग ढूँढ़कर हिन्दी आलोचना को आगे बढ़ाया। छायावाद के मूल्यांकन के प्रश्न पर इन आलोचकों ने आचार्य शुक्ल का विरोध किया।

▶ आचार्य नंददुलारे वाजपेयी को छायावाद के मूर्धन्य आलोचक माने जाते हैं।

छायावादी कविता को साहित्य जगत में प्रतिष्ठित करने का श्रेय आचार्य नंददुलारे वाजपेयी को है। वे आचार्य रामचन्द्र शुक्ल के बाद हिन्दी आलोचना को नई दृष्टि देने वाले आलोचक हैं। उन्होंने हिंदी साहित्य में सौष्ठववादी समीक्षा पद्धति का प्रारंभ किया। इसके लिए इन्होंने पश्चात्य एवं भारतीय साहित्य चिंतन का समन्वय किया। इनकी समालोचना पद्धति में हम रसवादी और स्वच्छतावादी समीक्षा पद्धतियों का मिश्रण देख सकते हैं।

▶ वाजपयाजी ने शुक्लजी की सीमाओं को उद्घाटित किया।

वाजपेयी जी ने शुक्लजी की सीमाओं को उद्घाटित किया। उन्होंने छायावादी काव्य के संदर्भ में शुक्लजी के दृष्टिकोण को नवीन साहित्यिक संवेदना के लिए अनुपयुक्त माना। उनके अनुसार अपने पूर्वग्रह और द्विवेदीकालीन संस्कारों के कारण शुक्लजी छायावादी काव्य के साथ न्याय नहीं कर सके। नये छायावादी काव्य के मार्ग में पड़नेवाले समस्त अवरोधक तत्त्वों का वाजपेयीजी ने जबर्दस्त विरोध किया। उन्होंने प्रसाद, पंत और निराला की काव्य प्रतिभा से परिचित कराते हुए छायावादी कविता और उसके गौरव को प्रतिष्ठापित किया।

डॉ. नगेन्द्र स्वच्छंदतावादी सौष्ठववादी समीक्षा पद्धति के प्रमुख आलोचक हैं। उन्होंने हिन्दी-आलोचना को व्यावहारिक एवं सैद्धांतिक दोनों दृष्टियों से संपन्न किया। छायावादी काव्य की अन्तर्मुखी साधना, सौन्दर्य चेतना और कलात्मकता के प्रति उनका विशेष आकर्षण था। उन्होंने समीक्षा का आरंभ छायावाद पर स्फुट निबंध से किया। 'हंस' पत्रिका में उनका पहला निबंध 'सुमित्रानंदन पंत' पर प्रकाशित हुआ था। 'सुमित्रानंदन पंत' नामक पुस्तक में उन्होंने पंत जी की कविताओं की सुंदर समीक्षा की है।

▶ डॉ. नगेन्द्र मूलतः रसवादी आलोचक हैं

धीरे-धीरे वे व्यावहारिक आलोचना से सैद्धांतिक आलोचना की ओर आकृष्ट हुए। 'रीतिकाव्य की भूमिका' तथा 'देव और उनकी कविता' में इसका स्पष्ट आभास मिलता है। अपनी व्यावहारिक आलोचनाओं के लिए उन्होंने विविध विषय चुने हैं- काव्य, उपन्यास, नाटक, रेखाचित्र आदि। उन्होंने मध्ययुग से आधुनिक युग तक के कृतिकारों की समीक्षा की है। किंतु वे मुख्य रूप से आधुनिक काव्य के आलोचक रहे हैं। उन्होंने मनोविश्लेषणात्मक समीक्षाएँ भी की है। लेकिन वे मूलतः रसवादी आलोचक हैं।

▶ 'रीतिकाव्य की भूमिका', 'रस सिद्धांत' और 'देव और उनकी कविता' डॉ. नगेन्द्र के प्रमुख आलोचनात्मक ग्रंथ हैं

'रस-सिद्धांत' नामक ग्रंथ में उन्होंने रस की सांगोपांग विवेचना करते हुए उसकी पुनःप्रतिष्ठा करने का पांडित्यपूर्ण प्रयास किया है। 'नई समीक्षा नए संदर्भ' में मूल्यों का विघटन, सांस्कृतिक संकट, आधुनिकता का प्रश्न आदि पर विचार किया गया है। उन्होंने हिंदी आलोचना को व्यावहारिक एवं सैद्धान्तिक दोनों दृष्टियों से परखने का प्रयास किया। छायावाद के शिल्पपक्ष की सूक्ष्मताओं को उजागर करने में डॉ नगेन्द्र का योगदान अतुलनीय है।

▶ 'रस सिद्धांत' में डॉ. नगेन्द्र ने रस का विवेचन कर उसकी पुनः प्रतिष्ठा का प्रयास किया है।

शांतिप्रिय दिवेदी की आलोचनात्मक रचनाएँ मुख्यतः छायावाद पर केंद्रित थी। वे छायावाद पर ऐतिहासिक दृष्टि से विचार करने वाले समीक्षक थे। वे काव्य से जीवन की प्रेरणा प्राप्ति को महत्व देते हैं। उन्होंने संवेदनीयता को काव्य के उद्देश्य में स्थान दिया। द्विवेदी जी ने छायावादी काव्य के विकास में गांधीवाद और प्रथम विश्व युद्ध की परिस्थितियों को सहायक माना। उन्होंने 'छायावाद और उसके बाद' निबंध में साहित्य के विकास का अध्ययन किया है।

▶ शांतिप्रिय दिवेदी छायावाद के मर्मज्ञ आलोचक थे।

हिंदी के शीर्षास्थ आलोचक डॉ. नामवर सिंह ने 'छायावाद' नामक अपने आलोचनात्मक ग्रंथ में छायावाद को अनेक प्रवृत्तियों का समुच्चय कहा है। इसके केंद्र में राष्ट्रीय जागरण की भावना है। इस पुस्तक में उन्होंने छायावाद के भाव और कलापक्ष की विविध प्रवृत्तियों का विवेचन करके छायावाद के ऐतिहासिक महत्त्व एवं काव्योत्कर्ष की व्याख्या की।हिंदी समालोचना के विकास में छायावादी कवियों का योगदान भी उल्लेखनीय है। छायावादी काव्य पर आचार्य रामचन्द्र शुक्ल द्वारा लगाये गये आरोपों के जवाब में छायावादी कवियों ने अपनी आलोचनाएँ लिखीं। उन्होंने आलोचना को नयी दिशा देने के लिये प्राचीन शास्त्रवादी साहित्यिक मूल्यों पर प्रश्न चिन्ह लगाकर नये मूल्यों को प्रतिष्ठित किया।

▶ डॉ. नामवर सिंह ने 'छायावाद' नामक आलोचनात्मक ग्रंथ में छायावाद की प्रवृत्तियों का विश्लेषण किया है

2.2.2 जयशंकर प्रसाद

▶ 'काव्य और कला तथा अन्य निबंध' में जयशंकर प्रसाद कवि-कर्म की व्याख्या करते हैं।

प्रसाद जी ने 1936 ई. में 'हंस' पत्रिका के अनेक अंकों में काव्य की आलोचना विषयक निबंध लिखे जिसका संकलन बाद में 'काव्य और कला तथा अन्य निबंध' शीर्षक से हुआ। इन निबंधों में उन्होंने काव्य और कला, रहस्यवाद, नाटकों में रस का स्थान, रंगमंच, यथार्थवाद, छायावाद आदि के संबंध में अपने विचार प्रकट किये। 'काव्य और कला तथा अन्य निबंध' में प्रसादजी कवि-कर्म की व्याख्या एक आध्यात्मिक कर्म के रूप में करते हैं। उन्होंने अपने छायावाद संबंधी विवेचन में शुक्लजी के आक्षेपों का उत्तर दिया है। शुक्ल जी ने रहस्यवाद को एक विजातीय प्रवृत्ति माना। लेकिन प्रसाद जी ने रहस्यवाद का विवेचन भारतीय अद्वैतवाद की मानववादी धारा से जोड़कर किया। उन्होंने भारतीय काव्य का मूलाधार आत्मा की अनुभूति को माना। वे अनुकरण की प्रवृत्ति को पश्चिमी कला का मूल मानते हैं।

▶ 'चन्द्रगुप्त' और 'कामायनी' जैसी कृतियों की लम्बी भूमिकाएँ प्रसाद जी को सफल आलोचक सिद्ध करता है।

प्रसाद जी रस को काव्यात्मा मानने वाले आलोचकों में से थे। वे रस को आनंद से जोड़ने थे। अलंकार, रीति, वक्रोक्ति, ध्वनि आदि भारतीय काव्यशास्त्र के अन्य सम्प्रदायों को वे विवेक से जोड़ते हैं। प्रसाद जी भारतेन्दु युग के यथार्थोन्मुख प्रवृत्तियों पर भी टिप्पणी करते हैं। उनकी ये टिप्पणियाँ अपूर्ण है और उसमें कवि का पूर्वाग्रह भी देखा जा सकता है। लेकिन इन निबन्धों से उनकी सुगम्भीर

गवेषणात्मक प्रवृत्ति और विश्लेषणात्मक क्षमता का अनुमान लगाया जा सकता है। संस्कृति और इतिहास के क्षेत्र में उनकी गम्भीर पैठ का प्रमाण उनकी 'चन्द्रगुप्त' और 'कामायनी' जैसी कृतियों की लम्बी भूमिकाओं से भी मिलता है।

प्रसादजी ने छायावाद की आलोचना से संबंधित तीन महत्वपूर्ण कार्य किये-

1. छायावाद को भारतीय चिंतन परंपरा से विकसित माना।

2. छायावाद को मात्र शैली चमत्कार न मानकर उसका संबंध अनुभूति से जोडा।

3. छायावादी कविता के सौंदर्य में निहित शिवत्व के दर्शन कराये।

उनके समान साहित्य और दर्शन का समन्वय करने वाले आलोचक हिन्दी में बहुत कम है। यही कारण है कि उन्होंने अपने कुछ ही लेखों में जो आलोचनात्मक सामग्री प्रस्तुत की है, वह परिमाण में कम होने पर भी गुण और गरिमा में अप्रतिम है।

2.2.3 सुमित्रानंदन पंत

▶ पंतजी ने 'पल्लव' की भूमिका से आलोचना जगत में प्रवेश किया।

पंतजी ने 'पल्लव' की भूमिका में अपने काव्य संबंधी विचार प्रकट किए। उस भूमिका से पंतजी के गहन अध्ययन- मनन का पता चलता है। यह भी ज्ञात होता है कि शब्दों की विविध छायाओं को हृदयंगम करने की उनमें अतुल प्रतिभा है। इसमें उनके प्रभाववादी आलोचक का रूप प्रकट होता है। साथ ही ब्रजभाषा और खड़ी बोली के शब्द

सौकुमार्य पर विचार किया है। वे खड़ी बोली में काव्य रचने के समर्थक थे। पंतजी के विचार आत्मनिष्ठ हैं। 'वीणा' की भूमिका में उन्होंने रीतिकाल से-द्विवेदी युग तक की कविता की कमियाँ बताते हुए छायावादी कविताओं की वकालत की।

पंतजी के आलोचनात्मक विचारों को पढ़ने पर वह आलोचना से अधिक किसी कवि के हृदय पर पड़े प्रभावों की अभिव्यक्ति अधिक लगते हैं। उनके निर्णय इतने आत्मनिष्ठ लगते हैं कि उनको आलोचना की श्रेणी में रखना कठिन है। पंतजी की शैली आलोचनात्मक नहीं काव्यात्मक है।

- पंतजी ने 'वीणा' की भूमिका में रीतिकाल से-द्विवेदी युग तक की कविता की कमियाँ बताते हुए छायावादी कविताओं की वकालत की

2.2.4 सूर्यकांत त्रिपाठी निराला

निराला जी की आलोचना दृष्टि अन्य छायावादी कवियों से अलग एवं निराला रहा है। वे विश्लेषणात्मक प्रतिभा से युक्त आलोचक थे। उनकी आलोचनात्मक रचनाएँ प्रायः स्फुट निबंधों के रूप में ही उपलब्ध है। उन्होंने साहित्यिक निबन्धों के अलावा दार्शनिक, सामाजिक, संस्मरणात्मक तथा भावात्मक निबन्ध भी लिखे हैं। छायावादी कवियों में साहित्येतर प्रश्नों पर सर्वाधिक विचार करने वाले आलोचक हैं निराला।

- साहित्येतर प्रश्नों पर सर्वाधिक विचार करने वाले आलोचक

सुमित्रानंदन पंत के 'पल्लव' के प्रकाशन के तुरंत बाद निराला ने 'पंत और पल्लव' शीर्षक से पंतजी की कविताओं की आलोचना की थी। निराला के अनुसार 'पल्लव' की पंक्तियाँ दूसरे कवियों की पंक्तियों का भावानुवाद है। उन्होंने अनेक उदाहरणों से दिखाया है कि पंतजी ने रवीन्द्रनाथ, वर्ड्सवर्थ और शेली की पंक्तियों और टुकड़ों का खुलकर उपयोग किया है। 'पंत और पल्लव' में निराला ने पंत की व्यावहारिक समीक्षा की थी। व्यावहारिक समीक्षा में निरालाजी ने पंतजी के गुणों को देख पाने की दुर्लभ दृष्टि का भी परिचय दिया है। दोष देखकर वे तीव्र आलोचना करते हैं तो गुण देखकर मुक्त कंठ से प्रशंसा भी करते हैं।

- निराला जी ने 'पंत और पल्लव' शीर्षक लेख से आलोचना की शुरुआत की।

निराला जी ने आलोचना की कोई स्वतंत्र पुस्तक नहीं लिखी। अपने विरोधियों को उत्तर देने के लिए समकालीन पत्र-पत्रिकाओं में अनेक लेख लिखे। उनका गद्य यथार्थवादी था। उन्होंने भाषा, छंद स्थानीयता, सार्वदेशिकता, समसामयिकता आदि के जो सवाल उठाए हैं, वे आज भी महत्वपूर्ण है। समालोचना के नाम पर उन्होंने काव्य सिद्धान्तों का प्रतिपादन न करके कविता की व्यावहारिक समालोचना की है। कविता की आलोचना में निराला छायावादी कवियों में सबसे आगे हैं। उन्होंने 'हरिऔध' और गुप्त जी की काव्यभाषा की भी प्रशंसा की है। निराला जी की आलोचना देखकर ऐसा लगता है कि छायावादी कवियों में एकमात्र निराला ही आलोचकीय क्षमता से युक्त थे।

- भाषा, छंद स्थानीयता, सार्वदेशिकता, समसामयिकता आदि के जो सवाल उठाए हैं, वे आज भी महत्वपूर्ण है।

2.2.5 महादेवी वर्मा

1936 ई. में प्रकाशित 'सांध्यगीत' की भूमिका में महादेवी वर्मा ने छायावाद को परिभाषित करने का प्रयास किया है। इसमें उन्होंने छायावाद-रहस्यवाद की व्याख्या करके उसका समर्थन किया। 'साहित्यकार की आस्था तथा अन्य निबंध' उनके स्फुट

- 'सांध्यगीत' की भूमिका से महादेवी वर्मा ने आलोचना का आरंभ किया

लेखों का संग्रह है।उनके 'रहस्यवाद' शीर्षक निबन्ध में आधुनिक रहस्यवाद में बुद्धितत्व का योगदान स्वीकार करते हुए प्राचीन भारतीय साहित्य में उसकी स्थिति व्यक्त की गई है। 'गीतिकाव्य' नामक निबन्ध में गीत की परिभाषा देते हुए उसमें भावना और संगीत के संतुलन को अनिवार्य माना है। महादेवीजी इस बात का सख्त विरोध करती है कि छायावाद का स्रोत पश्चिम से है। उनके अनुसार छायावाद के भारतीय होने का प्रमाण यह है कि केवल अनुकरण काव्य को इतनी समृद्धि नहीं दे सकता। 'सामयिक समस्या' महादेवी के विवेचनात्मक गद्य है जिसमें उन्होंने समकालीन साहित्यिक समस्याओं पर विचार किया है। साथ ही इसमें वे छायावादी कवियों की यथार्थवादी रचनाओं की ओर इशारा करते हैं। उनके अनुसार प्रगतिवाद छायावाद के गर्भ से निकला है।

- महादेवी वर्मा ने अपने आलोचनात्मक विचारों में जनवादी यथार्थवादी चेतन का परिचय दिया है।

महादेवी जी का गद्य साधारण और सामान्य जीवन में विचरण करने वाले एक प्रबुद्ध और भावुक चिंतक का है। वे श्रमजीवी वर्ग को कलाओं का अधिक विश्वसनीय रक्षक मानते हैं। अपने वर्गगत संस्कारों को अनदेखा करने पर अस्वाभाविक और कृत्रिम साहित्य रचा जाता है। साथ ही साथ वे नारी स्वतंत्रता को भी प्रमुखता देती थी। महादेवीजी ने छायावाद की विशेषताओं की विवेचना करते हुए कहा है कि छायावाद ने स्थूल समस्याओं को भी अपना विषय बनाया है। प्रसाद, निराला और पंत की राष्ट्रीय कविताएँ छायावाद को स्थूल के प्रति सूक्ष्म का विद्रोह मानने नहीं देते। निराला की 'विधवा' पर लिखी गई विख्यात कविता इसका उदाहरण है। राष्ट्रीय भावना को लेकर लिखे गए 'जय-पराजय के गान' भी इसका प्रमाण है। इस प्रकार छायावादी कवयित्री महादेवी वर्मा ने अपने आलोचनात्मक विचारों में जनवादी यथार्थवादी चेतन का परिचय दिया है।

Summarised Overview / संक्षिप्त अवलोकन

हिंदी छायावादी काव्यधारा के मूल्यांकन के लिए विकसित स्वच्छंदतावादी काव्यालोचना को समय-समय पर अनेक समीक्षकों ने अपनी उत्कृष्ट समीक्षा प्रतिभा और गहरी साहित्यिक समझ से परिपक्व और परिष्कृत कर नई गरिमा प्रदान की। जयशंकर प्रसाद, सूर्यकांत त्रिपाठी निराला, सुमित्रानंदन पंत और महादेवी वर्मा ने अपने काव्यग्रंथों की भूमिकाओं एवं पत्र-पत्रिकाओं में लिखे निबंधों से छायावादी काव्य की समीक्षा करते हुए कविता के मर्म से लोगों को परिचित कराया। दूसरी ओर नन्ददुलारे वाजपेयी, शांतिप्रिय द्विवेदी एवं डॉ नगेन्द्र जैसे समर्थ आलोचकों ने अपनी समीक्षात्मक कृतियों से छायावादी काव्य को दृढ़ आधार प्रदान किया।

Assignment / प्रदत्त कार्य

1. स्वच्छंदतावादी काव्यालोचना पर लेख तैयार कीजिए।
2. स्वच्छंदतावादी काव्यालोचना की प्रवृत्तियों का परिचय दीजिए।
3. हिन्दी आलोचना के क्षेत्र में स्वच्छंदतावादी काव्यालोचना का स्थान निर्धारित कीजिए।
4. हिंदी के प्रमुख स्वच्छंदतावादी आलोचकों का परिचय दीजिए।
5. समालोचना के विकास में छायावादी कवियों के योगदान पर लेख तैयार कीजिए।

Reference / संदर्भ ग्रंथ

1. हिन्दी समीक्षा: स्त्रोत एवं सुत्रधार- सत्यदेव मिश्र
2. आलोचना और आलोचना: बच्चन सिंह
3. हिंदी आलोचना का विकास- नंदकिशोर नौसैनिक

Web Reference / अंतर्जाल संदर्भ

1. प्रमुख स्वच्छंदतावादी आलोचक और आलोचना ग्रंथ सूची - HINDI SARANG
2. [PDF] स्वच्छंदतावादी समीक्षा : नएआयाम|Swachandtavadi Sameeksha Naye Aayam हिंदी Hindi Free Pdf
3. 2015.494163.Swachandtavadi-Sameexha.pdf
4. https://youtu.be/uxhNETTVWqY?si=8Q9VuEofWNlzs1w0
5. https://youtu.be/aUpJyJRejEY?si=mZCGw6JXuE18bFk4

Suggested Reading / निर्धारित पुस्तक

1. हिंदी साहित्य का दूसरा इतिहास- बच्चन सिंह
2. काव्यशास्त्र - डॉ भागीरथ मिश्र
3. हिन्दी आलोचना - विश्वनाथ त्रिपाठी
4. हिन्दी आलोचना - कशिश गोयल

Space for Learner Engagement for Objective Questions

Learners are encouraged to develop objective questions based on the content in the paragraph as a sign of their comprehension of the content. The Learners may reflect on the recap bullets and relate their understanding with the narrative in order to frame objective questions from the given text. The University expects that 1 - 2 questions are developed for each paragraph. The space given below can be used for listing the questions.

SGOU

इकाई 3

ऐतिहासिक समीक्षा- हज़ारीप्रसाद द्विवेदी, डॉ रामकुमार वर्मा, शांतिप्रिय द्विवेदी, नंददुलारे वाजपेयी

Learning Outcomes / अध्ययन परिणाम

- ऐतिहासिक समीक्षा से परिचित होता है
- ऐतिहासिक समालोचक हज़ारीप्रसाद द्विवेदी के बारे में जानकारी प्राप्त करता है
- ऐतिहासिक समालोचक डॉ रामकुमार वर्मा के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकता है
- ऐतिहासिक समालोचक शांतिप्रिय द्विवेदी के बारे में जानकारी प्राप्त करता है
- ऐतिहासिक समालोचक नंददुलारे वाजपेयी के बारे में समझता है

Background / पृष्ठभूमि

शुक्ल युग में हिंदी आलोचना के सैद्धांतिक और प्रायोगिक दोनों रूपों का पर्याप्त उत्कर्ष हुआ। लेकिन उनका क्षेत्र सीमित रहा। शुक्ल जी ने तुलसी, जायसी, सूर जैसे प्राचीन कवियों के विवेचन में उच्चकोटि की आलोच- ात्मक क्षमता का परिचय दिया। पर आधुनिक कवियों की खूबियों को देखने में वे असफल रहे। छायावाद को समझाने का प्रयास इसी काल के अन्य आलोचकों नंददुलारे वाजपेयी, शांतिप्रिय द्विवेदी, डॉ. नगेंद्र आदि ने किया। आगे चलकर इन्हीं आलोचकों ने हिंदी आलोचना को दिशा और गति प्रदान की।

Keywords / मुख्य बिन्दु

ऐतिहासिक समीक्षा, हज़ारीप्रसाद द्विवेदी, डॉ रामकुमार वर्मा, शांतिप्रिय द्विवेदी, नंददुलारे वाजपेयी

Discussion / चर्चा

2.3.1 ऐतिहासिक समीक्षा

हिन्दी आलोचना के क्षेत्र में प्रचलित विभिन्न पद्धतियों में ऐतिहासिक समीक्षा का महत्वपूर्ण स्थान है। 'ऐतिहासिक' शब्द 'इतिहास' से बना है जिसका अर्थ है - इतिहास से सम्बन्धित। इस प्रकार इतिहास से सम्बन्धित आलोचना या समीक्षा ऐतिहासिक

आलोचना कहलाती है। इसमें साहित्यिक कृति को उसके ऐतिहासिक संदर्भ में समझने का प्रयास किया जाता है। यह आलोचना साहित्यिक कृति के ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, सामाजिक-राजनीतिक परिस्थितियों, सांस्कृतिक परंपराओं और लेखक के व्यक्तिगत अनुभवों को ध्यान में रखते हुए की जाती है।

आधुनिक काल के आरंभ से ही ऐतिहासिक समीक्षा के दर्शन होते हैं। भारतेंदु हरिश्चंद्र, महावीर प्रसाद द्विवेदी तथा मिश्रबंधुओं में ऐतिहासिक विवेचन की प्रवृत्ति पायी गयी है। ऐतिहासिक समीक्षक यह देखने का प्रयास करते हैं कि किसी रचना से साहित्यिक और सांस्कृतिक विकास में कितना योगदान प्राप्त हुआ है। किसी भी साहित्यकार या रचना को युग और जाति से अलग करके नहीं देखा जा सकता। पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी ने अपने 'विश्व साहित्य' और 'हिंदी साहित्य विमर्श' नामक ग्रंथों में साहित्य और देशकाल के संबंध के बारे में चर्चा की है। लेकिन कवियों को ऐतिहासिक पृष्ठभूमि में रखकर विचार करने का प्रथम वैज्ञानिक प्रयास शुक्ल जी की समीक्षा में हुआ है। पर शुक्ल जी ने कवियों को साहित्य की धारा में रखकर नहीं देखा। वास्तव में ऐतिहासिक समीक्षा के समाजशास्त्रीय रूप का विकास परवर्ती काल में पं. हजारी प्रसाद द्विवेदी द्वारा ही हुआ।

▶ भारतेंदु हरिश्चंद्र, महावीर प्रसाद द्विवेदी, मिश्र बंधु आदि से ऐतिहासिक समीक्षा का प्रारंभ माना जा सकता है।

2.3.2 पं.हज़ारी प्रसाद द्विवेदी

ऐतिहासिक समीक्षा के क्षेत्र में आचार्य हज़ारी प्रसाद द्विवेदी का योगदान अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। 'हिन्दी-साहित्य की भूमिका' (1940) में उन्होंने आलोचना की ऐतिहासिक पद्धति की प्रतिष्ठा करते हुए बताया कि किसी रचनाकार का स्थान निर्धारण उसके सामाजिक, सांस्कृतिक एवं जातीय पृष्ठभूमि के आधार पर करना चाहिए। इसके लिए आलोचक की अपनी जातीय परंपरा या सांस्कृतिक विरासत का पर्याप्त बोध होना चाहिए। द्विवेदी जी में बोध और पांडित्य का अद्‌भुत मिश्रण है। नवीन मानवतावाद और समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण के कारण उनके पांडित्य को हम आधुनिक कह सकते हैं। वे मुख्यतः शुक्ल-संस्थान के आलोचक हैं, पर अपने मानवतावादी दृष्टिकोण तथा ऐतिहासिक पद्धति के कारण शुक्ल जी से अलग हैं। मानवीय मूल्यों में इतनी गहन आस्था उनके पूर्व किसी आलोचक ने व्यक्त नहीं की थी। द्विवेदी जी की पहली पुस्तक 'सूर-साहित्य' (1936) में छायावादी भावुकता का प्राधान्य था, किंतु 'कबीर' (1942) में उनके दृष्टिकोण का प्रायोगिक रूप स्पष्ट हुआ। उन्होंने कबीर को सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक और साहित्यिक परंपरा के व्यापक परिप्रेक्ष्य में देखा। कबीर की भाषा की विशिष्टता पर भी सबसे पहले उन्हीं की दृष्टि गयी।

▶ हज़ारी प्रसाद द्विवेदी की प्रमुख आलोचनात्मक रचनाएँ

'हिंदी साहित्य' (1952) में तथा अन्य स्थानों पर भी उन्होंने सूर, तुलसी आदि का मूल्यांकन मानवतावादी दृष्टि से किया। प्रेमचंद का आकलन भी इसी दृष्टि से हुआ। मनुष्यता को उन्होंने साहित्य और रस का पर्याय माना। द्विवेदी जी ने 'इतिहास के आलोक' निबंध में वर्तमान कविता के क्रम विकास का तथा 'छायावाद और उसके बाद'

▶ द्विवेदी जी ने काव्य को ही नहीं, काव्यशास्त्र को भी ऐतिहासिक दृष्टि से परखा और उसकी व्याख्या की

निबंध में साहित्य के विकास का अध्ययन किया है जिसमें उनके वैयक्तिक चिंतन की झलक है। द्विवेदी जी ने काव्य को ही नहीं, काव्यशास्त्र को भी ऐतिहासिक दृष्टि से परखा और उसकी व्याख्या की। उनकी सैद्धांतिक मान्यताएँ 'साहित्य का मर्म' में सामने आयीं। द्विवेदी जी का महत्व साहित्य के मूल्यों को बदलने तथा उन्हें नवीन मानवतावादी मूल्य से जोड़ने में है।

2.3.3 डॉ. रामकुमार वर्मा

- 'कबीर का रहस्यवाद' आलोचक के रूप में डॉ रामकुमार वर्मा के प्रसिद्धि का आधार है

डॉ. रामकुमार वर्मा के समालोचक स्वरूप का परिचय उनकी 'कबीर का रहस्यवाद' नामक पुस्तक में मिलता है। इसकी रचना उन्होंने तत्कालीन युग की परिस्थितियों के परिप्रेक्ष्य में की है। इसलिए हम उन्हें भी ऐतिहासिक समीक्षक के रूप में देखते हैं। कबीर-साहित्य के अनुशीलन ने ही उन्हें समालोचक बनाया था। 'कबीर का रहस्यवाद' में कबीर का प्रामाणिक जीवन प्रस्तुत करने का प्रयास हुआ है। उनके काव्य के आधार पर रहस्यवाद, आध्यात्मिक विवाह, हठयोग, सूफीमत तथा गुरु और विभिन्न चक्रों का भी अत्यन्त सुलझा हुआ विवरण इसमें मिलता है। आज कबीर के जीवन-दर्शन और साहित्य-समीक्षण को लेकर आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी जैसे विद्वानों ने अध्ययन की दिशा को बहुत आगे बढ़ा दिया है। लेकिन किसी समय रामकुमर वर्मा का 'कबीर का रहस्यवाद' कबीर-विषयक समीक्षाओं में सर्वोपरि स्थान रखता था।

- डॉ. रामकुमार वर्मा के प्रमुख आलोचनात्मक ग्रंथ

इसके अलावा वर्माजी ने 'हिन्दी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास' भी लिखा है। इसमें सात प्रकरणों में हिन्दी भाषा की उत्पत्ति और विकास, सिद्ध-जैन साहित्य, चारणकाल और भक्तिकाल की प्रवृत्तियों और कृतिकारों का अत्यन्त विस्तृत विवेचन किया गया है। उन्होंने इस इतिहास ग्रन्थ से पूर्व किए गए साहित्येतिहासों का क्रमबद्ध विश्लेषण कर, इतिहास-ग्रन्थ से सम्बन्धित प्रायः समस्त उपलब्ध सामग्री का संकलन एक ही पुस्तक में कर दिया है। उनके पूर्व इस प्रकार का प्रयास किसी अन्य विद्वान ने नहीं किया था। इस ग्रन्थ का प्रकाशन सन् 1939 में हुआ और उन्हें इसी पर नागपुर विश्वविद्यालय ने पी-एच.डी. की उपाधि भी प्रदान की। 'साहित्य समालोचना' और 'आलोचनादर्श' उनकी अन्य आलोचनात्मक ग्रंथ हैं।

2.3.4 शांतिप्रिय द्विवेदी

- 'इतिहास के आलोक' और 'छायावाद और उसके बाद' द्विवेदी के प्रमुख निबंध हैं।

शांतिप्रिय द्विवेदी जी ने मुख्यतः छायावादी साहित्य पर ही विचार किया है। वे छायावाद पर ऐतिहासिक दृष्टि से विचार करने वाले समीक्षक थे। वे काव्य से जीवन की प्रेरणा प्राप्ति को महत्व देते हैं। उन्होंने संवेदनीयता को काव्य के उद्देश्य में स्थान दिया है। द्विवेदी जी ने छायावादी काव्य के विकास में गांधीवाद और प्रथम विश्व युद्ध की परिस्थितियों को सहायक माना। 'हमारे साहित्य निर्माता', 'कवि और काव्य', तथा 'साहित्यिकी' उनके प्रमुख ग्रंथ हैं। द्विवेदी जी ने 'इतिहास के आलोक' निबंध में वर्तमान कविता के क्रम विकास पर विचार किया है और 'छायावाद और उसके बाद' निबंध में साहित्य के विकास का अध्ययन किया है।

1. पं.नंददुलारे वाजपेयी

पं.नंददुलारे वाजपेयी शुक्लोत्तर युग के प्रख्यात समालोचक थे। वे छायावाद के समर्थ आलोचक और स्वच्छंदतावादी समीक्षा पद्धति के प्रतिनिधि थे। उन्होंने एक ओर छायावाद को नवजागरण की परंपरा से जोड़कर देखा तो दूसरी ओर उसकी ऐतिहासिक-सामाजिक पृष्ठभूमि को भी उजागर किया। वाजपेयीजी ने द्विवेदी काल के उत्तरार्द्ध में आलोचना क्षेत्र में प्रवेश किया था। तब 'सरस्वती' पत्रिका के माध्यम से उनकी आलोचनाएँ प्रकाशित होती रहती थीं। बाद में उन्होंने 'भारत' और 'आलोचन-ा' नामक पत्रिकाओं में तत्कालीन साहित्य विषयक अनेक लेख लिखे। बाजपेयी जी ने द्विवेदी युग की इतिवृत्तात्मकता तथा शुक्ल जी के प्रबंधकाव्यवाद, मर्यादावाद और नैतिकवाद से हिंदी समीक्षा को मुक्त किया। उन्होंने काव्य-शास्त्र के सिद्धांतों का विवेचन भी किया। उन पर पाश्चात्य समीक्षा-सिद्धांतों का पर्याप्त प्रभाव था।

▶ पत्रिकाओं में तत्कालीन साहित्य विषयक अनेक लेख लिखे।

नंददुलारे बाजपेयी ज़्यादातर आलोचनात्मक लेख लिखते थे और बाद में उन लेखो का संकलन करके एक स्वतंत्र पुस्तक के रूप में प्रकाशित करते थे। 'हिंदी साहित्य बीसवीं शताब्दी', 'प्रेमचन्द:एक साहित्यिक विवेचन', 'जयशंकर प्रसाद', 'आधुनिक साहित्य', 'महाकवि सूरदास', 'कवि निराला', 'नया साहित्य: नये प्रश्न' आदि इनकी प्रमुख आलोचना पुस्तकें हैं। 'नया साहित्य: नये प्रश्न' सैद्धांतिक समीक्षा की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण ग्रंथ है। इसमें भारतीय एवं पाश्चात्य चिंतन परंपरा को प्रस्तुत किया है।

▶ 'नया साहित्य: नये प्रश्न' शांतिप्रिय द्विवेदी का प्रमुख आलोचनात्मक ग्रंथ है

Summarised Overview / संक्षिप्त अवलोकन

ऐतिहासिक समीक्षा में कृति का महत्व युग विशेष के संदर्भ में देखा जाता है। आजकल आलोचना के क्षेत्र में ऐतिहासिक प्रणाली का अत्यधिक प्रचलन है। इस पद्धति से समीक्षा को एक नई दिशा मिली। अन्य आलोचना पद्धति के आलोचक भी किसी न किसी रूप में ऐतिहासिक आलोचना का आधार ग्रहण कर लेते हैं। आचार्य रामचन्द्र शुक्ल, डॉ.रामकुमार वर्मा, हज़ारीप्रसाद द्विवेदी, नन्ददुलारे वाजपेयी आदि ने साहित्य का अध्ययन युग तथा समाज की पृष्ठभूमि में किया है। इसी कारण इन्हें हिन्दी साहित्य में ऐतिहासिक आलोचना के प्रतिनिधि मानते हैं।

Assignment / प्रदत्त कार्य

1. ऐतिहासिक आलोचना पर लेख तैयार कीजिए।
2. ऐतिहासिक समालोचक हज़ारीप्रसाद द्विवेदी का परिचय दीजिए।
3. हिन्दी आलोचना के क्षेत्र में ऐतिहासिक आलोचना का स्थान निर्धारित कीजिए।
4. हिंदी के प्रमुख ऐतिहासिक आलोचकों का परिचय दीजिए।

Reference / संदर्भ ग्रंथ

1. हिंदी साहित्य का दूसरा इतिहास- बच्चन सिंह
2. काव्यशास्त्र - डॉ भागीरथ मिश्र
3. हिन्दी आलोचना - विश्वनाथ त्रिपाठी
4. पाश्चात्य काव्यशास्त्रः अधुनातन संदर्भ - डॉ.सत्यदेव मिश्र

Web Reference / अंतर्जाल संदर्भ

1. https://en-m-wikipedia-org.translate.goog/wiki/Historical_criticism?
2. https://www.dccp.co.in/blog/2024/01/%E0%A4%B6%E0%A4%BE%E0%A4%B8%E0%A5
3. https://youtu.be/poBJ8mhyj9U?si=KPyZzHniF7gGO8Km
4. https://youtu.be/1Z-6ywb085s?si=hnxhkVBrY8QwRzh

Suggested Reading / निर्धारित पुस्तक

1. हिन्दी समीक्षाः स्त्रोत एवं सुत्रधार- सत्यदेव मिश्र
2. आलोचना और आलोचनाः बच्चन सिंह
3. हिंदी आलोचना का विकास- नंदकिशोर नौसैनिक

Space for Learner Engagement for Objective Questions

Learners are encouraged to develop objective questions based on the content in the paragraph as a sign of their comprehension of the content. The Learners may reflect on the recap bullets and relate their understanding with the narrative in order to frame objective questions from the given text. The University expects that 1 - 2 questions are developed for each paragraph. The space given below can be used for listing the questions.

SGOU

इकाई 4

सैद्धांतिक समीक्षा-गुलाबराय, नयी समीक्षा, यथार्थवाद, बिंबवाद, प्रतीकवाद

Learning Outcomes / अध्ययन परिणाम

- सैद्धांतिक समीक्षा से परिचित होता है
- हिंदी के सैद्धांतिक समीक्षकों के बारे में जानकारी प्राप्त करता है
- नयी समीक्षा के बारे में जानकारी प्राप्त करता है
- यथार्थवाद के बारे में परिचित होता है
- बिंबवाद के बारे में समझता है
- प्रतीकवाद से अवगत होता है

Background / पृष्ठभूमि

सातवें दशक के बाद की आलोचना में काफी वैविध्य आ गया। हिंदी आलोचना नवीन मानदंडों और नवीन प्रवृतियों को आत्मसात करते हुए आगे बढने लगे। फलस्वरूप आलोचना की नवीन दृष्टियों और प्रवृतियों का विकास हो गया। नयी समीक्षा अनेक दृष्टियों और प्रवृतियों की समाहार वाली आलोचना है। इन दृष्टियों के आलोक में हिंदी आलोचना की प्रवृतियों में भी बदलाव आ गया जिनमें प्रमुख है यथार्थवाद, बिंबवाद, प्रतीकवाद आदि।

Keywords / मुख्य बिन्दु

सैद्धांतिक समीक्षा, गुलाबराय, नयी समीक्षा, यथार्थवाद, बिंबवाद, प्रतीकवाद

Discussion / चर्चा

2.4.1 सैद्धांतिक समीक्षा

सैद्धान्तिक आलोचना में साहित्यिक समीक्षा के सिद्धान्तों पर विचार किया जाता है। इसमें प्राचीन शास्त्रीय काव्यागों, रस, अलंकार आदि और साहित्य की आधुनिक मान्यताओं तथा नियमों की विवचेना की जाती है। सैद्धान्तिक आलोचना में यह विचार किया जाता है कि साहित्य का मानदंड शास्त्रीय है या ऐतिहासिक। मानदंड का शास्त्रीय

रूप, स्थिर और अपरिवर्तनशील होता है। किन्तु मानदंडों को ऐतिहासिक श्रेणी मानने पर उनका स्वरूप परिवर्तनशील और विकासात्मक होता है। दोनों प्रकार की सैद्धान्तिक आलोचनाएँ उपलब्ध है। किन्तु अब सैद्धान्तिक आलोचना का महत्त्व अधिक है जो साहित्य के तत्वों और नियमों को ऐतिहासिक प्रक्रिया में विकासमान मानती है।

▶ सैद्धांतिक आलोचना को परिभाषित करने का प्रयास किया

भिन्न भिन्न आचार्यों ने सैद्धांतिक आलोचना को अपने अपने ढंग से परिभाषित करने का प्रयास किया है। इनमें प्रमुख है डॉ भागीरथ मिश्र। उन्होंने अपने 'काव्यशास्त्र' नामक ग्रंथ में सैद्धांतिक आलोचना की परिभाषा इस प्रकार दी है- 'सैद्धांतिक आलोचना के अंतर्गत आलोचक व्यक्तिगत श्रेष्ठ कवियों का अध्ययन करते हुए व्यापक सिद्धान्तों की खोज करता है। अतः कृतियों के अध्ययन और व्याख्या द्वारा इस प्रकार के सिद्धान्तों को खोजना या उनका संकेत करना सैद्धान्तिक आलोचना है। इस आलोचना के अन्तर्गत सिद्धान्त और काव्यशास्त्र के ग्रन्थ रखे जाते हैं।'

▶ आधुनिक काल के महान आलोचक आचार्य रामचंद्र शुक्ल जी की आलोचना सैद्धांतिक आलोचना का उत्तम उदाहरण है

संस्कृत साहित्य में लिखित सारे काव्यशास्त्रीय ग्रंथ सैद्धांतिक आलोचना के अंतर्गत आते हैं। भरतमुनि का 'नाट्यशास्त्र' मम्मट का 'काव्य प्रकाश' आचार्य दंडी का 'काव्यादर्श' आदि सैद्धांतिक आलोचनात्मक ग्रन्थ हैं। भारतेंदु हरिश्चंद्र का 'नाटक', जिसे हिंदी की पहली आलोचना मानते हैं, भी सैद्धांतिक आलोचना के अंतर्गत आते हैं। आधुनिक काल के महान आलोचक आचार्य रामचंद्र शुक्ल जी की आलोचना सैद्धांतिक आलोचना का उत्तम उदाहरण है। उनकी 'चिंतामणि' में संकलित कुछ लेख 'रस मीमांसा', 'काव्य में रहस्यवाद' आदि सैद्धांतिक आलोचना के उत्तम उदाहरण हैं।

▶ सैद्धांतिक आलोचना के उदाहरण हैं।

डॉ. नगेन्द्र का 'रस सिद्धांत', भगीरथ मिश्र का 'भारतीय काव्य शास्त्र' महावीर प्रसाद द्विवेदी का 'रसज्ञ रंजन', श्याम सुंदरदास का 'रूपक रहस्य', लाला भगवानदीन का 'अलंकार मंजूषा', कन्हैयालाल पोद्दार का 'काव्यकल्पद्रुम', 'रसमंजरी', अलंकार मंजरी', अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध' का 'रसकलश' आदि ग्रन्थ भी सैद्धांतिक अलोचना के उदाहरण हैं।

2.4.2 गुलाबराय (1888-1963)

▶ 'सिद्धांत और अध्ययन', 'काव्य के रूप', 'अध्ययन और आस्वाद' आदि गुलाबराय के प्रमुख आलोचनात्मक ग्रंथ हैं।

गुलाबराय ने शुक्ल जी की भांति भारतीय और पाश्चात्य काव्य- सिद्धांतों के सामंजस्य की पद्धति अपनायी। उन्होंने मुख्यतः व्याख्यात्मक पद्धति का अवलंबन लेकर व्यावहारिक समीक्षा के क्षेत्र में योगदान दिया। 'सिद्धांत और अध्ययन' (1946) तथा 'काव्य के रूप' (1947) उनकी प्रमुख काव्यशास्त्रीय रचनाएँ हैं और 'अध्ययन और आस्वाद' (1957) समीक्षात्मक निबंधों का संकलन है। उनकी समीक्षा-शैली में शुक्ल जी के समान गंभीरता और दृढ़ता नहीं मिलती, अपितु उन्होंने अधिकतर उदार एवं समन्वयात्मक दृष्टिकोण ही अपनाया है।

2.4.3 नई समीक्षा (New Criticism)

नई समीक्षा का आरंभ अंग्रेज़ी साहित्य में बीसवीं सदी में हुआ। टी. एस इलियट

को नई समीक्षा के जनक माने जाते हैं। उनके निबन्ध-संग्रह 'सेक्रेड वुड' (1920) से इसका अरम्भ हुअ।। ऐ ए. रिचार्डस का पुस्तक 'प्रिंसिपल्स ऑफ़ लिटरेरी क्रिटिसिज्म'(1924) में भी नई समीक्षा के तत्व मौजूद है। नई समीक्षा का नामकरण जे. ई. स्पिनगार्न ने 1911 ई. में THE NEW CRITICISM नामक लेख में किया। इस लेख से प्रेरित होकर 1922 ई. में THE FUGITIVE तथा 1939 में THE KEN-YAN REVIEW नामक दो प्रमुख पत्रिकाएँ निकाली गई जिनसे नई समीक्षा का स्वरूप विकसित हुआ। 1941 ई. में जॉन क्रो रैनसम ने NEW CRITICISM नामक एक पुस्तक लिखी जिसमें नई समीक्षा की पद्धति पर विस्तार से चर्चा की गई थी।

▶ टी. एस इलियट को नई समीक्षा के जनक माने जाते हैं। उनके निबन्ध-संग्रह 'सेक्रेड वुड' से इसका अरम्भ हुअ।

नई समीक्षा की शुरूआत इंग्लैण्ड और अमेरिका में हुई। नई समीक्षा ने आलोचना के केन्द्र से कलाकार को अपदस्थ कर कलाकृति को समीक्षा का केन्द्र बनाया। इन्होंने रचना को एक अखण्ड इकाई माना और उसके वस्तु और रूप के अलग-अलग अध्ययन का विरोध किया। कलाकृति में भाषा के महत्त्व को स्वीकार किया और परम्परा के प्रति लगाव दिखाया। नई समीक्षा में सर्जक का एक कुशल आलोचक होना अनिर्वाय है। साथ ही उन्हें विद्वान भी होना चाहिए। इन्होंने शुद्ध कविता पर बल दिया और कविता के नैतिक पक्ष को अस्वीकार किया।

▶ नई समीक्षा ने आलोचना के केन्द्र में कलाकार के बदले कलाकृति को रख दिया।

नई समीक्षा का आरंभ जिस युग में हुआ वह वैज्ञानिक विकास और औद्योगिकीकरण की तीव्र प्रगति का युग था। इससे नई समीक्षा भी प्रभावित हुए। नई समीक्षकों के अनुसार साहित्यिक रचना एक भाषिक कृति है और अपने इस मूल रूप में वह संप्रेषण की एक विधि है। इसका सम्बंध एक ओर कलाकार से होता है और दूसरी ओर पाठक और समाज से होता है। आलोचक की ज़िम्मेदारी कलाकृति के गूढ़ अर्थ का उद्घाटन करके लेखक के अर्थ को पाठक तक पहुँचाने की होती है। नई समीक्षा में कवि के युग और परिवेश पर ध्यान केंद्रित न करके कलाकृति को केंद्र में रखकर उसके कलात्मक सौंदर्य को परखा जाता है। इससे रचना की स्वतंत्र सत्ता प्रतिष्ठित हुई।

▶ आलोचक की ज़िम्मेदारी कलाकृति के गूढ़ अर्थ का उद्घाटना है।

2.4.4 यथार्थवाद

यथार्थवाद पाश्चात्य काव्यशास्त्र की एक प्रमुख अवधारणा है जिसका आरंभ उन्नीसवीं सदी के छठे दशक में हुआ था। इसका प्रारंभ स्वच्छंदतावाद के विरोध में हुआ। स्वच्छन्दतावादी कवि कल्पना पर बल देते थे और आदर्श सामाज की परिकल्पना प्रस्तुत करते थे। यथार्थवादी सिद्धान्त के अनुसार इन्द्रियों के द्वारा प्राप्त ज्ञान ही सत्य है। वे सूक्ष्म की अपेक्षा स्थूल को, सुंदर के स्थान पर कुरूप को और आदर्श के स्थान पर यथार्थ को महत्व देते हैं।

▶ यथार्थवादी सिद्धान्त के अनुसार इन्द्रियों के द्वारा प्राप्त ज्ञान ही सत्य है

▶ प्रेमचंद के 'गोदान' और 'कफन', फणीश्वरनाथ रेणु के 'मैला आँचल' और श्रीलाल शुक्ल के 'राग दरबारी' यथार्थवादी रचनाएँ हैं।

यथार्थवादी साहित्य पाठकों के सामने आम जीवन को प्रस्तुत करता है। इसके लिए वे ऐसे चरित्रों का निर्माण करते हैं जो वास्तविक जगत के हैं। यथार्थवादी साहित्य में चरित्र और घटनाएँ काल्पनिक होते हुए भी वास्तविक लगता है। हिन्दी साहित्य में भारतेंदु युग से ही यथार्थवाद की शुरुआत हो चुकी थी। 'गोदान' और 'कफन' में यथार्थवाद अपनी

चरम सीमा पर है। 'गोदान' का नायक होरी यथार्थवादी नायक का उत्तम उदाहरण है। फणीश्वरनाथ रेणु के 'मैला आँचल' और श्रीलाल शुक्ल के 'राग दरबारी' को हिन्दी साहित्य के उत्कृष्ट यथार्थवादी रचना मानते हैं।

▶ अतियथार्थवाद को विधिवत आंदोलन के रूप में स्थापित करने का श्रेय आन्द्रे ब्रेतों को दिया जाता है।

अतियथार्थवाद मूलतः एक कला आंदोलन है। यह यथार्थवाद का विस्तार नहीं वरन इसका विरोधी आंदोलन है। अतियथार्थवादियों का मत है कि 'हम सतही यथार्थ के स्थान पर गहन यथार्थ को प्रस्तुत करते हैं।' अतियथार्थवादियों के अनुसार यथार्थ वह नहीं है जिसे हम अपनी इंद्रियों से देख सकते हैं, बल्कि यथार्थ वह है जो यथार्थ के भीतर कहीं छिपा हुआ है। अतियथार्थवाद को विधिवत आंदोलन के रूप में स्थापित करने का श्रेय आन्द्रे ब्रेतों को दिया जाता है।

▶ सेमुअल बैकेट के नोबेल पुरस्कार प्राप्त नाटक 'वेटिंग फॉर गोदो' अतियथार्थवाद का उदाहरण है।

साहित्य में अतियथार्थवाद नाटक के क्षेत्र में सबसे अधिक परिवर्तन लाया। यूरोप में इसके असर से एक नए प्रकार के रंगमंच का उदय हुआ। सेमुअल बैकेट के नोबेल पुरस्कार प्राप्त नाटक 'वेटिंग फॉर गोदो' इसका उत्तम उदाहरण है। हिन्दी में भुवनेश्वर का 'ताम्बे के कीड़े' इसी तरह का नाटक है। काव्य में अतियथार्थवाद ने बिम्बवाद को एक नया उत्कर्ष प्रदान किया। संक्षेप में वर्तमान साहित्य अतियथार्थवाद से अत्यंत प्रभावित है।

2.4.5 बिम्बवाद

▶ एज़रा पाउण्ड भी बिम्बवाद के प्रशंसक थे।

बिम्बवाद बीसवीं सदी की अमेरिकी कविता का एक आंदोलन है जिसमें बिम्ब की परिशुद्धता तथा स्पष्ट भाषा को महत्वपूर्ण माना जाता है। बिम्बवाद को अंग्रेजी कविता के सबसे प्रभावशाली आंदोलनों में से एक माना जाता है। एक काव्य शैली के रूप में इसने बीसवीं सदी की शुरूआत में आधुनिकतावाद का पथ-प्रदर्शन किया। अंग्रेजी साहित्य में इसे पहला संगठित आधुनिकतावादी साहित्यिक आंदोलन माना जाता है।

▶ अंग्रेज़ी कवि टी. ई. ह्यूम को बिम्बवाद का प्रवर्तक माना जाता है।

अंग्रेज़ी कवि टी. ई. ह्यूम को बिम्बवाद का प्रवर्तक माना जाता है। एज़रा पाउण्ड भी बिम्बवाद के प्रशंसक थे। उनका कथन है - 'ऐसी कविता जिसमें चित्रकला और शिल्पकला मानो संवाद के लिये एकत्र हुए हों।' हिन्दी साहित्य में बिम्ब का नवीन अर्थ-प्रतिपादन रामचन्द्र शुक्ल की आलोचना द्वारा हुआ। उन्होंने अर्थ-ग्रहण पर बिम्ब-ग्रहण को श्रेष्ठता दी।

2.4.6 प्रतीकवाद (Symbolism)

▶ वर्लेन, रिमबद, मलार्मे, बॉदलेयर, जर्मन कवि रिल्के आदि प्रमुख प्रतीकवादी विचारक हैं।

प्रतीकवाद फ़्रांसीसी कविता के सर्वाधिक महत्वपूर्ण आंदोलनों में से एक है। यह यथार्थवाद के बाद का साहित्यिक सिद्धांत है। वर्लेन (Verlaine), रिमबद (Rimbaud), मलार्मे(Mallarme), बॉदलेयर(Baudelaire), जर्मन कवि रिल्के (Rilke) आदि प्रमुख प्रतीकवादी विचारक हैं।

प्रतीकवाद भाषा के प्रति विशिष्ट दृष्टिकोण है जिसमें वाच्यार्थ और लक्ष्यार्थ से भिन्न ध्वन्यर्थ पर बल दिया जाता है। प्रतीकवादी विशेष प्रकार की काव्य भाषा का आग्रह

करते हैं। इन कवियों की दिलचस्पी आदिम जातीय धार्मिक विश्वासों एवं मध्ययुगीन ईसाइयत में विशेष रूप से थी। उनके अनुसार वस्तु अपने आप में नगण्य है, उसका मूल्य उसकी गूढ़ सांकेतिकता में निहित है। उनका उद्देश्य यथार्थ वस्तुओं के रूपों को प्रस्तुत करने की अपेक्षा विचारों को प्रतीकात्मक रूप देने में है। प्रतीकवाद एक प्रकार का काव्यात्मक रहस्यवाद है।

- केदारनाथ सिंह का 'अकाल में सारस' अज्ञेय की रचना 'बावरा अहेरी' मुक्तिबोध की रचना 'चाँद का मुँह टेढ़ा है' धर्मवीर भारती का 'टूटा पहिया' आदि प्रतीकवादी रचना का उदाहरण है

हिन्दी के प्रतीकवादी कवियों ने अपनी रचनाओं में प्रतीकों का समर्थ प्रयोग किया है। केदारनाथ सिंह का 'अकाल में सारस' अज्ञेय की रचना 'बावरा अहेरी' मुक्तिबोध की रचना 'चाँद का मुँह टेढ़ा है' धर्मवीर भारती का 'टूटा पहिया' आदि प्रतीकवादी रचना का उत्तम उदाहरण है।

कविता में सौंदर्य को बढ़ावा देने के लिए प्रतीकों का प्रयोग बड़े पैमाने पर किया जाता है। साधारण शब्द सूक्ष्म छायाओं एवं गूढ संकेतों को व्यक्त करने में असमर्थ है।इसलिए प्रतीकवादियों को ध्वनियों और संकेतों का सहारा लेना पड़ा। लेकिन इसमें दुरूहता, अस्पष्टता, दुर्बोधता आदि दोष आने लगे। इसलिए बीसवीं शताब्दी के मध्य में ही यह वाद साहित्य से ओझल हो गया।

Summarised Overview / संक्षिप्त अवलोकन

सैद्धांतिक समीक्षा में साहित्य संबंधी सामान्य सिद्धांतों पर विचार किया जाता है। ये सिद्धांत शास्त्रीय भी हो सकते है और ऐतिहासिक भी। शास्त्रीय सिद्धांतों का स्वरूप स्थिर और अपरिवर्तनशील होता है तो ऐतिहासिक सिद्धांतों का स्वरूप परिवर्तनशील और विकासात्मक होता है। हम देख सकते है कि हिंदी आलोचना आरम्भ से सामाजिक सरोकारों से जुड़ी हुई है। युगीन हलचलों, वैचारिक द्वंद्वों, सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, धार्मिक, नैतिक, राष्ट्रीय चिंताओं के सापेक्ष आलोचना के स्वरूप में भी व्यापक बदलाव आ गया है। इस प्रकार नवीन सृजन, नवीन विचारधाराओं और नवीन सामाजिक सरोकारों से टकराते हुए विविध दृष्टियों, प्रतिमानों और प्रवृतियों से युक्त होती चलती है। यथार्थवाद, बिम्बवाद, प्रतीकवाद आदि हिंदी साहित्य में प्रचलित महत्वपूर्ण आंदोलन हैं।

Assignment / प्रदत्त कार्य

1. सैद्धांतिक समीक्षा पर लेख तैयार कीजिए।
2. बिम्बवाद का परिचय दीजिए।
3. हिन्दी आलोचना के क्षेत्र में नई समीक्षा का स्थान निर्धारित कीजिए।
4. प्रतीकवाद का परिचय दीजिए।
5. यथार्थवाद का परिचय दीजिए।

Reference / संदर्भ ग्रंथ

1. हिन्दी समीक्षा: स्त्रोत एवं सूत्रधार- सत्यदेव मिश्र
2. आलोचना और आलोचना: बच्चन सिंह
3. हिंदी आलोचना का विकास- नंदकिशोर नौसैनिक

Web Reference / अंतर्जाल संदर्भ

1. https://ebooks.inflibnet.ac.in/hinp16/chapt
2. http://ddugu.ac.in/ePathshala_Attachment
3. https://hi.m.wikipedia.org/wiki/%E0%A4%
4. https://youtu.be/jVTJBX5ZfiU

Suggested Reading / निर्धारित पुस्तक

1. हिंदी साहित्य का दूसरा इतिहास- बच्चन सिंह
2. काव्यशास्त्र - डॉ भागीरथ मिश्र
3. हिन्दी आलोचना - विश्वनाथ त्रिपाठी
4. भारतीय एवं पाश्चात्य काव्य सिद्धांत - गणपतिचंद्र गुप्त

Space for Learner Engagement for Objective Questions

Learners are encouraged to develop objective questions based on the content in the paragraph as a sign of their comprehension of the content. The Learners may reflect on the recap bullets and relate their understanding with the narrative in order to frame objective questions from the given text. The University expects that 1 - 2 questions are developed for each paragraph. The space given below can be used for listing the questions.

SGOU

BLOCK 03

मनोविश्लेषणात्मक पद्धति और नगेन्द्र

Block Content

Unit 1: मनोविश्लेषणात्मक पद्धति और नगेन्द्र

Unit 2: हिन्दी साहित्य में प्रचलित आलोचना की प्रणालियाँ, सैद्धांतिक आलोचना, स्वच्छंदतावादी आलोचना, मार्क्सवादी आलोचना

Unit 3: हिन्दी में कथा समीक्षा - मोहन राकेश, कमलेश्वर, निर्मल वर्मा, नामवर ससंह, राजेन्द्र यादव, भीष्म साहनी, कृष्णदत्त पालीवाल

Unit 4: नई समीक्षा-मिथक, फंतासी, कल्पना, प्रतीक, बिंब

इकाई 1

मनोविश्लेषणात्मक पद्धति और नगेन्द्र

Learning Outcomes / अध्ययन परिणाम

- मनोविश्लेषणवादी आलोचना से परिचय प्राप्त करता है
- नगेंद्र की मनोवैज्ञानिक आलोचना पद्धति के बारे में जानकारी प्राप्त करता है
- अलोचना और मनोविश्लेषण का संबन्ध पहचानता है
- नगेन्द्र की मनोवैज्ञानिक पद्धति के बारे में समझता है

Background / पृष्ठभूमि

शुक्लोत्तर युग में समीक्षा की अनेक नयी पद्धतियाँ अपनाई जाने लगीं। क्योंकि युगीन साहित्य को समझने के लिए आलोचना के पुराने मानदंड काफी नहीं थे। इन पद्धतियों में प्रमुख है स्वच्छंदतावादी, ऐतिहासिक, मार्क्सवादी, मनोविश्लेषणात्मक और नयी आलोचना। हिंदी साहित्य के विकास के साथ-साथ आलोचना के मूल्यांकन में भी प्रगतिशील परिवर्तन हुए हैं, किंतु अभी आलोचना को विभिन्न नए आयामों की आवश्यकता है।

Keywords / मुख्य बिन्दु

मनोविश्लेषणवादी आलोचना, ओडिपस कॉम्प्लेक्स, अभिजात्यवाद, अभिव्यंजनावाद, प्रभाववाद

Discussion / चर्चा

3.1.1 मनोविश्लेषणवादी आलोचना

- मनोविज्ञान के परिप्रेक्ष्य में की जाने वाली कृति की समीक्षा

मनोविज्ञान के परिप्रेक्ष्य में की जाने वाली किसी कृति की समीक्षा को मनोविश्लेषणवादी आलोचना कहलाती है।जाहिर है यह आलोचना पद्धति मनोविज्ञान से अनुशासित होती है। काव्य का चरम लक्ष्य मनोविश्लेषणवादी समीक्षा में सौंदर्य बोध एवं आनंदानुभूति है। किसी भी रचना द्वारा ग्रहण किए जाने वाले विशेष रूप का विश्लेषण आलोचक कवि के स्वभाव, तत्कालीन परिस्थितियों एवं प्रेरणा स्रोतों के माध्यम से करता है। कवि

के जीवन एवं उसकी कृतियों में संबंध स्थापित करना भी मनोविश्लेषणवादी आलोचना का लक्ष्य होता है। आलोचना की यह विशेषता साहित्यकारों के साहित्य के अध्ययन के लिए उपयोगी है जिससे साहित्य निर्माण की समस्या के अध्ययन में सहायता मिलती है। मनोविश्लेषणकारी आलोचना के अंतर्गत साहित्य का विश्लेषण फ्रायड़, एडलर, की विचारधारा के आधार पर करने का प्रचलन रहा है। मनोविश्लेषणवादी पद्धति का एक सबसे बड़ा दोष यह रहा है कि मनोविश्लेषण क्रम में आलोचक इतने तल्लीन हो जाते हैं की कृति उपेक्षित हो जाती है।

3.1.1.1 मनोविश्लेषणादी आलोचना की सैद्धांतिक अवधारणा

साहित्य, कला, और संस्कृति के विश्लेषण के लिए मानसिक प्रक्रियाओं और मनोविज्ञान का उपयोग करती है। यह आलोचना विशेष रूप से फ्रायड और उसके अनुयायियों द्वारा प्रस्तुत सिद्धांतों पर आधारित होती है। इसके कुछ प्रमुख पहलू निम्नलिखित हैं:

1. **अवचेतन (Unconscious)**

मनोविश्लेषण में अवचेतन को केंद्रीय स्थान प्राप्त है। यह विचार किया जाता है कि व्यक्ति की अधिकांश मानसिक क्रियाएँ और निर्णय अवचेतन मन से प्रभावित होते हैं। साहित्यिक कृतियों में पात्रों के कार्य, संवाद और स्थितियाँ अक्सर लेखक के या समाज के अवचेतन विचारों, इच्छाओं और संघर्षों को प्रकट करती हैं।

2. **सपने और प्रतीकात्मकता**

फ्रायड ने सपनों को अवचेतन की अभिव्यक्ति माना। आलोचना में यह देखा जाता है कि साहित्यिक कृतियों में प्रतीकात्मकता का प्रयोग अवचेतन इच्छाओं और द्वंद्वों को व्यक्त करने के लिए किया जाता है। ये प्रतीक कहीं न कहीं लेखक या पात्रों की मानसिक स्थिति को दर्शाते हैं।

3. **मनोवैज्ञानिक संघर्ष**

पात्रों के मानसिक संघर्षों को मनोविश्लेषणात्मक दृष्टिकोण से समझा जाता है, जैसे ईच्छाएँ, भय, शंकाएँ, और तनाव। यह संघर्ष अक्सर व्यक्तित्व के तीन प्रमुख भागों-ईगो (ego), सुपरईगो (superego) और इड (id)-के बीच होते हैं।

4. **लिंग और यौनिकता (Gender and Sexuality)**

फ्रायड के सिद्धांतों में यौनिकता और लिंग के मुद्दे भी महत्वपूर्ण हैं। आलोचना में यह देखा जाता है कि कैसे पात्रों का यौनिक और लिंगीय व्यवहार उनकी मानसिक संरचना और समाज के अपेक्षाओं से प्रभावित होता है। विशेष रूप से 'ओडिपस कॉम्प्लेक्स' (Oedipus Complex) जैसी अवधारणाएँ इस दृष्टिकोण में महत्वपूर्ण हैं।

5. **प्रक्षिप्त और पहचान**

मनोविश्लेषणात्मक आलोचना यह मानती है कि लेखक और पाठक अपनी मानसिक अवस्थाओं, अवचेतन विचारों और इच्छाओं को पात्रों और घटनाओं में प्रक्षिप्त (प्रक्षिप्तिकरण) करते हैं। इसके माध्यम से लेखक और पाठक दोनों अपने आंतरिक संघर्षों को बाहर व्यक्त करते हैं।

6. **स्मृति और समय**

- मनोविश्लेषणादी आलोचना के मुख्य पहलुएँ

साहित्य में समय और स्मृति की प्रस्तुति भी मनोविश्लेषणात्मक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण होती है। पात्रों की यादें, अतीत के अनुभव और समय की धारा उनके मान्-ासिक विकास को प्रभावित करती हैं, और यह कृतियों के अर्थ को गहरा करती है।

इन सब पहलुओं का उद्देश्य साहित्यिक कृतियों को एक गहरी, मनोवैज्ञानिक दृष्टि से समझना और पात्रों, घटनाओं और रचनात्मक प्रक्रियाओं के बीच अवचेतन मनोविज्ञान के अंतर्संबंध को उजागर करना है।

3.1.1.2 मनोविश्लेषण और आलोचना का संबंध

- मानव मानसिकता, अवचेतन प्रक्रियाओं, मानसिक संघर्षों और यौनिकता पर ध्यान केंद्रित करता है।

मनोविश्लेषण और आलोचना का संबंध साहित्यिक कृतियों के गहरे और सूक्ष्म विश्लेषण से है। मनोविश्लेषण एक मनोविज्ञानात्मक सिद्धांत है, जो मानव मानसिकता, अवचेतन प्रक्रियाओं, मानसिक संघर्षों और यौनिकता पर ध्यान केंद्रित करता है। आलोचना के संदर्भ में इसका उपयोग साहित्य, कला, और संस्कृति के विश्लेषण के लिए किया जाता है, ताकि कृतियों के भीतर छिपे मानसिक, सांस्कृतिक और मनोविज्ञानात्मक पहलुओं को उजागर किया जा सके। मनोविश्लेषणात्मक आलोचना का प्रमुख उद्देश्य यह है कि किसी कृति के पात्रों, घटनाओं और उनके व्यवहार के पीछे के मानसिक कारणों को समझा जाए। यह आलोचना उस कृति को एक मानसिक दृष्टि कोण से देखती है, जिससे पात्रों के अवचेतन द्वंद्व, इच्छाएँ, डर, और मानसिक संघर्ष स्पष्ट होते हैं।

आलोचना और मनोविश्लेषण का संबंध निम्नलिखित बिंदुओं में देखा जा सकता है:

1. **अवचेतन मन**

मनोविश्लेषणात्मक आलोचना में यह देखा जाता है कि कृतियों में पात्रों के विचार और क्रियाएँ अक्सर लेखक के या समाज के अवचेतन विचारों का परिणाम होती हैं। यह अवचेतन की भूमिका को समझने का एक साधन है, जिससे पाठक कृति में निहित मानसिक और भावनात्मक पहलुओं को समझ सकते हैं।

2. **प्रतीकात्मकता और मानसिक प्रक्रियाएँ**

मनोविश्लेषणात्मक आलोचना में यह देखा जाता है कि कैसे साहित्यिक कृतियाँ प्रतीकों और रूपकों के माध्यम से अवचेतन इच्छाओं, संघर्षों और भावनाओं को व्यक्त

करती हैं। लेखक के या पात्रों के भीतर की मानसिक प्रक्रियाओं को उजागर करना इस आलोचना का मुख्य उद्देश्य है।

3. **आंतरिक संघर्ष और व्यक्तित्व**

मनोविश्लेषणात्मक आलोचना पात्रों के आंतरिक संघर्षों-जैसे इड (id), ईगो (ego), और सुपरईगो (superego) के बीच के संघर्ष-को समझने का प्रयास करती है। यह साहित्यिक कृतियों में पात्रों के मानसिक द्वंद्व को विश्लेषित करती है और यह देखती है कि कैसे ये संघर्ष उनकी क्रियाओं और निर्णयों को प्रभावित करते हैं।

4. **ओडिपस कॉम्प्लेक्स और यौनिकता**

▶ साहित्य में अक्सर पात्रों के रिश्तों, मानसिक स्थिति और संघर्षों को आकार देते हैं

फ्रायड के सिद्धांत के आधार पर, मनोविश्लेषणात्मक आलोचना में ओडिपस कॉम्प्लेक्स, यौनिक इच्छाएँ और मानसिक विकास के अन्य पहलुओं को कृतियों में पहचाना जाता है। ये तत्व साहित्य में अक्सर पात्रों के रिश्तों, मानसिक स्थिति और संघर्षों को आकार देते हैं।

इस प्रकार, मनोविश्लेषणात्मक आलोचना और साहित्य का संबंध गहरे मानसिक, अवचेतन और सांस्कृतिक तत्त्वों की पहचान और विश्लेषण से है, जिससे हम साहित्य को एक नए दृष्टिकोण से समझ सकते हैं।

3.1.1.3 नगेंद्र की मनोवैज्ञानिक पद्धति

▶ हिन्दी आलोचना के व्यावहारिक एवं सैध्दान्तिक दोनों दृष्टियों से व्याख्या किए हैं।

शुक्ल जी के परवर्ती आलोचकों में डॉ नागेंद्र का विशिष्ट स्थान है। भारतीय रस परंपरा तथा पाश्चात्य मनोविज्ञान, सौंदर्य शास्त्र और मनोविश्लेषण की सीमा रेखाओं पर उन्होंने काव्यानुभूति के प्रभाव बिंबों को ग्रहण किया एवं उसके आंतरिक एवं बौद्धिक संवेदनाओं का सूक्ष्म विश्लेषण किया। उनकी आलोचना काव्यात्मक हैइ स्वच्छन्दतावादी एवं सौष्ठवादी समीक्षा पद्धति के आलोचक नगेंद्र ने हिन्दी आलोचना के व्यावहारिक एवं सैद्धांतिक दोनों दृष्टियों से व्याख्या की है। डॉ.नगेन्द्र ने अपनी प्रथम कृति 'सुमित्रानन्दन पन्त' (1937) के प्रकाशन के साथ की थी। छायावादी काव्य की अन्तर्मुखी विशेषताएं सौन्दर्यभावना (प्रकृति) मानव जगत के प्रति भावना, पुरातन परिवर्तन आत्मभिव्यंजना (व्यक्तित्व) करुणा की धारा, दुःखवाद, रहस्यवाद और शैली कला पर विचार किया गया है। डॉ.नगेन्द्र 'पंतजी' को सुन्दर कवि ही नहीं मानते हैं। उनका सुन्दर शिव और सत्य से शून्य नहीं है। उसका सूक्ष्म-से-सूक्ष्म क्रिया-कम्पन इसके हृदय में पुलक और प्राणों में स्पन्दन भर देता है। डॉ.नगेन्द्र छायावाद को स्थूल के प्रति सूक्ष्म का विद्रोह मानते हैं। अब तक डॉ.नगेन्द्र ने रवीन्द्रनाथ टैगोर, आचार्य शुक्ल, मैथलिशरण गुप्त, प्रसाद, पन्त, निराला, राहुल सांकृत्यायन, महादेवी वर्मा, दिनकर, बच्चन, अज्ञेय, गिरिजा कुमार माथुर आदि अनेक कवियों और लेखकों की अनेक कृतियों की व्यावहारिक समीक्षाएं प्रस्तुत कर चुके हैं। इस प्रकार देखते हैं कि उनकी आलोचना कृति छायावाद से लेकर आधुनिक काल तक सम्मिलित रही है। उनके कुछ निबंधों में फ्रायडियन प्रभाव की झलक मिलती है। इसलिए उन्होंने मनोविश्लेषणात्मक व्याख्या की है।

वे पाश्चात्य आलोचक आई. ए. रिर्चड्स और क्रोचे से विशेष प्रभाव ग्रहण किया है। वे रस सिध्दान्त में फ्रायड दर्शन को साधन मानते हैं, बाधक नहीं, क्योंकि दोनों ही आनन्द के सिद्धान्त 'प्लेजर प्रिंसिपुल' को लेकर चलते हैं। डॉ. नगेन्द्र ने आलोचक की आस्था (1966ई.) निबन्ध संग्रह में संग्रहीत प्रथम तीन निबन्धों के अन्तर्गत अपनी साहित्यिक मान्यताओं को स्पष्ट किया है। इस संदर्भ में उन्होंने साहित्य-सम्बन्धी कई मूलभूत-प्रश्नों का समाधान करने की चेष्टा की है। साहित्य का स्वरूप, उसका प्रयोजन, उसमें अन्तर्निहित मूल्य, उसके तत्व और उपादान अनुभूति और अभिव्यक्ति का सम्बन्ध, उसमें निहित सत्य की युग-बद्धता आदि। डॉ.नगेन्द्र 'रस' को आस्तिकता पर आधारित न मानकर मानव संवेदना पर आधारित मानते हैं। डॉ.नगेन्द्र रस की अनुभूति आनन्द रूप को मानते हैं। डॉ.नगेन्द्र ने रस को व्यापक रूप में ग्रहण किया है। वह विभावानुभाव व्याभिचारि संयुक्त स्थायी' अर्थात परिपाक आवस्था का ही वाचक नहीं वरन उसमें काव्य की सम्पूर्ण भाव-सम्पदा का अन्तर्भाव माना है। काव्य की अनुचिंतन से प्राप्त रागात्मक अनुभूति के सभी रूप और प्रकार- सूक्ष्म और प्रबल, सरस और जटिल, क्षणिक और स्थायी संवेदन, स्पर्श, चित्त-विकार, भाव-बिम्ब संस्कार मनोदशा, शील सभी रस की परिधि में आ जाते हैं। एक ओर उन्होंने समस्त प्राचीन भारतीय काव्य सम्प्रदायों- अलंकार, रीति, ध्वनि, वक्रोक्ति और औचित्य को रस के संदर्भ में देखा-परखा है तो दूसरी ओर पाश्चात्य काव्यशास्त्र के सभी प्रमुख वादों- अभिजात्यवाद, स्वच्छन्दतावाद, आर्दशवाद, यथार्थवाद, अभिव्यंजनावाद, प्रभाववाद, प्रतीकवाद आदि को रस सिद्धांत की व्याप्ति के भीतर समेट लिया है। आपकी स्थापना है कि - 'रस-सिध्दांत एक ऐसा व्यापक सिद्धांत है जिसमें इन वादों का विरोध मिट जाता है, जो सभी के अनुकूल पड़ता है। और सभी का अपने स्वरूप में समन्वय कर लेता है।तात्पर्य यह है कि डॉ.नगेन्द्र ने रस का सम्बन्ध मानवीय अनुभूति से या मानव की रागात्मक चेतना से जोड़कर उसे कविता मात्र के मूल्यांकन का शाश्वत मानदण्ड बना दिया है। 'नयी कविता' के संदर्भ में विचार करते हुए वे कहते हैं- चालिस वर्ष पूर्व छायावाद ने भी रस का विरोध किया था, पर आज रस ही उसका प्राण सर्वस्व है, उसके प्रायः दो दशक बाद प्रगतिवाद ने उस पर प्रहार किया था, किन्तु आज उसका जितना भी अंश अवशिष्ट है वह रस के आधार पर ही जीवित है। इसलिए 'नयी कविता' का भी कल्याण इसी में है कि वह इन रसमय बन्धनों को स्वीकार कर लें।

▶ 'रस' को आस्तिकता पर आधारित न मान-ाकर मानव संवेदना पर आधारित मानते हैं

अतः कविवर सुमित्रानन्दन पन्त के शब्दों में- डॉ. नगेन्द्र रसचेता तथा रस-द्रष्टा है।

Summarised Overview / संक्षिप्त अवलोकन

मनोविश्लेषणवादी आलोचना एक ऐसा दृष्टिकोण है, जिसमें साहित्य की कृतियों का विश्लेषण मनोविज्ञान और विशेष रूप से फ्रायड के सिद्धांतों के आधार पर किया जाता है। इस आलोचना में अवचेतन, मानसिक संघर्ष, प्रतीकात्मकता, यौनिकता, और आंतरिक द्वंद्वों जैसे पहलुओं को मुख्य रूप से देखा जाता है। मनोविश्लेषणात्मक आलोचक यह मानते हैं कि साहित्यिक कृतियाँ लेखक के मानसिक और अवचेतन विचारों, इच्छाओं और संघर्षों को व्यक्त करती हैं। इसमें यह भी देखा जाता है कि पात्रों के आंतरिक संघर्ष, जैसे इड (id), ईगो (ego) और सुपरईगो (superego) के बीच के द्वंद्व, उनके कार्यों को प्रभावित करते हैं। यह आलोचना कृतियों में प्रतीकों और रूपकों के माध्यम से अवचेतन की गहरी परतों को उजागर करने का प्रयास करती है। मनोविश्लेषणात्मक आलोचना के अंतर्गत साहित्य को एक मानसिक दृष्टिकोण से समझने की कोशिश की जाती है, जिससे हम कृतियों के गहरे और छिपे अर्थों तक पहुँच सकें। हालांकि, इसका एक दोष यह भी है कि आलोचक कभी-कभी कृति की वास्तविकता और उसके साहित्यिक गुणों को नजरअंदाज कर सकते हैं, और केवल मानसिक विश्लेषण पर अधिक ध्यान केंद्रित कर सकते हैं।

Assignment / प्रदत्त कार्य

1. मनोविश्लेषणवादी आलोचना की सैद्धांतिक अवधारणा क्या है?
2. फ्रायड के सिद्धांतों के आधार पर मनोविश्लेषणात्मक आलोचना में किन पहलुओं पर ध्यान दिया जाता है?
3. मनोविश्लेषणात्मक आलोचना में 'अवचेतन' का क्या महत्व है?
4. मनोविश्लेषणात्मक आलोचना में 'ओडिपस कॉम्प्लेक्स' का क्या स्थान है?
5. डॉ. नगेंद्र की मनोवैज्ञानिक पद्धति और उनके काव्यात्मक दृष्टिकोण के बारे में बताइए।

Reference / संदर्भ ग्रंथ

1. उत्तर आधुनिक साहित्यिक विमर्श - डॉ. सुधीश पचौरी
2. विभक्ति और विखंडन - डॉ. सुधीश पचौरी
3. हिंदी आलोचना के नए वैचारिक सरोकार - कृष्णदत्त पालीवाल
4. हिंदी समीक्षा: स्रोत एवं सूत्रधार - सत्यदेव मिश्र

Suggested Reading / निर्धारित पुस्तक

1. Contemporary Literary and Cultural Theory -Pramod K Nayar
2. आलोचना से आगे - डॉ. सुधीश पचौरी
3. आचार्य रामचंद्र शुक्ल और हिंदी आलोचना - रामविलासार्मा
4. हिंदी आलोचना - विश्वनाथ त्रिपाठी

SGOU

Space for Learner Engagement for Objective Questions

Learners are encouraged to develop objective questions based on the content in the paragraph as a sign of their comprehension of the content. The Learners may reflect on the recap bullets and relate their understanding with the narrative in order to frame objective questions from the given text. The University expects that 1 - 2 questions are developed for each paragraph. The space given below can be used for listing the questions.

SGOU

इकाई 2

मार्क्सवादी समालोचना पद्धति रामविलास शर्मा, शिवदान सिंह चोहान

Learning Outcomes / अध्ययन परिणाम

- मार्क्सवादी समालोचना के बारे में समझता है
- रामविलास शर्मा की समीक्षा दृष्टि का परिचय प्राप्त करता है
- शिवदान सिंह चोहान के बारे में जानता है
- मार्कसवादी अलोचना पद्धती के प्रमुख सूत्र को समझता है

Background / पृष्ठभूमि

मार्क्सवादी साहित्यिक समालोचना, जिसे प्रगतिशील आलोचना भी कहा जाता है, 20वीं सदी के आरंभ में भारत में उत्पन्न हुई। इस समालोचना का मूल विचार यह था कि साहित्य को समाज, राजनीति और इतिहास के संदर्भ में देखा जाए। 1930 के आसपास जब भारत में स्वतंत्रता संग्राम तेज़ हुआ और सामाजिक-राजनीतिक आंदोलनों ने जोर पकड़ा, तो साहित्यकारों को यह महसूस हुआ कि साहित्य केवल आंतरिक सौंदर्य या आदर्शों पर नहीं, बल्कि समाज के यथार्थ पर आधारित होना चाहिए। साहित्य में इस बदलाव की शुरुआत उन समय के प्रमुख रचनाकारों और आलोचकों द्वारा की गई, जिन्होंने मजदूरों, किसानों, और गरीबों की समस्याओं को अपने लेखन का हिस्सा बनाया। इस समय के लेखक यथार्थवादी दृष्टिकोण को अपनाते हुए समाज की सच्चाई को सामने लाने का प्रयास कर रहे थे। मार्क्सवादी आलोचना का उद्देश्य यह था कि साहित्य के मूल्यांकन के लिए सिर्फ रचनात्मकता और सौंदर्यशास्त्र का ही नहीं, बल्कि समाज और वर्ग संघर्ष का भी ध्यान रखा जाए। इस प्रकार, साहित्य को न केवल एक कला के रूप में, बल्कि समाज के बदलते राजनीतिक और आर्थिक संदर्भों में देखा जाता था।समाजवाद, मार्क्सवाद और यथार्थवाद जैसे विचारधाराओं ने इस आलोचना पद्धति को आकार दिया, और यह भारतीय साहित्य में नई सोच और दृष्टिकोण लेकर आई।

Keywords / मुख्य बिन्दु

किसान आंदोलन, मज़दूर आंदोलन, छात्र आंदोलन, युवा आंदोलन

Discussion / चर्चा

3.2.1 मार्क्सवादी समालोचना पद्धति

हिंदी में मार्क्सवादी साहित्यिक समालोचना ने ठोस ऐतिहासिक परिस्थितियों में अपना स्वतंत्र व्यक्तित्व धारण कर लिया है। इसीलिए उसकी एक भिन्न संज्ञा प्रचलित हो गई है। उसे प्रगतिशील आलोचना का नाम दिया जाता है। कुछ लोग इसे प्रगतिशील-जनवादी समालोचना कहना ज्यादा पसंद करते हैं। विशुद्ध रूप से मार्क्सवाद पर आधारित एक स्वतंत्र समीक्षा प्रणाली के रूप में इसका आरंभ नहीं हुआ था। 1930 के आसपास जब राष्ट्रीय स्वाधीनता आंदोलन की अंतर्धाराओं के रूप में किसान आंदोलन, मज़दूर आंदोलन, छात्र आंदोलन, युवा आंदोलन, क्रांतिकारी देश-भक्ति के नेतृत्व वाले सशस्त्र आंदोलन आदि ज़ोर पकड़ने लगे तो साहित्य, कला, दर्शन और चिंतन के क्षेत्र में भी नई प्रवृत्तियाँ प्रकट हुई। ऐसी ही एक प्रवृत्ति के तौर पर साहित्य में यथार्थवादी चित्रण-अंकन का दौर सामने आया। स्वयं छायावादी, आदर्शवादी, सुधारवादी रचनाकारों ने अपने पुराने संस्कारों और रचनात्मक तौर-तरीकों से छुटकारा पाने का प्रयास आरंभ किए। सृजनात्मक लेखन के क्षेत्र में आविर्भूत इस नई यथार्थवादी प्रवृत्ति के साथ-साथ पत्रकारों, युवा समीक्षकों, सौंदर्यशास्त्रियों तथा कला-चिंतकों की नई पीढ़ी का अभ्युदय 1930 के आसपास वैचारिक आन्दोलन उत्पन्न करने लगा। इस दृष्टि से राधा मोहन गोकुल जी, राहुल सांकृत्यायन, गणेश शंकर विद्यार्थी, रामवृक्ष शर्मा बेनीपुरी, अख्तर हुसैन रायपुरी, शिवदान सिंह चौहान, प्रकाशचन्द्र गुप्त आदि के नाम उल्लेखनीय हैं। अप्रैल, 1933 के 'विश्वमित्र' (कलकत्ता) में 'साहित्य और क्रांति' शीर्षक एक लेख प्रकाशित हुआ जिसके लेखक अख्तर हुसैन रायपुरी थे। 1930 के बाद हर स्तर पर बड़ी तेज़ी से परिवर्तन हो रहा था। भारत के मुक्ति संग्राम का यह नया उभार साहित्य और संस्कृति के क्षेत्र में भी नए प्रश्न उपस्थित कर रहा था। मार्क्स, एंगेल्स, लेनिन, ट्राटस्की, मैक्सिम गोर्की, कॉडवेल, राल्फ फाक्स आदि का साहित्य ब्रिटिश खुफिया पुलिस की नज़रों से बचाकर वितरित किया जा रहा था। समाजवाद और मार्क्सवाद की चर्चा को भगत सिंह की शहादत तथा भगत सिंह के स्वयं के लिखे निबंधों तथा वक्तव्यों से पर्याप्त बल मिला था। ठीक इसी मौके पर 1934 में 'विशाल भारत' पत्रिका (कलकत्ता) के माध्यम से बनारसीदास चतुर्वेदी ने एक परिसंवाद आरंभ किया। कुछ दिनों पहले निबंध की साहित्यिक विधा के क्षेत्र में युगांतरकारी महत्व का प्रश्न उपस्थित करने वाले सरदार पूर्ण सिंह सौंदर्य का नया अर्थ बता चुके थे। 'मज़दूरी और प्रेम' शीर्षक निबंध वस्तुतः एक जनवादी- प्रगतिशील सौंदर्यबोध का घोषणा-पत्र था। इस निबंध की सीमा सिर्फ इतनी थी कि लेखक मानववादी आदर्शों की शब्दावली की सीमा नहीं लाँघता। प्रेमचंद द्वंद्वात्मक भौतिकवाद के प्रवक्ता बनकर तो नहीं आते, पर यथार्थवाद, वर्ग-संघर्ष, राष्ट्रीय स्वाधीनता और जनवाद का मुखर समर्थन करते हुए नए सौंदर्यबोध का निर्णायक प्रश्न बहस के बीच ले आते हैं। उल्लेखनीय है कि प्रगतिशील

लेखक संघ के पहले अधिवेशन (लखनऊ, 1936) के सभापति-पद से बोलते हुए उन्होंने जीवन में और साहित्य में सौंदर्य के नए प्रतिमान का सवाल बड़े ज़ोर-शोर से उठाया -

'हमें सुंदरता की कसौटी बदलनी होगी। अभी तक यह कसौटी अमीरी और विलासिता के ढंग की थी। हमारा कलाकार अमीरों का पल्ला पकड़े रहना चाहता था, उन्हीं की कद्रदानी पर उसका अस्तित्व अवलंबित था और उन्हीं के सुख-दुःख, आशा-निराशा, प्रतियोगिता और प्रतिद्वंद्विता की व्याख्या कला का उद्देश्य था। उसकी निगाह अंतःपुर और बंगलों की ओर उठती थी। झोंपड़े और खंडहर उसके ध्यान के अधिकारी न थे। उन्हें वह मनुष्यता की परिधि के बाहर समझता था। कभी इसकी चर्चा करता भी था, तो इसका मजाक उड़ाने के लिए। ग्रामवासी की देहाती वेशभूषा और तौर-तरीके पर हँसने के लिए, उसका शीन-काफ़ दुरस्त न होना या मुहाविरों का गलत उपयोग उसके व्यंग्य-विद्रूप की स्थायी सामग्री थी। वह भी मनुष्य है, उसका भी हृदय है और उसमें भी आकांक्षाएँ हैं, यह कला की कल्पना के बाहर की बात थी।'

▶ प्रगतिशील लेखक संघ के पहले अधिवेशन (लखनऊ, 1936)

अपने इसी भाषण के अगले हिस्से में प्रेमचंद ने 'जीवन-संग्राम में सौंदर्य के उत्कर्ष' को देखने की नई दृष्टि को प्रस्तावित किया था।

1930 से 1940 के बीच हिंदी आलोचना के प्रस्थान-बिंदुओं को बदलने के संघर्ष में सृजनशील लेखकों ने बहुत बड़ी भूमिका निभाई। गर्मी की तपती दोपहरी में पत्थर तोड़ने वाली औरत की श्रमशीलता में सौंदर्य देखने की दृष्टि निराला की ओर से सामने लाई गई। 'काव्य, कला तथा अन्य निबंध' में जयशंकर प्रसाद की ओर से अकिंचन तथा लघु लोगों के जीवन पर दृष्टिपात करनेवाली कला की व्याख्या की गई और 'यथार्थवाद' का प्रतिपादन किया गया। 'ग्राम्या' में पंत ने ग्राम जीवन के धूल भरे मैले से आँचल में लिपटी भारत माता की उदास प्रतिमा का चित्र प्रस्तुत कर उक्त नए सौंदर्य-बोध की ही पुष्टि की।

स्वतःस्फूर्त रूप में नयी आलोचना-दृष्टि के उद्भव की पृष्ठभूमि तैयार हो रही थी। वैचारिक द्वंद्व और मंथन की आवश्यकता थी। ऐसे मौके पर ही शिवदान सिंह चौहान, रामविलास शर्मा, प्रकाशचन्द्र गुप्त, अमृतराय, रामेश्वर शर्मा और चन्द्रबली सिंह जैसे मार्क्सवादी आलोचकों की पहली पीढ़ी हिंदी समीक्षा के क्षेत्र में सामने आई। इस पहली पीढ़ी के आलोचकों के आगे ठोस रूप में यथार्थवाद, स्वच्छंदतावाद तथा अतीत के क्लासिक मूल्य के साहित्य की विवेचना की समस्या अत्यंत गंभीर रूप में चुनौती उपस्थित कर रही थी। उल्लेखनीय है कि लगभग इन्हीं प्रश्नों से आचार्य रामचन्द्र शुक्ल जूझ रहे थे और महावीर प्रसाद द्विवेदी जूझ चुके थे क्योंकि रस सिद्धांत, अलंकारवाद, चमत्कारवाद नायक-नायिका भेद, दरबारी काव्य-परंपरा आदि के रूप में सामंती सौंदर्य मूल्य के विरुद्ध संघर्ष दरपेश था। उल्लेखनीय है कि इसी के साथ पूँजीवादी व्यक्तिवाद भी धीरे-धीरे क्रोचे के सौंदर्यशास्त्र के बहाने ताल ठोंक कर खड़ा हो रहा

▶ शिवदान सिंह चौहान, रामविलास शर्मा, प्रकाशचन्द्र गुप्त, अमृतराय, रामेश्वर शर्मा और चन्द्रबली सिंह आदि पहली पीटी के हिन्दी समीक्ष हैं

था। आलोचना की नयी कसौटी बनाने में मार्क्सवादी आलोचकों ने उपर्युक्त अंतर्विरोधों के बीच ही अपने दायित्व का निर्वाह किया है। पिछले 70 वर्षों के अंदर हिंदी की मार्क्सवादी आलोचना दो स्तरों पर समृद्ध होती रही है (1) प्रगतिशील रचनाकर्मियों के आलोचनात्मक अवदान; तथा (2) प्रगतिशील समालोचकों के कृतित्व द्वारा।

मार्क्सवादी आलोचकों की दूसरी पीढ़ी में नामवर सिंह, शिव कुमार मिश्र, ओमप्रकाश अग्रवाल, सुरेन्द्र चौधरी, कुँवर पाल सिंह, चन्द्रभूषण तिवारी, दूधनाथ सिंह, आनंद प्रकाश, मैनेजर पाण्डेय, विश्वनाथ त्रिपाठी आदि के नाम उल्लेखनीय हैं।

अपने अतीत या अपनी परंपरा का मूल्यांकन कैसे करना चाहिए, रचनाकार के युग के द्वंद्व के संदर्भों से रचना की अंतर्भूमियों की पहचान किस प्रकार करनी चाहिए, वस्तु और रूप-विधान के बीच के द्वंद्वात्मक रिश्ते की पड़ताल कैसे करनी चाहिए, सकारात्मक और नकारात्मक तत्वों में फर्क किस प्रकार करना चाहिए, युग के सक्रिय प्रतिबिम्बन तथा रचनाकार की प्रतिभा के अंतःसंबंधों की छानबीन का क्या तरीका हो सकता है इस तरह के सभी प्रश्नों पर मार्क्सवादी आलोचकों ने सभी प्रश्नों पर विस्तार से विचार किया है। इसे पूरी तरह आत्मसात करने के लिए मार्क्सवादी आलोचकों की आलोचना कृतियों का अध्ययन आवश्यक है। अंत में आपको मार्क्सवादी आलोचना के कुछ प्रमुख सूत्रों से अवगत कराना आवश्यक है ताकि अन्य आलोचना पद्धतियों से उसके पार्थक्य को आसानी से समझा जा सके। वे सूत्र इस प्रकार हैं -

▶ मार्क्सवादी आलोचना के कुछ प्रमुख सूत्र

1. हर चीज़ को एक गतिमान प्रक्रिया के अंश के रूप में देखना चाहिए।
2. हर चीज़ के अंदर विकासशील और मरणशील, सकारात्मक और नकारात्मक, पुराना और नया - दो प्रकार के तत्व अवश्य होते हैं। अतः हर सामाजिक संवृत्ति तथा उसके परिणामों के अंदर मौजूद अंतर्विरोधों को समझना आवश्यक है।
3. हर चीज़ - चाहे वह कलाकृति या सौंदर्य मूल्य ही क्यों न हो अपने परिवेश तथा व्यापक संदर्भों से जुड़ी होती है - कोई भी साहित्यिक प्रवृत्ति कटी हुई पतंग की तरह निरपेक्ष नहीं होती। अतः साहित्य का मूल्यांकन सापेक्ष संदर्भों में ही करना चाहिए।

मार्क्सवादी आलोचकों में शिवदान सिंह चौहान, प्रकाशचंद्र गुप्त और डॉ. रामविलास शर्मा अग्रणी हैं।

3.2.2 डॉ. रामविलास शर्मा

▶ आदिकाव्य', 'साहित्य के स्थायी मूल्यों की समस्याः कालिदास', तथा 'भवभूति की करुणा' उनकी उल्लेखनीय आलोचनाएं हैं।

डॉ. रामविलास शर्मा ने छायावादी काव्य और उसमें विशेषकर निराला के साहित्य की व्याख्या से आलोचना-कार्य आरंभ किया। रामचंद्र शुक्ल और प्रेमचंद पर भी किया गया आलोचना कार्य महत्वपूर्ण उपलब्धियां है। इस दृष्टि से 'आचार्य रामचन्द्र शुक्ल और हिंदी आलोचना', 'प्रेमचंद' और 'निराला की साहित्य साधना' (1968 ई.) हिंदी आलोचना की उपलब्धियां हैं। रामविलास शर्मा ने मार्क्सवादी साहित्य-सिद्धांतों का कोरा सैद्धांतिक प्रतिपादन ही नहीं किया बल्कि मार्क्सवादी दृष्टि से समूचे हिंदी साहित्य की

परंपरा की नयी व्याख्या प्रस्तुत की। इतना ही नहीं उन्होंने वाल्मीकि, कालिदास और भवभूति के साहित्य का भी विश्लेषण किया। 'आदिकाव्य', 'साहित्य के स्थायी मूल्यों की समस्याः कालिदास', तथा 'भवभूति की करुणा' उनकी उल्लेखनीय आलोचनाएं हैं।आपके आलोचक व्यक्तित्व की एक बहुत बड़ी विशेषता थी व्यापक और सजग दृष्टि। अपने समय के हर साहित्यिक विवाद की तरफ उनका ध्यान जाता था। और वे अपनी राय भी देते थे। जितनी लगन से वे प्राचीन और मध्ययुगीन काव्य का विवेचन करते थे, उतना ही ध्यान आधुनिक साहित्य और विषयों पर भी देते थे।

3.2.1.2 शिवदान सिंह चौहान

शिवदान सिंह चौहान ने मार्च 1937 ई. के 'विशाल भारत' में सबसे पहले "भारत में प्रगतिशील साहित्य की आवश्यकता" शीर्षक से एक लेख लिखा जिसमें उन्होंने प्रगतिशील साहित्य के सिद्धांतों को सूत्रबद्ध किया। उनके अनुसार प्रगतिशील शक्ति वह है जो न केवल संसार को स्पष्ट करती है बल्कि उसे परिवर्तित करने में भी सक्रीय रहती है। वे प्रगतिशीलता को वर्ग-गुट, देशकाल, पार्टी आदि की सीमाओं में बांधना उचित नहीं समझते थे। जो साहित्य जीवन के यथार्थ को गहराई और कलात्मक सच्चाई के साथ प्रतिबिम्बित करता है, वही प्रगतिशील साहित्य है। उनका मानना था कि प्रगतिशील कवि का मार्क्सवादी होना जरूरी नहीं कि मार्क्सवादी ही हो, वह गांधीवादी भी हो सकता है। 'आलोचना के सिद्धांत' और 'हिंदी साहित्य के अस्सी वर्ष' इनकी मुख्य रचनाएं हैं।चौहान जी 'हंस' और 'आलोचना' पत्रिकाओं के संपादक रहे। उनके आरंभिक निबंध 'प्रगतिवाद' (1946.ई.) में संकलित हैं। उनके आलोचनात्मक निबंधों के तीन संकलन 'साहित्य की परख' (1947 ई.), 'साहित्यानुशीलन', तथा 'आलोचना के मान' (1958 ई.) प्रमुख हैं जिनमें पुस्तक समीक्षाएं और सैद्धांतिक निबंध भी शामिल हैं।

▶ आलोचना के सिद्धांत' और 'हिंदी साहित्य के अस्सी वर्ष' इनकी मुख्य रचनाएं हैं।

Summarised Overview / संक्षिप्त अवलोकन

मार्क्सवादी साहित्यिक समालोचना, जिसे प्रगतिशील आलोचना भी कहा जाता है, 1930 के आसपास शुरू हुई थी। उस समय भारतीय स्वतंत्रता संग्राम और सामाजिक आंदोलनों ने साहित्य में बदलाव की आवश्यकता को महसूस कराया। साहित्यकारों ने अपने लेखन में समाज की असली स्थिति को दिखाने का काम किया। प्रेमचंद ने भी कहा था कि साहित्य को सिर्फ अमीरों और उनके जीवन की समस्याओं तक सीमित नहीं रखना चाहिए, बल्कि आम लोगों, जैसे मजदूरों और किसानों की समस्याओं को भी उठाना चाहिए। मार्क्सवादी आलोचना का मुख्य विचार यह था कि साहित्य को समाज और इतिहास के संदर्भ में देखना चाहिए।

Assignment / प्रदत्त कार्य

1. मार्क्सवादी आलोचना क्या है? इसे सरल शब्दों में समझाइए।
2. प्रेमचंद ने 'प्रगतिशील लेखक संघ' के अधिवेशन में क्या कहा था?
3. मार्क्सवादी आलोचकों के प्रमुख सिद्धांतों के बारे में बताइए।
4. हिंदी साहित्य में 1930 से 1940 के बीच क्या बदलाव आए थे?
5. आपके हिसाब से साहित्य का सही मूल्यांकन कैसे करना चाहिए?

Reference / संदर्भ ग्रंथ

1. हिन्दी समीक्षा: स्त्रोत एवं सुत्रधार- सत्यदेव मिश्र
2. आलोचना और आलोचना: बच्चन सिंह
3. हिंदी आलोचना का विकास- नंदकिशोर नौसैनिक

Suggested Reading / निर्धारित पुस्तक

1. Contemporary Literary and Cultural Theory -Pramod K Nayar
2. आलोचना से आगे - डॉ. सुधीश पचौरी
3. आचार्य रामचंद्र शुक्ल और हिंदी आलोचना - रामविलास शर्मा
4. हिंदी आलोचना - विश्वनाथ त्रिपाठी

Space for Learner Engagement for Objective Questions

Learners are encouraged to develop objective questions based on the content in the paragraph as a sign of their comprehension of the content. The Learners may reflect on the recap bullets and relate their understanding with the narrative in order to frame objective questions from the given text. The University expects that 1 - 2 questions are developed for each paragraph. The space given below can be used for listing the questions.

SGOU

इकाई 3

हिन्दी में कथा समीक्षा - मोहन राकेश, कमलेश्वर, निर्मल वर्मा, नामवर सिंह, राजेन्द्र यादव, भीष्म साहनी, कृष्णदत्त पालीवाल

Learning Outcomes / अध्ययन परिणाम

- कहानी-समीक्षा के बारे में जानकारी प्राप्त करता है
- मोहन राकेश का कथा समीक्षात्मक दृष्टि को समझता है
- अलोचक के रूप में कमलेश्वर को जानता है
- निर्मल वर्मा के बारे में समक्षता है

Background / पृष्ठभूमि

कहानी-समीक्षा एक विशेष प्रकार की आलोचना है जो हिंदी कहानी की संरचना, विषय, पात्रों और उनके समाजिक, मानसिक संघर्षों का विश्लेषण करती है। हिंदी कहानी की समीक्षा में साहित्य की अन्य विधाओं जैसे काव्य, नाटक, समाजशास्त्र और कला से भी आलोचनात्मक दृष्टिकोण लिया जाता है। शुरुआत में हिंदी कहानी आलोचना ने काव्यशास्त्र और नाट्यशास्त्र के प्रतिमानों से सहायता ली, क्योंकि उस समय कहानी की आलोचना के लिए कोई निर्धारित स्वरूप नहीं था।

कहानी में यथार्थ का चित्रण महत्वपूर्ण होता है, जिससे यह विधा अन्य साहित्यिक विधाओं से अलग होती है। छोटी कहानी (सलाईस ऑफ लाइफ) जीवन के छोटे लेकिन महत्वपूर्ण क्षणों का चित्रण करती है। एक अच्छी कहानी को एक कसे हुए ढांचे में प्रस्तुत किया जाता है, जिसमें कोई भी अनावश्यक तत्व नहीं होता।

Keywords / मुख्य बिन्दु

काव्यालोचन, नाट्यालोचन, समाज-शास्त्र, चित्रकला, मूर्तिकला, हस्तशिल्प-कला, काष्ठकला, भित्तिचित्र कला, फोटोग्राफी

Discussion / चर्चा

3.3.1 कहानी समीक्षा का स्वरूप

कहानी-समीक्षा का स्वरूप निर्धारित करने के क्रम में इस बात पर ध्यान देना जरूरी है कि कहानी-साहित्य की अन्य विधाओं से जहाँ अलग होती है उस बिन्दु पर चिंतन किया जाए। प्रविधियों का विश्लेषण करने के बाद हिन्दी कहानी-समीक्षा के स्वतन्त्र स्वरूप निर्धारण की अपेक्षा है।

यह सही है कि भारतीय साहित्य-शास्त्र में नाट्यशास्त्र के प्रतिमान काव्यशास्त्र के भी प्रतिमान बन गये। मगर उसका एक सार्थक कारण यह भी है कि नाटक को काव्य का ही एक रूप माना गया है। हिन्दी में कहानियाँ लिखी जाने लगीं तो उसकी आलोचना के लिए साहित्य की अन्य विधाओं से प्रतिमान लेना ऐतिहासिक लाचारी का कार्य था। इसलिए काव्यालोचन के अनेक प्रतिमान हिन्दी कहानियों की आलोचना में उपयोग में लाये गये।संस्कृत में गद्य कथा की परम्परा थी और उसकी आलोचना के लिए आचार्यो ने कसौटियाँ भी बनाईं थी। दण्डी और वामन ने गद्य-प्रबन्धों के लिए प्रतिमान निर्धारित किये थे। मगर हिन्दी कहानी आलोचना ने उससे कोई सहायता नहीं ली। हिन्दी की कहानी-समीक्षा ने आरंभ से आज तक काव्यालोचन, नाट्यालोचन, समाज-शास्त्र, चित्रकला, मूर्तिकला, हस्तशिल्प-कला, काष्ठकला, भित्तिचित्र कला, फोटोग्राफी और इसी तरह उपयोगी तथा ललित कलाओं के विभिन्न क्षेत्रों से आलोचना के प्रतिमान लिए। इसलिए दो टूक शब्दावली में हिन्दी कहानी-समीक्षा की नितान्त व्यक्तिगत पूँजी का उल्लेख या निर्देश करना कठिन है।कथा के तत्त्व प्राचीनकाल से ही महाकाव्य, खण्डकाव्य, चम्पू, नाटक या गद्य प्रबन्धों में उपलब्ध है इसलिए कहानी में कथा-तत्त्वों की खोज हिन्दी कहानी समीक्षा की नितान्त निजी कसौटी नहीं बन पाती। इसी तरह कथावस्तु के आरम्भ, मध्य, चरमबिन्दु और अवसान जैसे तत्त्व भी काव्य और नाट क में भी मिलते हैं इसलिए इन्हें भी कहानी की नई और स्वतन्त्र कसौटी मानने में कठिनाई होती है।

▶ नाट्यशास्त्र के प्रतिमान काव्यशास्त्र के भी प्रतिमान बन गये।

3.3.2 हिन्दी कहानी समीक्षा : उद्भव और विकास

कहानी जीवन के किसी छोटे मगर महत्वपूर्ण अंश की यथार्थ की भूमि पर चित्रित करने वाली विधा है। यथार्थ की शर्त एक स्वतन्त्र कसौटी हो सकती है क्योंकि अन्य साहित्यिक विधाओं में यथार्थ तत्त्व नहीं है। जीवन के यथार्थ अनुभव को ही वास्तविकता या यथार्थ की जमीन पर कहानियों के ज़रिए चित्रित किया जा सकता है। या कल्पित अनुभव से कहानी का काम नहीं चलता। अन्य साहित्यिक विधाओं में यथार्थ अपरिहार्य तत्त्व नहीं है। छोटी कहानी को स्लाईस ऑफ लाइफ कहा गया है। जीवन में अनन्त विस्तार में छोटे-छोटे क्षण अनगिनत संख्या में आते हैं और चले जाते हैं। इन क्षणों के बीच कोई भी क्षण कहानी का विषय बन सकता है यदि उसमें ज्यादा

▶ छोटी कहानी को स्लाईस ऑफ लाइफ कहा गया है।

से ज्यादा गहाराई की सम्भावना हो। मन की कोई छोटी से छोटी तरंग या स्वभाव या कोई बारीक टुकड़ा भी कहानी का विषय बन सकता है। छोटी-छोटी बुनियाद पर कला का सुन्दरतम प्रारूप तैयार करना कहानी में ही सम्भव है। इसलिए न्यूनतम या अल्पतम सामग्री से साहित्यिक रचना का निर्माण केवल कहानी में ही सम्भव है। सामग्री की यह न्यूनता साहित्य की किसी अन्य विधा में दिखाई नहीं देती। इसलिए विषयवस्तु की सीमा तक बारीक कर देना भी कहानी की एक कसौटी बन सकती है। अतएव स्थापित मूल्यांकन, विश्लेषण और आलोचना के क्रम में विद्वान ऐसा मानते हैं कि कहानी में एक वाक्य या एक शब्द भी चरम बिन्दु तक पहुँचने के लिए अनावश्यक नहीं होना चाहिए। अर्थात कहानी की बनावट का ढाँचा इतना कसा-कसा होना चाहिए कि किसी भी प्रकार का ढीलापन बर्दाश्त नहीं किया जाए। तलवार की धार पर चलना और घायल न होना या तनी हुई रस्सी पर इस प्रकार सन्तुलन बनाकर चलना, कि जमीन पर गिरे भी नहीं और इस प्रकार से उस पार आ जा सके कहानी की निर्माण कौशल की एक विशेषता मानी जाती है।

3.3.3 मोहन राकेश

- आत्मप्रकाशन मनुष्य की प्रबल प्रवृत्ति है, वह नाटक, उपन्यास, कहानी के साथ-साथ निबंध में भी अभिव्यक्ति पाती है।

